हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित
शुक्ल पक्ष प्रतिपदा विक्रम संवत 2080
• औरंगाबाद • शनिवार • 10 फरवरी 2024 • वर्ष 26 • अंक 61 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

पलामू जिलान्तर्गत
# पलामू पाईपलाईन सिंचाई योजना
का शिलान्यास

**₹456.6**
करोड़ पलामू पाईपलाईन सिंचाई योजना निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति

## योजना की संक्षिप्त विवरणी

उत्तरी कोयल, औरंगा एवं सोन नदी से आएगा जल

**कुल 31.397 MCM जल लिफ्ट होगा**

योजना से रानीताल डैम, टेमराईन डैम, बूटनडूबा डैम, मलय डैम, पोस्तिया नाला, पनघटवा डैम, कचहड़वाटाँड डैम, कुन्डलवा डैम, वाहेरवधवा नाला डैम, बतरे डैम, धनकई डैम, ताली डैम, सुखनदिया डैम, करमा कलन डैम तथा पाईपलाईन के मार्ग में पड़ने वाले अन्य छोटे-बड़े जलाशय, तालाब एवं आहर में पानी होगा एकत्रित

**पलामू जिलान्तर्गत चैनपुर, मेदिनीनगर, सतबरवा, विश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, हैदरनगर एवं मोहम्मदगंज प्रखण्ड होंगे लाभान्वित**

02 वर्ष में योजना पूर्ण करने का लक्ष्य

**श्री चम्पाई सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड
के कर-कमलों द्वारा



विशिष्ट अतिथि

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, झारखण्ड

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, झारखण्ड

गरिमामयी उपस्थिति

**श्री विष्णु दयाल राम**
माननीय सांसद, पलामू

**श्री आलोक कुमार चौरसिया**
माननीय विधायक, डाल्टेनगंज

**श्री रामचन्द्र सिंह**
माननीय विधायक, मनिका

**श्री रामचन्द्र चंद्रवंशी**
माननीय विधायक, बिश्रामपुर

**श्री कमलेश कुमार सिंह**
माननीय विधायक, हुसैनाबाद

**श्रीमती पुष्पा देवी**
माननीय विधायक, छतरपुर

दिनांक : **10 फरवरी, 2024** | समय : **11.30 बजे पूर्वाह्न**
स्थान : शिवाजी मैदान, डाल्टेनगंज, जिला-पलामू

PR No. 318531 / IPRD / 2023-24
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## संक्षिप्त समाचार

### पौष्टिक आहार व आयरन की गोली का करे सेवन -प्रभारी डा0 नवीन



**नारदीगंज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,नारदीगंज में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत शुक्रवार को गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा0 नवीन कुमार ने की। आयोजित शिविर में विभिन्न गांवों के 203 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य जांच की गई। इस कैंप में गर्भवती महिलाओं को खून की कमी से बचने के लिए संतुलित आहार और आयरन की गोली लेने की सलाह दी गई।इस शिविर में गर्भवती महिलाओं को एक महीने की दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध कराया गया।स्वास्थ्य जांच में आये गर्भवती महिलाओं को चिकित्सकों ने कहा निर्धारित समय पर जांच कराने संस्थागत प्रसव गर्भावस्था के दौरान होने वाले खतरे के गंभीर लक्षणों परिवार नियोजन, वाहन सुविधा, जननी शिशु सुरक्षा योजना की जानकारी दी गई। इस दौरान लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार,आशुतोष कुमार ने उपस्थित गर्भवती महिलाओं का रक्त जांच व पेशाब जांच का सैंपल लिया गया।कार्यक्रम में डा0 नीरज भारती,डा0 अजय कुमार, डाटा ऑपरेटर जितेन्द्र कुमार,स्वास्थ्य प्रबन्धक राहुल कुमार समेत अन्य चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

### पीएम आवास की राशि दूसरे के खाते में भेजने क़ो लेकर उपविकास आयुक्त से किया शिकायत

**नारदीगंज।** प्रखंड क्षेत्र के मसौढा निवासी संजय कुमार की पत्नी शोभा देवी ने उप विकास आयुक्त नवादा को आवेदन देकर पीएम आवास योजना की तीसरी किस्त की राशि को दूसरे के खाते में भेजे जाने की शिकायत किया है।शोभा देवी ने बताया कि मेरे नाम से पीएम आवास योजना के तहत आवास मिला था।मेरा आईडी नंबर 147155039 है।आवास निर्माण के लिए दो किस्त की राशि मेरे खाते में भेजा गया।तीसरा किस्त किसी दूसरे के खाते में भेज दिया गया।जिसकी वापसी के लिए मै कई बार बीडीओ साहब को आवेदन दे चुकी हूं।लेकिन आज तक हमारे खाते में राशि नहीं भेजा गया है।लाचार होकर हम उप विकास आयुक्त को आवेदन देकर अपने खाते में तीसरी किस्त की राशि भेजने का अनुरोध किया हूं।

### इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा शांतिपूर्ण जारी

**नवादा।** इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2024 के आठवां दिन जिले के सभी 37 केन्द्रों पर शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा चल रही है। प्रथम पाली में 62 परीक्षार्थियों के बदले 62 उपस्थित रहे एवं अनुपस्थित परीक्षार्थी की संख्या शून्य रही। द्वितीय पाली में 5237 परीक्षार्थियों के बदले 5148 परीक्षार्थी उपस्थित हुए और 89 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाये गए। जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संचालित हो रही इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2024 शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में हुई। कहीं से किसी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली है। दोनों पालियों में किसी भी परीक्षार्थी को निष्कासित नहीं है। आज विभिन्न केन्द्रों पर जोनल दंडाधिकारी, सुपर जोनल दंडाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा, रजौली तथा एसडीपीओ के द्वारा लगातार निगरानी किया गया। जिलाधिकारी का स्पष्ट निर्देश है कि केन्द्रों पर मुन्ना भाईयों पर पैनी नजर बनाये रखें। जिला नियंत्रण कक्ष से जिलाधिकारी लगातार सम्पर्क में रहे और आवश्यक निर्देश देते रहे। आज जिला नियंत्रण कक्ष में श्री सत्येन्द्र प्रसाद डीपीआरओ, श्री मुकुद्दीन डीपीओ शिक्षा, आरती रानी डीपीओ शिक्षा, सुशान्त कुमार सहायक अभियंता, सुनील कुमार आदि उपस्थित थे।

### अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त,प्राथमिकी दर्ज

**रजौली।** थाना क्षेत्र के बौढ़ी गांव में शुक्रवार की सुबह अवैध खनन में संलिप्त एक ट्रैक्टर को एसआई गौतम कुमार ने जब्त किया।वहीं ट्रैक्टर चालक सह मालिक भगाने में सफल रहे।थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार अभियान चल रहा है,लेकिन फिर भी बालू माफिया अपने हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं।प्रतिदिन अवैध तरीके से नदियों से बालू का खनन कर रहे हैं।जिससे सरकार के लाखों रुपए के राजस्व का चूना खनन माफियाओं के द्वारा लगाया जा रहा है।इसी बीच अवैध बालू खनन के खिलाफ रजौली थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी एसआई गौतम कुमार की अगुवाई में गुप्त सूचना पर बौढ़ी के नदी बालू घाट पर दल-बल के साथ कार्रवाई की गई।कार्रवाई के दौरान बौढ़ी के धनार्जय नदी बालू घाट से ले जा रहे अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर जब्त किया गया।हालांकि ट्रैक्टर के चालक सह मालिक फरार होने में सफल हो गए।थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि नदी घाट से बालू की चोरी की जा रही है।फलस्वरूप एसआई गौतम कुमार के नेतृत्व में टीम बनाकर कार्रवाई के लिए भेजा गया।जिसमें अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया है।उन्होंने कहा कि पुलिस को दूर आते देख ट्रैक्टर मालिक पहले तो ट्रैक्टर में रहे बालू को नदी में गिराने लगे।किन्तु पूरा बालू गिरने से पूर्व ही पुलिस को नजदीक आता देख ट्रैक्टर चालक भाग खड़ा हुआ।जिसका वीडियो रिकॉर्डिंग भी पुलिस पदाधिकारी द्वारा बनाया गया है।वहीं बालू लदे ट्रैक्टर को थाना परिसर में जब्त कर रखा गया है।इसकी सूचना खनन पदाधिकारी नवादा को दे दी गई है।खनन पदाधिकारी के निर्देशानुसार ट्रैक्टर मालिक सह चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

### 14 कस्तूरबा विद्यालयों में अब इंटर तक होगी पढ़ाई

**नवादा।** जिले के कस्तूरबा बालिका विद्यालयों में पढ़ने वाली छात्राओं के लिए अच्छी खबर है। अब उन्हें इंटर तक की पढ़ाई के लिए कहीं जाना नहीं होगा।इसी नए शैक्षणिक सत्र(2024-25) में जिले के सभी चौदह कस्तूरबा बालिका विद्यालयों में नौवीं से बारहवीं तक की पढ़ाई शुरू हो जाएगी। फिलहाल इन कस्तूरबा बालिका विद्यालयों में छात्राओं को आठवीं तक की पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध है। कस्तूरबा बालिका विद्यालयों में नौवीं से बारहवीं तक की पढ़ाई के लिए अब किसी दूसरे विद्यालयों में जाने के लिए या फिर पढाई छोड़ने की आवश्यकता नहीं होगी। अब उन्हें उसी विद्यालयों में पढ़ने की सुविधा प्रदान कर दी जायेगी। इसके साथ छात्रावास में 100 छात्राओं के लिए रहने की सुविधा मिलेगी। सबकुछ ठीक- ठाक रहा तो इसी शैक्षणिक सत्र में सुविधा उपलब्ध कराने की सारी तैयारियों की अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### चार न्यायालय वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**बेगूसराय।** बछवाड़ा थाना क्षेत्र के विभिन्न पंचायत के विभिन्न गांव में छापेमारी कर बछवाड़ा थाना की पुलिस ने चार न्यायालय वारंटी को उसके पैतृक घर से गिरफ्तार कर लिया । मामले को लेकर थानाध्यक्ष अमित कुमार कांत ने बताया कि गोविंदपुर तीन पंचायत के सूरो गांव निवासी दुलारचंद सहनी के पुत्र नन्की सहनी , गोविंदपुर तीन पंचायत के सूरो ओझा टोल गांव निवासी विशुनदेव चौधरी के पुत्र गोलू चौधरी,दादूपुर पंचायत के उसराही बिंद टोली गांव निवासी अकलू सिंह के पुत्र मनोहर सिंह व संतलाल सिंह को गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तार चारों अभियुक्त बछवाड़ा थाना का नामजद प्राथमिकी अभियुक्त है । नन्की सहनी , मनोहर सिंह व संतलाल सिंह के विरुद्ध अपने ही ग्रामीण के साथ मारपीट करने का मामला दर्ज है । वही गोलू चौधरी के विरुद्ध मारपीट व जानलेवा हमला करने का मामला दर्ज है । न्यायालय से फरार रहने के कारण न्यायालय द्वारा वारंट निर्गत किया गया था । जिसके तहत उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है । उन्होंने बताया गिरफ्तार चारों अभियुक्त को पूछताछ के उपरांत न्यायिक हिरासत बेगूसराय भेज दिया गया है ।

# बाइक की ठोकर से महिला की मौत, दो जख्मी, विम्स रेफर

निज संवाददाता। नवादा



शुक्रवार की सुबह सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से जख्मी हो गई तथा एक महिला बाल-बाल बच गई। घटना बाद ग्रामीणों ने चालक को अपने कब्जे में लेकर जमकर धुनाई कर दिया, जिससे वह भी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। सूचना बाद घटनास्थल पर पहुंची जिले के वारिसलीगंज थाना पुलिस ने काफी मशक्कत बाद चालक को ग्रामीणों के चंगुल से मुक्त कर इलाज के लिए पीएचसी में भर्ती कराया। घटना बाद ग्रामीणों ने वारिसलीगंज-पकरीबरावां पथ को वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के टाटी मिरबीघा गांव के पास शव को सड़क पर रख तथा सड़क पर अगजनी कर आवागवन वाधित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पकरीबरावां एसडीपीओ महेश कुमार चौधरी, वारिसलीगंज थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रूपेश कुमार सिन्हा तथा एसआई सुभाष कुमार ने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच सड़क जाम कर रहे लोगों को समझाने बुझाने का प्रयास किया, लेकिन किसी का कुछ नहीं चला। उसके बाद अशोक महतो, मोसमा पंचायत के पैक्स अध्यक्ष मनोज प्रसाद तथा मुखिया प्रतिनिधि अजीत यादव जाम स्थल पर पहुंच सड़क जाम कर रहे लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे। तत्पश्चात घटना के तीन घंटे बाद पहुंचे बीडीओ पंकज कुमार ने मृतक के परिजन को 20 हजार का चेक तथा सरकारी नियमानुसार मुआबजा दिलाने का आश्वासन देने तथा समाजसेवियों और पुलिस प्रशासन के अथक प्रयास बाद सड़क को जाम से मुक्त कराया गया। उसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है कि टाटी मिरबीघा गांव निवासी दयानंद तांती की 45 वर्षीय पत्नी रिन्कू देवी, शम्भू तांती की पत्नी रीता देवी, शिवदानी तांती की पत्नी आरती देवी तथा प्रीति देवी पड़ोस के गांव मोसमा से पीडीएस दुकान से अनाज लाने गई थी। राशन का उठाव कर सभी पैदल घर वापस लौट रही थी। लौटने के दौरान वारिसलीगंज-पकरीबरावां पथ पर स्थानीय थाना क्षेत्र के मोसमा मोड़ तथा टाटी मिरबीघा गांव के बीच एक बाइक सवार ने रिन्कू देवी, रीता देवी तथा आरती देवी में टक्कर मार दिया जिससे उक्त तीनों महिला जख्मी हो गई, जबकि प्रीति सड़क किनारे फेका गई। ग्रामीणों के सहयोग से तीनों घायल महिला को स्थानीय पीएचसी लाया गया, जहां चिकित्सकों ने रिन्कू देवी को जांचोपरान्त मृत घोषित कर दिया। आरती और रीता को प्राथमिक उपचार बाद बेहतर इलाज के लिए विम्स पावापुरी रेफर कर दिया।

**पीडीएस दुकान से अनाज का उठाव कर पैदल घर लौट रही थी मृतका व जख्मीः-** गांव में पीडीएस दुकान नहीं होने के कारण लगभग दो किलोमीटर की दूर मोसमा गांव से राशन का उठाव कर पैदल घर आ रही रिन्कू देवी, आरती देवी तथा रीता देवी को वाइक सवार ने टक्कर मार दिया, जिससे तीनों जख्मी हो गई। ग्रामीणों के सहयोग से उक्त तीनों महिला को स्थानीय पीएचसी लाया गया, जहां रिन्कू की मौत हो गई। वहीं जख्मी आरती तथा रीता को विम्स पावापुरी रेफर कर दिया गया।

**घटना के तीन घंटे बाद पहुंचे बीडीओः-** ग्रामीणों ने बताया कि घटना बाद तुरंत पुलिस प्रशासन तो घटनास्थल पर पहुंच गई, लेकिन महज तीन किलो मीटर की दूरी प्रखंड कार्यालय से बीडीओ पंकज कुमार को तीन घंटे का समय लग गया, जिससे अधिक देर तक सड़क जाम रहा। सड़क जाम कर रहे दर्जनों लोगों ने बताया कि बीडीओ का यह रवैया कोई पहली वार नहीं देखने को मिला है। इसके पूर्व शहीद चंदन चौक को लोगों द्वारा जाम किया गया था, उस समय भी बीडीओं कई घंटा बाद जाम स्थल पर पहुंचे थे, जिससे यह स्पष्ट होता है कि बीडीओ प्रखंड मुख्यालय में नहीं रहकर जिला मुख्यालय में रहते है।

# सरस्वती पूजा को लेकर अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक

## डीजे पर रहेगा प्रतिबंध

निज संवाददाता। बेगूसराय

शुक्रवार कि दोपहर बखरी अनुमंडल सभागार में सरस्वती पूजा को लेकर अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम सन्नी कुमार सौरभ ने की। बैठक में डीएसपी कुंदन कुमार भी मौजूद थे। एसडीएम सन्नी कुमार सौरभ ने उपस्थित लोगों से सरस्वती पूजा शांति पूर्वक मनाने कि अपील की। अनुमंडल पदाधिकारी ने स्पष्ट कर दिया कि पूजा व विसर्जन जुलूस में डीजे नहीं बजेगा। जुलूस में कोई धारदार हथियार नहीं रखेंगे। इन नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। डीजे को जब्त कर डीजे मालिक और पूजा लाइसेंसधारी पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही कहा कि पूजा में शांति भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कहीं भी किसी तरह की गड़बड़ी की सूचना तत्काल थाना को देने को कहा गया। साथ हीं सभी थानों अध्यक्षो को निर्देश दिया गया है। की निरोधात्मक करवाई का जो भी प्रस्ताव भेजना है। इसको जल्द से जल्द भेज दें। सभी थानों और प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है।की वो भी अपने अपने क्षेत्रों में शांति समिति की बैठक कर लें। पुलिस पदाधिकारियों और दंडाधिकारी की नियुक्ति पूर्वाभात प्रतिवेदन दो दिनों के अंदर अनुमंडल कार्यालय को उपलब्ध करा देने का भी निर्देश दिया गया हैं। सभी विसर्जन स्थलों पर जहां पानी गहरा है। या गहरा नही भी है।प्रशासन की तरफ से गोताखोर की व्यवस्था की जायेगी। जहां प्रवाह है।वहां पर नाव और नाविकों की भी व्यवस्था की जायेगी। साथ हीं नाव गश्ती की व्यवस्था की जायेगी। सभी थाना प्रभारी को निर्देश दिया गया है। की वो पहले सुनिश्चित करवाए की उनके क्षेत्राधिकार अंतर्गत जो भी विसर्जन जुलूस निकले वो पूर्व से हीं लाइसेंस प्राप्त कर निकले और सभी विसर्जन जुलूस पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बल की निगरानी में विसर्जित किया जाएगा। वहीं कहीं भक्तिमय जागरण के नाम पर अश्लील नृत्य या बार बालाओं के नृत्य का आयोजन होता है।

तो सूचना मिलने पर त्वरित रूप से करवाई करेंगे और संबंधित जो भी अनुज्ञप्ति प्राप्त करने वाले व्यक्ति होंगे उन पर करवाई करेंगे। मौके पर सभापति गीता कुशवाहा,जिला परिषद सदस्य अमित कुमार देव, धन्श्याम राय,बलराम कुशवाहा, मनोरंजन वर्मा,कमलेश कुमार, सुरेश यादव, मनोहर महतो, प्रभात कुमार,डा.अरूण,राजीव कुशवाहा, संतोष साह,नंद किशोर तांती, सुनील राय,शिव सहनी आदि थे।

# साप्ताहिक जनता दरबार में कई मामलों का हुआ निष्पादन



निज संवाददाता। नवादा

डीएम आशुतोष कुमार वर्मा के निर्देश के आलोक में चन्द्रशेखर आजाद अपर समाहर्त्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। आज जनता दरबार में 30 आवेदन आये जिसमें से आधे से अधिक आवेदनों को ऑन स्पॉट निष्पादन कर दिया गया। उन्होंने परिवादियों की समस्याओं को सुना और निवारण किया गया*। आज की जनता दरबार में आपूर्ति, भूमि विवाद, परिवहन, राजस्व, मद्य निषेध, भूअर्जन, पारिवारिक विवाद, अतिक्रमण, आईसीडीएस सेविका/ सहायिका बहाली आदि से संबंधित मामले आए। जनता दरबार में सभी आवेदनों को निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। सभी संबंधित विभाग को एक सप्ताह के अन्दर समस्याओं का समाधान कर प्रतिवेदित करने का निर्देश दिया गया। आज की जनता दरबार में श्री शशांक राज वरीय उपसमाहर्त्ता के साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 211 गर्भवती महिलाओं का किया गया जांच परिवार नियोजन सम्बन्धी दी गई जानकारी

निज संवाददाता। रजौली



अनुमंडलीय अस्पताल में शुक्रवार को स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान चलाया गया।इस दौरान परिवार नियोजन संबंधित जानकारियां भी दी गई।अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक डॉ दिलीप कुमार के नेतृत्व में अनुमंडलीय अस्पताल में 211 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई।चिकित्सकों की जांच टीम ने अस्पताल में चल रहे प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविर के दौरान जांच दूर-दराज के गांवों से आई गर्भवती महिलाओं का जांच कर रहन-सहन की जानकारी देते हुए,उनके खान पान पर विशेष ध्यान रखने का दिशा निर्देश दिया।साथ ही अस्पताल प्रबंधक मो इरशाद अहमद के द्वारा सभी गर्भवती महिलाओं को बन्द पैकेट में बालूशाही,समोसा,भुजिया व बिस्किट आदि नाश्ता के रूप में दिया गया।प्रभारी उपाधिक्षक ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान प्रत्येक माह के 9 तारीख को चलाया जाता है।उन्होंने यह भी कहा कि अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व रहन सहन के बारे में बताया जाता है।महिलाओं को आयरन की गोलियां देकर उचित खान पान के बारे में बताया जाता है।अस्पताल में चलाए जा रहे प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के दौरान लगभग 211 महिलाएं अस्पताल पहुंच कर स्वास्थ्य लाभ उठाई।शिविर में आई सभी गर्भवती महिलाओं का कोरोना टेस्ट रैपिड एंटीजन कीट से किया गया।साथ ही ब्लड के विभिन्न प्रकार की जांच किया गया एवं सभी महिलाओं के स्वास्थ्य जांच कर उचित दवाईयां दी गई।

सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं का लाभ के बारे में संपूर्ण जानकारी दी गई।प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविर के दौरान अनुमंडलीय अस्पताल के जांच टीम में डॉ श्याम नन्दन प्रसाद,डॉ स्नेहल,डॉ श्रेष्टया चौरसिया,लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार,परिवार नियोजन परामर्शदाता राकेश कुमार,जीएनएम अनिल पासवान,आशा खेस के अलावे दर्जनों जीएनएम व एएनएम छात्राएं मौजूद थी।

# लोहियानगर से गायब दो नाबालिक लड़की को पुलिस ने किया बरामद

निज संवाददाता। बेगुसराय




बेगुसराय लोहियानगर ओ०पी० अन्तर्गत गायब हुए दो नाबालिग लड़कियों को 24 घंटे के अंदर खगड़िया स्टेशन से पुलिस ने किया सकुशल बरामद। परिजनों को सौंपा। घटना का विवरणः- दिनांक 08.02.24 को समय करीब 01:30 बजे लोहियानगर ओ०पी० को सूचना मिली कि 02 लड़कियाँ जो रिवर वैली स्कूल पढने गयी थी जो स्कूल से निकली परन्तु घर वापस नही लौटी है। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस अधीक्षक बेगूसराय के निर्देशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर, बेगूसराय एवं लोहियानगर ओ०पी० अध्यक्ष के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए लड़कियों की बरामदगी हेतु जाँच / छानबीन करना प्रारंभ किया गया। छानबीन के क्रम में आज सुबह सूचना मिली कि दो लड़कियों को खगड़िया स्टेशन के पास देखा गया है। तत्पश्चात खगड़िया R.P.F के सहयोग से दोनों नाबालिग लडकियों को पहचान कराते हुए खगड़िया स्टेशन से सकुशल बरामद किया गया तथा दोनों को लोहियानगर ओ०पी० लाया गया। दोनों लड़कियों से पुछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि स्कूल से निकल कर दोनो बेगूसराय स्टेशन गये। डॉट-फटकार की वजह से ट्रेन पकड़ कर खगड़िया की ओर चले गये थे। तत्पश्चात दोनों नाबालिग लड़कियों के परिजनों को बुलाकर उन्हें सुपुर्द किया गया।

# यूको बैंक औगान स्थित जन शिक्षण संस्थान परिसर में प्रतिभा खोज परीक्षा का हुआ आयोजन

निज संवाददाता। बेगुसराय



भगवानपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत यूको बैंक औगान स्थित जन शिक्षण संस्थान परिसर में शुक्रवार को औगान निवासी भूत पूर्व सरपंच राम उदगार चौधरी के आईआईटीएन पुत्र पवन कुमार चौधरी के सौजन्य से प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें एलिट इंटरनेशनल स्कूल औगान, सेंट माइकल पब्लिक स्कूल रसलपुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय औगान सहित विभिन्न स्कूलों में पढ़ने वाले सातवी क्लास से लेकर नौवीं क्लास तक के 35 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। जिसमे परीक्षा में सफल होने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार पाने वाले बच्चो में स्लेहा हसन,सोनू कुमार गोलू कुमार, मोनाली कुमारी, अमन कुमार आदि शामिल थे।परीक्षा को लेकर बच्चो में खासा उत्साह देखा गया। आईआईटीएन पवन कुमार चौधरी ने बताया की ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभा की खोज के लिए यह प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।गरीब बच्चो को एक मंच देने के लिए कृत्वांकल्पित है।आर्थिक रूप से कमजोर होनहार प्रतिभा वाले बच्चो को छात्रवृति, पुस्तक सहित अन्य सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।मौके पर शिक्षक प्रवीण कुमार,कन्हैया कुमार,राहुल कुमार, बच्चो के अभिभावक प्रह्लाद कुमार,मुकेश कुमार सहित आदि उपस्थित थे।

# सासाराम में ऐतिहासिक होगा राहुल गांधी का भारत जोड़ो न्याय यात्राारः मनीष चैबे

निज संवाददाता। सासाराम

बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सह सासाराम लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी मनीष कुमार चैबे के नेतृत्व मे भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर शहर वासियों से सीधे जुड़ने के लिए डोर टू डोर और ऑनलाइन दोनों तरफ से अभूतपूर्व अभियान युवा कांग्रेस ने शुरू किया है सासाराम और उसके आसपास के विभिन्न गांव में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को सासाराम में चलने का और कार्यक्रम को सफल बनाने का आवाहन किया है कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राहुल गांधी ने 14 जनवरी को मणिपुर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत की है उनकी यह यात्रा युवाओं ,किसानों, मजदूरों ,महिलाओं ,दलितों, आदिवासियों ,और कमजोर तबके के लोगों को न्याय दिलाने का है भारत जोड़ो न्याय यात्रा औरंगाबाद होते हुए 15 फरवरी को रोहतास जिले के डेहरी ऑन सोन यात्रा पहुंचेगी और फिर यात्रा 16 फरवरी को सासाराम होते हुए कैमूर में प्रवेश कर जाएगी युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव मनीष कुमार चैबे ने कहा की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से लोगों का झुकाव कांग्रेस के तरफ बढ़ा है साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही देश को ऐसी सरकार दे सकती है जिसमें देश के सभी वर्गों का समुचित सम्मान और सुलभ शासन मिल सकता है आज देश में बेरोजगारी महंगाई भुखमरी भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है और देश सांप्रदायिक शक्तियों के हाथ में सिमट कर रह गई है मोदी सरकार के इन्हीं गैर जिम्मेदाराना व्यवस्थाओं के खिलाफ में राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकला है।

# बखरी की छात्रा प्रज्ञा प्रांज्जल ने एमटीएस परीक्षा में सफलता हासिल की

निज संवाददाता। बेगूसराय

बखरी नगरपरिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 13की छात्रा प्रज्ञा प्राञ्जल को एमटीएस एक्जाम में बडी सफलता मिली है। कैटिगरी वन सामान्य श्रेणी में अखिल भारतीय स्तर पर उसे 253वां रैंक हासिल हुआ है। बखरी की बेटी अब दिल्ली के ईडी दफ्तर में अपनी सेवा देगी। पूर्व पार्षद व भाजपा नेता सिधेश आर्य की ज्येष्ठ पुत्री प्रज्ञा ने सरस्वती शिशु मंदिर से अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की। वहीं आर्दश कोचिंग सेन्टर व एमबीडीआई रामपुर से रूपवती महिला महाविद्यालय,भागलपुर से उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त की। बखरी जैसे कस्बाई शहर से निकल कर महत्वपूर्ण मुकाम हासिल करने वाली छात्रा प्रज्ञा प्राञ्जल की इस सफलता पर श्रीविश्वबंधु पुस्तकालय के अध्यक्ष प्रो सुरेन्द्र केसरी, उपाध्यक्ष पवन कुमार सुमन, पूर्व अध्यक्ष जयदेव सान्याल, सचिव प्रिंस सिंह परमार,जन पहल के संयोजक विकास वर्मा,जद(यु) नेता जवाहर राय, भाजपा नगर अध्यक्ष अमरनाथ पाठक,



अभाविप नेता अनुभव आनंद,मणीश कुमार, कृष्कांधा, अनुराग केसरी,तैलिक वैश्य संघ के अध्यक्ष अजय साह, महामंत्री हीरा कुमार साह,पूर्व मंत्री अरविंद साह,विकास कुमार, होम्योपैथ चिकित्सक अमित कुमार आदि ने बधाई देते हुए कहा है कि यह सम्पूर्ण बखरी के लिए गर्व का विषय है। विभिन्न सोशल साइट्स पर उन लोंगो ने अपनी प्रतिक्रियाएं देते हुए कहा कि बेटियां अब हर क्षेत्र में आगे बढ़कर रही है,यह प्रज्ञा ने साबित किया है।

### उप मुखिया पर लगा अविश्वास प्रस्ताव खारिज

निज संवाददाता। बेगूसराय

मंसूरचक प्रखंड क्षेत्र के गोविंदपुर एक पंचायत के उप मुखिया के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव शुक्रवार को खारिज हो गया.इस संबंध में पंचायत सचिव मनीष कुमार ने बताया कि तीन फरवरी को कुल 9 में से 5 वार्ड सदस्यों ने आवेदन देकर उप मुखिया दिलीप सदा पर अविश्वास लगाया था.उन्होंने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर शुक्रवार को पंचायत सरकार भवन में अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग कराई गई.वोटिंग में प्रस्ताव के पक्ष में 4 जबकि विपक्ष में 5 मत आए.इस तरह से अविश्वास प्रस्ताव खारिज हो गया और उप मुखिया का पद बरकरार रहा।मतदान में मुखिया राजीव पासवान ने भी हिस्सा लिया जबकि एक वार्ड सदस्य अनुपस्थित रहा.

Page 11

खेल



आइस पैलेस में पट्टिका लगाकर नीरज को किया सम्मानित, पर्यटकों को चोपड़ा ने दिया अपना भाला

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 09

देश



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी पहुंचकर लिया स्थिति का जायजा

मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष प्रतिपदा विक्रम संवत 2080

• औरंगाबाद • शनिवार • 10 फरवरी 2024 • वर्ष 26 • अंक 61 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 63, 160 | ₹75,000 |



## आज का इतिहास

- 1931 : नयी दिल्ली भारत की राजधानी बनी।
- 2009 : प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक पंडित भीमसेन जोशी को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारतरत्न से सम्मानित किया गया।

## न्यूज बाइट्स

### ठंड कम होते ही मधुमक्खियों को मिली राहत

**पटना(नि.सं.)।** पटना, कार्यालय संवाददाता। ठंड का असर कम होते ही मधुमक्खियों को बड़ी राहत पहुंची है। मधुमक्खियां दिन में कोहरा नहीं रहने और धूप खिलने से अपने घर से बाहर निकलने लगी हैं। इन्हें भरपूर भोजन मिल रहा है। इससे मधुमक्खी पालकों के चेहरे खिल गए हैं। उन्हें अब चीनी का घोल नहीं देना पड़ रहा है। मधुमक्खी पालकों में उम्मीद जगी है कि अगले कुछ दिनों में पुरवइया चलने पर शहद भी बनने लगेगी। अभी पछुआ के कारण सरसों के फूल का रस सूख जा रहा है। पिछले दिनों लगातार धूप नहीं निकलने और शीतलहर के कारण लाखों मधुमक्खियों ने दम तोड़ दिया।

### जमीन विवाद में कुल्हाड़ी से चार लोगों को काटा, तीन की मौत

**गुमला(झारखंड)(नि.सं.)।** झारखंड के गुमला जिले के सिसई के सकरौली गांव में चार लोगों को कुल्हाड़ी (टांगी) से काट दिया गया है। इससे तीन लोगों की मौत हो गयी है, जबकि एक की हालत नाजुक है। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ये घटना करीब ढाई बजे की है। जमीन विवाद में इस वारदात को अंजाम दिया गया है। इसकी जानकारी पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गयी है। मृतकों में नागेश्वर साहू (63 वर्ष), सुंदरू साहू उर्फ मुन्ना साहू (60 वर्ष) व पवन कुमार साहू (35 वर्ष) शामिल हैं। विकास कुमार साहू पिता सुंदरू साहू गंभीर रूप से घायल है, जिसे इलाज के लिए रिम्स ले जाया गया है। इधर, पुलिस ने हत्या के आरोपी नंदकिशोर साहू (57 वर्ष) और उसके बेटे सतेंद्र साहू (35 वर्ष) व शिवकुमार साहू (22 वर्ष) को घटनास्थल से गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ ही हत्या में प्रयुक्त दो टांगी को भी जब्त कर लिया है।

# किसानों को उपज का सही मूल्य मिले, उनकी समृद्धि बढ़ाने के प्रयास हों तेज : राष्ट्रपति

**एजेंसी** | नयी दिल्ली



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने किसानों की गरीबी की स्थिति को रेखांकित करते हुए शुक्रवार को कहा कि उनको उसकी उपज का सही मूल्य दिलाने और उनकी समृद्धि बढ़ाने के प्रयास अधिक तेज करने की जरूरत पर बल दिया। श्रीमती मुर्मु ने सरकार द्वारा इस दिशा में उठाए गए विभिन्न कदमों का उल्लेख करते हुए विश्वास जताया कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को पूरने की यात्रा में देश का किसान अग्रदूत होगा। राष्ट्रपति यहां भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर) के 62वें दीक्षांत समारोह में दीक्षांत भाषण दे रही थीं। उन्होंने कहा कि हम सब किसान एवं कृषि संबंधी समस्याओं से अवगत हैं। हमारे कितने ही किसान भाई-बहन आज भी गरीबी में जीवन-यापन कर रहे हैं। किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य मिले, वह अभावग्रस्त जीवन से समृद्धि की ओर बढ़े, इस दिशा में हमें और भी तत्परता से आगे बढ़ाना होगा।

राष्ट्रपति ने कहा कि मुझे पूर्व विश्वास है कि कि वर्ष 2047 में जब भरत विकसित राष्ट्र बन कर उभरेगा, तब भारत का किसान इस यात्रा का अग्रदूत होगा।

उन्होंने कहा कि सरकार ने सभी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में काफी वृद्धि की है ताकि किसानों को आय सुरक्षा प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा कि जैविक खेती को बढ़ा देने से मृदा-स्वास्थ्य में सुधार हुआ है। किसान सम्पदा योजना से देश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ किसानों को बेहतर मूल्य पाने में सहायता मिलेगी और यह किसानों की आमदनी दोगुना करने दिशा में एक बड़ा महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार किसानों की आय को बढ़ाने, नवीन कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए, सिंचाई व्यवस्था सुचारु रूप से उपलब्ध करने के लिए सकरार बहुत तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने इसी संदर्भ में मृदा स्वास्थ्य कार्ड और फसल बीमा योजना का भी उल्लेखनीय किया।

कृषि क्षेत्र के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि ऐसा कहा जाता है कि किसान के हल की नोक से खींची गयी रेखा सभ्यता के पूर्व के समाज और विकसित समाज के बीच की रेखा है। किसान न केवल विश्व के अन्नदाता हैं ,बल्कि सही अर्थों में जीवनदाता हैं। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि भारत को खाद्य सुरक्षा प्राप्त करने में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान का योगदान अद्वितीय है। उन्होंने कहा कि इस संस्थान ने न केवल कृषि से संबंधित अनुसंधान एवं विकास कार्यों को कुशलतापूर्वक किया है, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया है कि ऐसे अनुसंधान जमीन पर दिखें। उन्होंने कहा, "यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि संस्थान ने 200 से अधिक नई प्रौद्योगिकियां विकसित की हैं। आईएआरआई ने 2005 और 2020 के बीच 100 से अधिक किस्में विकसित की हैं और इसके नाम पर 100 से अधिक पेटेंट हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत में एक बड़ी आबादी का जीविकोपार्जन खेती से होता है। भारत की सकल घरेलू उत्पाद में कृषि का भी महत्वपूर्ण योगदान है। इसलिए यह सुनिश्चित करना काफी आवश्यक है कि हमारी अर्थव्यवस्था का यह आधार यथासंभव बढ़े और इसमें किसी तरह की कोई बाधा न आए।

# खरीदारी के बाद 45 दिनों की भुगतान अनिवार्यता से एमएसएमई परेशान

- **एमएसएमई के मुताबिक आगामी एक अप्रैल से यह नियम लागू हो रहा है और अगर इस साल 31 मार्च तक वे खरीदारी का भुगतान नहीं करते हैं तो खरीदारी की रकम उनकी आय मानी जाएगी और उन्हें 30 प्रतिशत तक का टैक्स देना पड़ सकता है।**

**एजेंसी** | नई दिल्ली

चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए पिछले साल एक फरवरी को पेश बजट में एमएसएमई की कार्यशील पूंजी (वर्किंग कैपिटल) की समस्या को दूर करने के लिए 45 दिनों के भीतर खरीदारी के भुगतान को अनिवार्य करने का नियम लाया गया था। इस नियम के तहत अगर 45 दिनों के भीतर खरीदारी का भुगतान नहीं किया गया तो वह रकम खरीदार की आय में जुड़ जाएगी और उन्हें उस पर टैक्स भरना होगा।

### एक अप्रैल से लागू होगा नियम

एमएसएमई के मुताबिक आगामी एक अप्रैल से यह नियम लागू हो रहा है और अगर इस साल 31 मार्च तक वे खरीदारी का भुगतान नहीं करते हैं, तो खरीदारी की रकम उनकी आय मानी जाएगी और उन्हें 30 प्रतिशत तक का टैक्स देना पड़ सकता है। अब एमएसएमई इस नियम में बदलाव चाहते हैं। खासकर टेक्सटाइल इंडस्ट्री से जुड़े एमएसएमई भुगतान नियम में 45 दिन की जगह 90 दिनों की मोहलत चाहते हैं। इस संबंध में गारमेंट व्यापारियों ने केंद्रीय एमएसएमई मंत्री से भी मुलाकात की है। फेडरेशन ऑफ इंडियन माइक्रो, स्माल एंड मीडियम इंटरप्राइजेज (फिस्मे) का कहना है कि यह बात सही है कि एमएसएमई से खरीदारी का समय 45 दिन से अधिक हो गया है और उनका भुगतान नहीं हुआ है तो 31 मार्च के बाद खरीदारी की रकम उस खरीदार के बैलेंस शीट में आय के रूप में दर्ज हो जाएगी और उन्हें टैक्स भी देना पड़ेगा, लेकिन बाद में उस खरीदारी की रकम का भुगतान कर देने पर खरीदार अगले साल सरकार से टैक्स की रकम रिफंड के रूप में वापस ले सकते हैं। फिस्मे के महासचिव अनिल भारद्वाज के मुताबिक सरकार के इस नियम से उद्यमियों में चिंता जरूर हो गई है, लेकिन सरकार ने रकम लौटाने के बाद टैक्स की वापसी का प्रविधान भी अपने नियम में रखा है। एमएसएमई एक दूसरे से सामान खरीद कर अपना उत्पादन करते हैं, इसलिए सभी एमएसएमई इस नियम से प्रभावित हो रहे हैं। सरकार ने एमएसएमई को किए जाने वाले भुगतान में देरी की समस्या को दूर करने के लिए चालू वित्त वर्ष के बजट में यह प्रविधान लाया था। चूंकि एमएसएमई अपने भुगतान की समस्या को दूर करने की सरकार से लगातार मांग कर रहे थे।

# अपराधियों ने फाइनेंस कंपनी के कर्मियों को बंधक बनाकर लूटे आठ लाख रूपये

**निज संवाददाता** | गया

बिहार के गया जिला के खिजरसराय धूरा पर स्थित एक फाइनेंस कंपनी से अपराधियों ने शुक्रवार की सुबह में 8 लाख से अधिक रुपये लूट कर फरार हो गए। शुक्रवार को हुई इस घटना के बाद हड़कंप मच गया है। यह घटना खिजरसराय थाना क्षेत्र की है। आस पास के लोगों का कहना है कि बाइक सवार चार हथियारबंद अपराधियों नेपूरी घटना को अंजाम दिया है।

### फाइनेंस कंपनी के खुलते ही दिया घटना को अंजाम

पुलिस के अनुसार फाइनेंस कंपनी के खुलते ही सुबह 10 बजकर 5 मिनट के आसपास अपराधी फाइनेंस कंपनी में घुस गए। फाइनेंस कंपनी के गार्ड और कर्मियों को हथियार का भय दिखाकर अपने उनको अपने कब्जे में ले लिया। फिर बाथरूम में सबको बंद कर दिया। इसके बाद करीब सात मिनट में बदमाशों ने सारा पैसा लूट लिया। लूटपाट की पूरी तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। स्थानीय सूत्रों का कहना है कि करीब 8 लाख 46 हजार रुपये की लूटकर अपराधी फरार हो गए। शुक्रवार (9 फरवरी) को हुई इस घटना के बाद हड़कंप मच गया है। यह घटना खिजरसराय थाना क्षेत्र की है। आस पास के लोगों का कहना है कि बाइक सवार चार हथियारबंद अपराधियों ने पूरी घटना को अंजाम दिया है। इस घटना की सूचना मिलने के बाद खिजरसराय थाने की पुलिस और निमचक बथानी एसडीपीओ मौके पर पहुंची। उनका कहना है कि अपराधियों ने प्रवेश करते ही गार्ड के साथ साथ अन्य कर्मियों को भी बंधक बना लिया गया। फिर फाइनेंस कंपनी के 8 लाख 46 हजार रुपये लूट कर सभी फरार हो गए। पुलिस फाइनेंस कंपनी के कर्मियों और गार्ड से पूछताछ की जा रही है। लूट की घटना के बाद बदमाशों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है।

कोल्हान को 'अबुआ आवास योजना' की सौगात

# गरीबों के साथ न हो अन्याय : चंपाई सोरेन

**निज संवाददाता** | रांची



झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने शुक्रवार (9 फरवरी) को कोल्हान प्रमंडल के तीन जिलों को अबुआ आवास योजना की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने पहले चरण में 24,827 लाभुकों के बैंक अकाउंट में 74.48 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए। साथ ही अधिकारियों को नसीहत दी कि आवेदन के अनुरूप ही लाभुकों का चयन हो। किसी गरीब के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि गरीबों को योजनाओं का लाभ दिलाने में अपनी भूमिका निभाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना में किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए, यह अधिकारी सुनिश्चित करें। चंपाई सोरेन ने केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर भी जमकर निशाना साधा। जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में आयोजित अबुआ आवास योजना स्वीकृति पत्र वितरण समारोह को संबोधित करते हुए चंपाई सोरेन ने कहा कि झारखंड को सजाना-संवारना हमारा काम है। हेमंत बाबू के जेल जाने के बाद जो काम अधूरे रह गए हैं, उसे हम पूरा करेंगे।

चंपाई सोरेन ने कहा कि गठबंधन की सरकार पाइपलाइन के जरिए झारखंड में खेतों तक पानी पहुंचाएगी। खेतों में अब 12 महीने पानी मिलेगा। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर में अगर डिमना लेक का पानी 10 तल्ला मकान तक पहुंच सकता है, तो किसानों के खेत तक पानी क्यों नहीं पहुंच सकता। हम स्वर्णरेखा, खरकई के पानी को खेतों तक पहुंचाएंगे।

### समयसीमा में पूरी होंगी सभी योजनाएं

उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की सभी योजनाएं समयसीमा के अंदर पूरी होंगी। राज्य में भाईचारा और बंधुत्व का भाव बढ़ेगा। आंदोलनकारियों के त्याग से झारखंड बना है, हम सबको मिलकर इसको संवारना है। आवास योजना के लक्ष्य को हासिल करना है।

# 15 से 23 फरवरी तक होगी मैट्रिक की परीक्षा

- **जूता-मोजा पहनकर नहीं जा सकेंगे स्टूडेंट्स**

**निज संवाददाता** | पटना

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने मैट्रिक परीक्षा में जूता-मोजा पहनने पर रोक लगा दी है। इंटर परीक्षा में ठंड की वजह से जूता-मोजा पहनने की छूट दी गई थी। लेकिन, अब मौसम ठीक होने की वजह से मैट्रिक परीक्षा में इसपर रोक रहेगी। परीक्षा 15 फरवरी से होनी है, जो 23 फरवरी तक चलेगी। दो पालियों में परीक्षा होगी।

आधा घंटा पहले केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य है। ठीक आधा घंटा पहले गेट बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं रहेगी। इंटर की परीक्षा में कई छात्र-छात्राओं को प्रवेश नहीं दिया गया था। इसके बाद कुछ छात्र दीवार फांदकर प्रवेश कर गए थे। वैसे परीक्षार्थियों पर एफआईआर की जाएगी। दो साल के लिए परीक्षा से वंचित कर दिया जाएगा, इसलिए केंद्र पर एक घंटा पहले पहुंचें।

### 1 हजार 528 केंद्रों पर 16 लाख परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

परीक्षा में करीब 16 लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसके लिए 1 हजार 585 सेंटर बनाए गए हैं। बोर्ड ने कहा है कि पहली पाली की परीक्षा 9:30 बजे से होगी। इसके लिए नौ बजे तक ही प्रवेश दिया जाएगा। दूसरी पाली की परीक्षा दो बजे से होगी, जिसके लिए 1:30 बजे तक ही प्रवेश दिया जाएगा। इसके बाद प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षा सेंटर का गेट अब परीक्षा शुरू होने के एक घंटा पहले ही खोल देना होगा। सभी परीक्षार्थियों को जांच के बाद सेंटर के अंदर प्रवेश दिया जाएगा।

# लैंड फॉर जॉब केस : राबड़ी-मीसा-हेमा को अंतरिम जमानत

**निज संवाददाता** | पटना



लैंड फॉर जॉब केस में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट से लालू परिवार को बड़ी राहत मिली है। राबड़ी देवी, मीसा भारती, हेमा यादव, अमित कात्याल और हृदयानंद चौधरी को कोर्ट ने एक लाख के बेल बॉन्ड पर अंतरिम जमानत दी है। अब अगली सुनवाई 28 फरवरी को होगी। वहीं ईडी ने कोर्ट से आरोपियों द्वारा दायर नियमित जमानत याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा है। इससे पहले राबड़ी, मीसा और हेमा यादव तीनों एक ही गाड़ी से दिल्ली स्थिति मीसा भारती के घर से कोर्ट के लिए रवाना हुए थे। इससे पहले नौकरी के बदले जमीन मामले में आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव और बेटे तेजस्वी यादव ने ईडी मैराथन पूछताछ कर चुकी है। 29 जनवरी को ईडी की विशेष टीम ने पटना के गांधी मैदान इलाके में मौजूद जोनल कार्यालय में लालू यादव से करीब 10 घंटे तक पूछताछ की थी। लालू प्रसाद से पूछा गया कि कितने लोगों से जमीन लेकर रेलवे में किन पदों पर कहां-कहां नौकरी दी गई है। ईडी उनके खिलाफ राउज एवेन्यू कोर्ट में दायर 4751 पन्नों की चार्जशीट के अलावा हृदयानंद चौधरी के स्वीकृति बयान को भी साथ लेकर आई थी। जिसे दिखाकर भी सवाल पूछे गए और फिर 30 जनवरी को पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव से भी ईडी ने करीब साढ़े आठ घंटे तक पूछताछ की। ईडी ने तेजस्वी से 65 से ज्यादा सवाल पूछे। इनमें उनके नाम से दिल्ली एवं पटना में मौजूद संपत्ति से लेकर उनके निदेशक मंडल वाली निजी कंपनी में निवेश से जुड़े सवाल शामिल थे।

# चौधरी चरण सिंह, नरसिम्हा राव और एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न



**एजेंसी** | नई दिल्ली

पीएम मोदी ने शुक्रवार को बड़ा एलान किया है। एक ही दिन में देश की तीन हस्तियों को भारत रत्न से सम्मानित करने की घोषणा की गई है। पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह, नरसिम्हा राव और हरित क्रांति के जनक एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न मिलेगा।

### चरण सिंह की प्रतिबद्धता से देश प्रेरित

मोदी ने एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा है कि हमारी सरकार का यह सौभाग्य है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जा रहा है। यह सम्मान देश के लिए उनके अतुलनीय योगदान को समर्पित है। उन्होंने किसानों के अधिकार और उनके कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था। उन्होंने ये भी लिखा कि वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हों या देश के गृहमंत्री और यहां तक कि एक विधायक के रूप में भी, उन्होंने हमेशा राष्ट्र निर्माण को गति प्रदान की। वे आपातकाल के विरोध में भी डटकर खड़े रहे। हमारे किसान भाई-बहनों के लिए उनका समर्पण भाव और इमरजेंसी के दौरान लोकतंत्र के लिए उनकी प्रतिबद्धता पूरे देश को प्रेरित करने वाली है।

### नरसिम्हा राव ने की देश सेवा

पीएम ने अपनी अगली पोस्ट में लिखा कि नरसिम्हा राव ने एक प्रतिष्ठित विद्वान और राजनेता के रूप में विभिन्न क्षमताओं में भारत की बड़े पैमाने पर सेवा की। पीएम ने ये भी लिखा कि प्रधानमंत्री के रूप में नरसिम्हा राव का कार्यकाल महत्वपूर्ण उपायों के लिए याद किया जाएगा। उनके कार्यकाल में भारत को वैश्विक बाजारों के लिए खोल दिया गया था, जिससे आर्थिक विकास के एक नए युग को बढ़ावा मिला।

### हरित क्रांति के जनक को भी भारत रत्न

देश में हरित क्रांति के जनक कहने जाने वाले एमएस स्वामीनाथन को भी भारत रत्न देने का एलान किया गया है। पीएम ने पोस्ट में लिखा कि भारत सरकार कृषि और किसानों के कल्याण में हमारे देश में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. एमएस स्वामीनाथन जी को भारत रत्न से सम्मानित कर रही है। उन्होंने चुनौतीपूर्ण समय के दौरान भारत को कृषि में आत्मनिर्भरता हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और भारतीय कृषि को आधुनिक बनाने की दिशा में उत्कृष्ट प्रयास किए।

**भारत रत्न भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है, जो कला, साहित्य और विज्ञान के क्षेत्र में असाधारण सेवा के लिए दिया जाता है।**

» भारत रत्न के तौर पर एक ताम्र पदक दिया जाता है। पीपल के पत्ते के आकार के ताम्र पदक पर प्लेटिनम का चमकता सूर्य बना होता है, जिसके नीचे चांदी से भारत रत्न लिखा रहता है।

» भारत रत्न पुरस्कार देने की शुरुआत 1954 में हुई थी। अब तक 48 हस्तियों को यह सम्मान दिया जा चुका है।

» सबसे पहले सी. राजगोपालाचारी, सीवी रमन और एस. राधाकृष्णन को पुरस्कृत किया गया था।

» खिलाड़ियों में सिर्फ सचिन तेंडुलकर को यह पुरस्कार मिला है।

» विदेशी मूल के तीन लोगों को भी यह सम्मान दिया जा चुका है। इनमें मदर टेरेसा, खान अब्दुल गफ्फार खान और नेल्सन मंडेला शामिल हैं।

» 18 अगस्त 2019 को पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को भारत रत्न दिया गया था। अब तक पांच राष्ट्रपतियों को यह पुरस्कार दिया जा चुका है।,

» सुभाष चंद्र बोस को मरणोपरांत भारत रत्न देने का ऐलान हुआ था।



## संक्षिप्त समाचार

### अनुमण्डल स्थापना दिवस पर आयोजित होगी कार्यक्रम

**टिकारी।** अनुमण्डल प्रशासन द्वारा आज यानी शुक्रवार को 29वां अनुमण्डल स्थापना दिवस व सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। एसडीएम सुजीत कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि अनुमण्डल स्थापना के 29 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह व सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर एक शाम शहीदों के नाम सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत अनुमण्डल प्रशासन व अनुमण्डल बनाओ संघर्ष समिति से जुड़े सदस्यों के संयुक्त नेतृत्व में टिकारी डाकबंगला से अनुमण्डल कार्यालय तक प्रभात फेरी का आयोजन कर किया जाएगा। श्री कुमार ने यह भी बताया कि अनुमण्डल कार्यालय परिसर में पौधारोपण, रंगोली प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा टिकारी राज इंटर स्कूल के सभागार में सम्मान समारोह व एक शाम शहीदों के नाम सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में अनुमण्डल प्रशासन के पदाधिकारी व प्रबुद्धजन शामिल होंगे।

### रांची की 4 महिला चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गया।** विष्णुपद थाना क्षेत्र के घुघरीटांड बाईपास खरीददारी करने आई महिला का पैसा चोरी कर भाग रही चार महिला चोर को पकड़ा गया है। इनके पास से चोरी का 19 हजार 400 रुपए भी बरामद किया गया है। पकड़ी गई चारों महिलाएं रांची के नामकुम रेलवे स्टेशन कोरियावल्टी की रहने वाली है। पुलिस के अनुसार बोधगया थाना क्षेत्र के भदेजी की रहने वाली कमला देवी शादी का सामान खरीदने आई थी। खरीददारी के क्रम में ही चार महिलाएं उसके चारों ओर खड़ी हो गई और पर्स में रखे रुपये निकाल कर भागने लगी। कमला देवी के शोर मचाने पर लोगों ने चारों महिलाओं को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़ी गई महिलाएं आरती कुमारी, भारती कुमारी, निशा कुमारी व चंदा कुमारी है।

### वजीरगंज में सामुदायिक भवन का छत गिरा, एक बच्चे की मौत

**वजीरगंज।** सहिया गांव के महादलित टोले में गुरुवार की दोपहर एक जर्जर सामुदायिक भवन का एक हिस्सा अचानक गिर गया, जिससे दबकर एक स्थानीय बच्चे की मौत हो गयी। मृतक 9 वर्षीय सोहित कुमार के पिता उपेन्द्र मांझी ने बताया कि वह सामुदायिक केन्द्र के निकट खेलने ने गया था और पेशाब करने के लिये अपने दो साथियों के साथ बगल के गली में गया। उसी समय जर्जर सामुदायिक भवन भरभराकर गिर पड़ा, जिसके निचे दबने से सोहित अचेत हो गया। उसे इलाज के लिये वजीरगंज अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके शव को गांव लाकर दफना दिया गया है। वहीं घटना से आहत परिजनों का रो-रोकर बुरा होल हो गया था। ग्रामीणों ने बताया कि अभी भी सामुदायिक भवन का अन्य हिस्सा काफी जर्जर स्थिति में है, उसे सरकारी पहल कर गिराने की आवश्यकता है, नहीं तो और भी इसी प्रकार की दुर्घटना हो सकती है। प्रभारी बीडीओ अजीत कुमार ने बताया क़ि घटना की सूचना मिली है, पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिया जाएगा।

### 18 पदाधिकारी को आवंटित हुआ कार्य

**नालंदा।** बिहार सरकार की उप सचिव सामान्य प्रशासन विभाग बिहार पटना के अधिसूचना पर 30 जनवरी को नालंदा समाहरणालय में पदस्थापित कई पदाधिकारियों का स्थानांतरण हो चुका है। कई पदाधिकारियों के नव पदस्थापन होने के कारण कार्यहित और प्रशासनिक दृष्टिकोण से नालंदा समाहरणालय अंतर्गत पदस्थापित पदाधिकारी को विभिन्न शाखाओं के प्रभार से संबंधित पूर्व निर्गत आदेश में संशोधन किया गया है। एवं अलग-अलग विभाग में कार्य आवंटित किए गए है।

### बिजली चोरी करते दर्जन भर धराये, 3 लाख जुर्माना

**परवलपुर।** दो गांव में बिजली चोरी करते 13 लोगों को रंगे हाथ पकड़ा गया। पकड़े गये लोगों पर 3 लाख 13 हजार 788 रुपया जुर्माना लगाते हुए थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। सहायक विद्युत अभियंता पप्पु कुमार ने बताया कि बदौनी एवं नेहुआपर गांव में छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी में बदौनी गांव निवासी राजवल्लभ सिंह पर 53 हजार 851 रुपया, प्रेम कुमार पर 22 हजार, अजय सिंह पर 40 हजार 53 , रितेश कुमार पर 38 हजार 498 , राजनीति कुमार पर 33 हजार 271 , धर्मेन्द्र कुमार पर 33 हजार 30 , संजय कुमार पर 40 हजार 777 , मृत्युंजय कुमार 18 हजार 376 रुपये, नेहुआपर के ओमप्रकाश आर्य पर 12 हजार 69द , ब्रजकिशोर प्रसाद पर 11 हजार 177 , किशोर प्रसाद पर 39 हजार 399 , सुमन देवी पर 12 हजार 100 , सोनामंती देवी पर 10 हजार दो 271 जुर्माना लगाया गया है।

### अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई, दो जख्मी

**परवलपुर।** थाना क्षेत्र के मई गांव के समीप मुख्य सड़क पर गुरुवार को अनियंत्रित एक अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकरा गई। इस घटना में चालक सहित दो युवक जख्मी हो गया। स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बाइक चालक को बिहारशरीफ रेफर कर दिया। जख्मी की पहचान मई गांव निवासी धर्मेंद्र सिंह उर्फ धरम सिंह के तीस वर्षीय पुत्र निखिल कुमार सिंह के रूप में की गई।

### 15 दिनों से फरार नाबालिग लड़की पटना से बरामद

**परवलपुर।** करीब पंद्रह दिन पूर्व प्रेम प्रसंग में थाना क्षेत्र के एक गांव से फरार युवती को पुलिस ने बुधवार को पटना से बरामद किया है। फरार युवती के पिता ने बीते 21 जनवरी को 17 वर्षीय पुत्री के गायब होने की सूचना स्थानीय थाना में दर्ज करायी थी। थानाध्यक्ष पप्पू कुमार सिंह ने बताया कि युवती के पिता थाने को दिये गये आवेदन में कहा था कि 21 जनवरी को पुत्री घर से बाजार के लिए निकली थी। उसके बाद घर नहीं पहुंची। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन सहित अन्य तकनीकी अनुसंधान कर युवती को पटना से बरामद कर लिया। लड़की का गुरुवार को 164 के तहत बयान दर्ज कराने के लिए हिलसा न्यायालय भेज दिया गया।

### स्कूल के छात्रों को सड़क सुरक्षा की दी जानकारी

**गया।** सड़क सुरक्षा माह के तहत लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरुक करने के लिए जिला परिवहन कार्यालय द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे हैं। कार्यक्रमों के आयोजन का उद्देश्य लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरुक कर सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम करना है। इसी क्रम में एडीटीओ बेबी कुमारी के नेतृत्व में शहर के डीएवी पब्लिक स्कूल कैंट एरिया में छात्रों के बीच विभिन्न जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सड़क सुरक्षा माह के तहत एडीटीओ के नेतृत्व में स्कूल और कॉलेजों में जाकर बच्चों को यातायात के नियमों के बारे में जागरुक किया जा रहा है। इसी क्रम में एडीटीओ बेबी कुमारी के नेतृत्व में परिवहन विभाग की टीम ने डीएवी पब्लिक स्कूल सहित कई अन्य स्कूलों के विद्यार्थियों को यातायात नियमों के बारे में जागरुक किया।




उन्होंने बताया कि यातायात नियमों का पालन करके न केवल आप सुरक्षित रहेंगे बल्कि व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस को भी बहुत अधिक सहायता करते हैं। मौके पर एडीटीओ द्वारा रोड साइन और स्पीड रिफ्लेक्टर, हेलमेट, सीट बेल्ट के बारे में छात्रों को जानकारी दी गई। उन्होंने छात्र-छात्राओं को सड़क दुर्घटना में होने वाली हर प्रकार की स्थिति तथा उसे बचने के लिए सड़क सुरक्षा के बनाए गए नियमों को धारण करने के विषय में बताया और यातायात चालान के बारे में भी जानकारी दी गई। बच्चों को पुलिस के कार्य और पुलिस की ड्यूटी व एक अच्छा नागरिक बनने का भी पाठ पढ़ाया। उन्होंने विद्यार्थियों को पुलिस हेल्पलाइन नंबर डायल 112 के बारे में भी बताया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता छात्राओं को पुरस्कार देती एडीटीओ बेबी कुमारी। विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन कार्यक्रम के दौरान विद्यालयों में छात्रों के बीच ट्रैफिक नियमों से संबंधित पेंटिंग, भाषण, निबंध प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में सफल प्रतिभागियों को एडीटीओ बेबी कुमारी ने सम्मानित भी किया।

# लापता मासूम का शव कुंए में मिला, ग्रामीण उग्र

## पुलिस को शव निकालने से रोका, एसएसपी को मौके पर बुलाने की मांग

निज संवाददाता। गया

गया जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र के बंदा गांव से तीन दिनों से लापता सात साल के अभिराज का शव कुआं से बरामद हुआ। जिसके बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। मौके पर पहुंची पुलिस को कुंए से शव नहीं निकलने दे रहे हैं। मौके पर तीन थाने की पुलिस पहुंच चुकी है। गुस्साए ग्रामीण मौके पर एसएसपी के आने की मांग कर रहे हैं। पुलिस के खिलाफ लोग नारेबाजी भी कर रहे हैं। मृतक की बड़ी मां कहना है कि जिन लोगों पर हमने आशंका जताई थी उसे पुलिस ने हिरासत में भी लिया लेकिन गुरुवार की रात छोड़ दिया। उन्हें छोड़े जाने के बाद शुक्रवार की सुबह घर के पीछे कुंए से लड़के का शव देखा गया है। हालांकि, मोहनपुर थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह का कहना है कि जिन लोगों के ऊपर आशंका जताई है। उसे हिरासत में लिया गया था। वे अब भी थाने में हिरासत में हैं। सब कुछ कानूनी प्रक्रिया के तहत काम किया जा रहा है। जांच चल रही है। दोषी के



खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**बुधवार की शाम से अभिराज था लापताः** वहीं, मृतक के मां-बाप की इस घटना से हालत खराब है। मृत लड़के की बड़ी मां रेणु देवी ने बताया कि बुधवार की शाम से अभिराज लापता चल रहा था। इससे पहले मंगलवार को घर पर गुड़िया देवी, सुरेंद्र कुमार और एक आदमी आये थे। अभिराज के पिता अरविंद शर्मा को खोज थे। घर पर चढ़ कर उन लोगों ने गाली गलौज भी की थी। इसके बाद से ही बुधवार से अभिराज शाम 4 बजे के बाद से अचानक लापता हो गया। इस बाबत



पुलिस को भी सूचना दी गई। पूरी कहानी बताई गई। जिन लोगों पर आशंका जताई गई थी उन्हें हिरासत में भी लिया गया लेकिन गुरुवार को छोड़ दिया गया। इस बीच हमलोगों ने गांव बधार और रिश्तेदार सभी जगह छान मारे लेकिन कहीं कुछ भी पता नहीं चला। लेकिन जैसे हिरासत में लिए गए आरोपियों को छोड़ा गया उसकी अगली सुबह अभिराज का शव घर के पीछे के कुंए में मिला। मृतक की बड़ी मां का आरोप है कि जिन पर आशंका जताई गई है उन्हीं लोगों ने अभिराज को मारकर कुंए में फेंक दिया है। फिलहाल ग्रामीण उग्र है।

**जिन पर आशंका जताई गई है वे रिश्तेदारः** सूत्रों के अनुसार गुड़िया देवी अरविंद शर्मा के बुआ की बहू है। वहीं, सुरेंद्र कुमार गुड़िया देवी का भांजा है। गुड़िया देवी और सुरेंद्र का घर पास के गांव में ही है। अभिराज के पिता अरविंद शर्मा का गुड़िया देवी के घर आना जाना भी था। बीते कुछ दिनों से सुरेंद्र का भी गुड़िया देवी के घर आना जाना बढ़ गया था। किसी बात को लेकर बीते दिनों सुरेंद्र, अरविंद और गुड़िया देवी के बीच लड़ाई झगड़ा भी हुआ था। उसी झगड़े के बाद गुड़िया देवी, सुरेंद्र कुमार और एक अज्ञात आदमी अरविंद शर्मा के घर पर चढ़ कर गाली गलौज की थी। साथ ही वे अरविंद शर्मा को भी ढूंढ रहे थे पर अरविंद शर्मा उन्हें नहीं मिला था।

# विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाया अपना हुनर

## शहर के पांच मध्य विद्यालयों के बच्चों ने लिया भाग, प्रथम आने वालों को मिली साइकिल





निज संवाददाता। गया

गया शहर के पंचायती अखाड़ा स्थित डायट परिसर में संचालित नटखट साइंस लैब की ओर से विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस विज्ञान प्रदर्शनी में शहर के पांच सरकारी मध्य विद्यालय के बच्चों ने भाग लिया। स्टूडेंट्स ने एक से बढ़कर एक प्रोजेक्ट बनाएं। स्कूली बच्चों के प्रोजेक्ट का निरीक्षण डाइट के विज्ञान के व्याख्याता डॉक्टर गणेश प्रसाद साहू और रसायन विज्ञान के व्याख्याता गणेश शंकर विद्यार्थी ने किया। शाम को प्रदर्शनी में एक से लेकर तीन स्थान पाने वाले ग्रुप को विभिन्न पुरस्कारों से समान्नित किया गया।

**35 विद्यालय में बच्चों को प्रशिक्षण दिया जा रहा :** नटखट साइंस लैब ट्रेनर हर्षित अवस्थी ने कहा कि इस संस्था का उद्देश्य है कि सरकारी विद्यालय के सभी स्टूडेंट्स विज्ञान से जुड़ कर ज्ञान प्राप्त करें और एक से बढ़कर एक प्रोजेक्ट बनाएं। छात्र छात्राओं ने भूकंप अलार्म, रेन डिटेक्टर, लिफ्ट प्रोजेक्ट, सोलर कूलर, स्मार्ट सिटी के अलावे के अच्छे प्रोजेक्ट प्रदर्शित किए। डाइट के भौतिकी विज्ञान के व्ख्याता डॉ. गणेश प्रसाद साव ने बताया कि कुल 35 विद्यालय में नटखट साइंस लैब की ओर से बच्चों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें पांच विद्यालय के बच्चों ने भाग लिया है। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य है कि सरकारी स्कूल के सभी बच्चों को विज्ञान के प्रति जागरूक करें। ताकि सरकारी स्कूल के स्टूडेंट्स भी विज्ञान के क्षेत्र में अपना करियर बना सकें।

# हत्या मामले में दो अपराधियों को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के सरमेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत गौशनगर गांव में 6 फरवरी की शाम घर में घुसकर बदमाशों ने बुजुर्ग रामाश्रय यादव की गोली मार हत्या कर दी थी। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी गौशनगर गांव निवासी जगदेव केवट एवं श्रवण केवट है। हत्या मामले में रामाश्रय यादव के भतीजे बबलू यादव ने गांव के ही शंकर केवट, श्रवण केवट, जगदेव केवट, दिलीप राउत, सतीश केवट एवं दो-तीन अन्य अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें उसने बताया कि 6 फरवरी की शाम वह अपने घर में अपने भाइयों के साथ बैठा हुआ था। इसी बीच आधा दर्जन लोग घर में घुस आए और गाली-गलौज कर मारपीट करने लगे, जब उसके चाचा रामाश्रय यादव ने छत पर से उपरोक्त लोगों को गाली गलौज एवं मारपीट करने से मना किया तो आरोपियों ने अंधाधुन फायरिंग कर दी।

**सभी आरोपी मौके से फरार हो गए थेः** जिसके कारण एक गोली उसके चाचा रामाश्रय यादव की कनपटी में जा लगी, जिससे वह जख्मी हो गए। घटना के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गया। इसी बीच किसी ने इस बात की सूचना स्थानीय पुलिस को दी, जख्मी हालत में रामाश्रय यादव को सदर अस्पताल बिहार शरीफ में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सरमेरा थाना अध्यक्ष विकास यादव ने बताया कि दो हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं अन्य के खिलाफ पुलिस छापेमारी में जुटी हुई है। पूर्व से चले आ रहे भूमि विवाद को लेकर घटना को अंजाम दिया गया है। फिलहाल पुलिस अनुसंधान में जुटी हुई है।

**घर में घुसकर बदमाशों ने बुजुर्ग को मारी थी गोली**



# खुद को प्रशासन का आदमी कह ठग लिए आभूषण

निज संवाददाता। गया

गया शहर के प्रतिष्ठित आचार्यों में से एक राघवेंद्र मिश्र से ठगी हुई है। ठगों ने खुद को प्रशासनिक कर्मी बताकर मिश्र से लाखों रुपए की चेन, अंगूठी और बेशकीमती माणिक की अंगूठी ठग लिए। मौके से फरार भी हो गए। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सिक्स लेन पुल के पास गुलाब बाग की है। बाइक सवार दो बदमाश खुद को प्रशासन का आदमी बता कर ऑटो सवार राघवेंद्र मिश्र के साथ ठगी की वारदात को अंजाम दिया है। पीड़ित ने मामले की लिखित तहरीर स्थानीय थाना में दी है।

**डाटकर ऑटो से उतारने को कहाः** गुलाब बाग निवासी राघवेन्द्र कुमार मिश्रा ने कहा कि ऑटो से गया शहर जा रहे थे। डालमिया बाजार के पास ऑटो पर बैठा। तभी बाइक सवार दो युवक पहुंचे और खुद को प्रशासन का आदमी बताते हुए डाट कर ऑटो से नीचे उतार दिया। कहा कि हाल के दिनों में यहां लूटपाट हुई है। प्रशासनिक आदेश है कि चार दिनों तक सोने का जेवर पहन कर घर से नही निकले। उन्होंने बताया कि जबरन उनके गले से सोने की चेन और अंगूठी उतरवा कर एक कागज में लपेट कर पहले अपने जेब में रखा और फिर चंद मिनटों के बाद यह कह कर वापस कर दिया और कहा कि इतनी ज्वेलरी पहन कर नही निकलें। क्योंकि शहर में क्राइम का ग्राफ काफी बढ़ गया है। उन्होंने बताया कि नजरों से ओझल होने के बाद जब कागज का पुड़िया को खोल कर देखा तो उसमें तीन चार छोटे-छोटे पत्थर थे। यह देखते ही हताश हो गए। उन्होंने बताया कि मेरे गले मे मफलर लिपटा हुआ था।

# पुलिस प्रतिदिन 2 घंटे सुनेगी लोगों की शिकायतें: एसएसपी

## सुबह 11 से 1 बजे तक सुनेंगे फरियादियों की फरियाद

निज संवाददाता। गया

गया जिले के सभी थानों के थानाध्यक्ष, सर्किल इंस्पेक्टर और एसडीपीओ को अब दो दो घंटे अपने-अपने ऑफिस में बैठ कर फरियादियों की गुहार सुननी होगी। इन अधिकारियों के लिए ऑफिस में बैठ कर फरियाद सुनने की अवधि भी तय कर दी गई है। वे 11 से लेकर 1 बजे तक ऑफिस या थाना में आने वाले फरियादियों की फरियाद सुनेंगे। इस बाबत एसएसपी ने विशेष फरमान भी जारी किया है। कहा कि लोगों की शिकायतों को गम्भीरता से सुनें। साथ ही उस पर अमल करते हुए कार्रवाई भी करें। ताकि पीड़ित फरियादियों को जिला पुलिस मुख्यालय या फिर आईजी दफ्तर न आना पड़े। उन्होंने कहा कि बीते दिनों में देखा गया है कि लोगों की शिकायत तो दर्ज कर




ली गई पर समय से कार्रवाई नहीं की गई। कार्रवाई में लेटलतीफी बरती गई। पुलिस के इस रवैये से खीझ कर लोग जिला पुलिस मुख्यालय की ओर रुख करने लगे। एसएसपी ने चेतावनी दी है कि यह किसी भी दृष्टि कोन से ठीक नहीं है। ऐसे में कठोर विभागीय कार्रवाई भी हो सकती है।

**हर माह 3 अपराधियों को गिरफ्तार करने की जिम्मेदारीः** इसके अलावा टॉप टेन अपराधियों की लिस्ट में से हर माह 3 अपराधियों को गिरफ्तार करने की जिम्मेदारी दी गई है। यह जिम्मेदारी जिले के सभी थानों के थानाध्यक्ष दी गई है। गौरतलब है कि बीते सप्ताह ही 30 से अधिक थानों में नए थानेदारों की तैनाती हुई है। नए थानेदार वे हैं जो दूसरे जिले से स्थानांतरित हो कर आए हैं। सभी थानों के वार्डवार बनाए गए वॉट्सऐप ग्रुप पर निगरानी रखते हुए लोगों तक सही सूचना पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गई है।




# पति के पास पहुंची पत्नी, 24 घंटे घर के बाहर बैठी, ससुरालवालों पर मारपीट का आरोप

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में एक नवविवाहिता अपने पति को खोजते हुए उसके घर पहुंच गई। लेकिन, पति उसको अपने साथ रखने से इनकार कर दिया। इसके बाद नवविवाहिता घर के गेट पर बैठ गई। इस दौरान ससुरालवालों ने उसके साथ मारपीट भी की। इसके बावजूद वह 24 घंटे गेट पर बैठी रही। हालांकि, पति अपने परिवार के साथ फरार है। मामला कल्याण विगहा ओपी क्षेत्र के बराह गांव का है। इस गांव के पुरुषोत्तम ने तीन माह पहले पटना के करौटा स्थित मां जगदंबा स्थान में शादी की। इसके बाद कोर्ट में लव मैरिज किया। फिर दोनों अपने-अपने घर चले गए थे। घटना की सूचना मिलने के बाद ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।

**पटना के मंदिर में की थी शादीः** पटना के धनरूआ थाना क्षेत्र के बीर गांव की मंजूषा कुमारी (20) ने बताया कि 3 साल से मोबाइल पर बात हो रही है। बातचीत प्यार में बदला और लीव इन



रिलेशनशिप में रहने लगे। 3 माह पहले ही दोनों मंदिर में शादी करने के बाद कोर्ट मैरिज किया। मंजूषा ने बताया कि कुछ दिन पहले से पुरुषोत्तम ने बातचीत करना बंद कर दिया। हम फोन करते तो रिसीव नहीं कर रहा था। इसके बाद मैं पटना से अपने ससुराल पहुंची। ससुरालवालों ने रखने से इनकार कर दिया और मारपीट की। इसके बाद घर में ताला लगा सभी लोग फरार हो गए।

**पुलिस की सुरक्षा में लड़की को रखा गया हैः** कल्याण विगहा ओपी प्रभारी विकास कुमार ने कहा कि मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस गांव पहुंची। नवविवाहिता की स्वास्थ्य जांच के बाद पुलिस सुरक्षा में थाने में रखा गया है। लड़की के घर वालों को जानकारी दी गई है। युवक और उसका परिवार फरार है। पुलिस मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई करेगी। दोनों रिश्तेदार भी है।




**कोर्ट में की थी लव मैरिज**

# शहीद एसआई का पार्थिव शरीर पहुंचा पैतृक गांव

निज संवाददाता। गया

झारखंड में नक्सलियों से मुठभेड़ में शहीद एसआई सिकंदर सिंह का पार्थिव शरीर गुरुवार शाम पैतृक गांव वजीरगंज के खिरियावां गांव पहुंचा। जिला और स्थानीय पुलिस-प्रशासन ने शहीद के सम्मान में सलामी दी। शहीद का पार्थिव शरीर तिरंगे से लिपटा था। सभी की आंखें नम थी। सलामी की प्रक्रिया के बाद कॉफिन को खोला गया। जिसके बाद मां अपने बेटे से लिपट गई। पत्नी हाथ पटकर रोने लगी। किसी तरह लोगों ने स्थिति को काबू किया। उनका अंतिम संस्कार गांव के पास ही श्मशान घाट पर हुआ। बेटे करण (11) ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। शहीद की बेटी रिया कुमारी ने मांग की है कि जो भी नक्सली या टेररिस्ट हैं उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। उसे कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। मैं आईएएस बनकर नक्सल और आतंकवाद को खत्म करूंगी। जब पार्थिव शरीर गांव लाया जा रहा था तो रास्ते में सैंकड़ों ग्रामीण साथ चल रहे थे। ग्रामीण और समाजसेवी भारत माता की जय, सिकंदर सिंह अमर रहे के नारे लगाते रहे। बैरिया, सिंगठिया, सहिया एवं अन्य स्थानों पर ग्रामीणों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। शहीद के ससुर ने भी अपने दामाद को अंतिम विदाई अपने कांपते हाथों से दी। शहीद सिकंदर सिंह पत्नी, एक बेटा और एक बेटी को छोड़ गए हैं। शहीद के चाचा अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि चार भाइयों में यह सबसे बड़ा था, लेकिन इन्होंने नौकरी की और सभी भाइयों को भी सेटल किया। गांव में कई लोग सेना में हैं। इन्होंने ही लोगों को प्रेरित किया था। जिसके कारण आज कई लोग सेना में या फिर पुलिस में है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिना सरकारी प्रक्रिया अपनाएं कॉलेजों में कराया जा रहा है निर्माण कार्य

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के अधीनस्थ अंगीभूत कॉलेजों में नियम-परिनियम को ताक पर रखकर खरीदारी, निर्माण कार्य एवं मरम्मती कराया जा रहा है। पूर्व सिनेटर अजय कुमार तिवारी मुनमुन ने कुलपति डॉ शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी को आवेदन देकर इसकी शिकायत की है। उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य में खूब लूट मचाई जा रही है। कॉलेज कोष से लाखों-लाख रुपये की निकासी की जा रही है। बिना सारी प्रक्रिया अपनाएं हुए कॉलेजों में खरीदारी, निर्माण कार्य एवं मरम्मती कराया जा रहा है।

### स्वास्थ्य विभाग की सभी सेवा होगी कम्प्यूटरीकृत

**आरा।** सदर अस्पताल समेत जिले के सभी पीएचसी अब पूरी तरह कम्प्यूटरीकृत होंगे। अस्पतालों में कौन से डॉक्टर कब आए कब गए उनकी उपस्थित ऑनलाइन रहेगी। दवा आ स्टॉक, कौन सी दवा उपलब्ध यही यह सभी आकड़ा ऑनलाइन रहेगा। जिले के स्वास्थ्य विभाग के सभी विभाग को कम्प्यूटरीकृत किया जा रहा है। जगह-जगह सीसीटीवी भी लगाए जायेंगे। इन सभी व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए भव्या ने सिविल सर्जन के साथ उनके कार्यालय में बैठक की।बैठक की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ केएन सिन्हा ने की। डॉ केएन सिन्हा ने बताया कि इसके लिए पहले स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों, डाक्टरों एवं अधिकारीयों को प्रशिक्षित भी किया जा चुका है। ऑनलाइन सभी जानकारी उपलब्ध हो सकेगी।

### स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद

**आरा।** शहर के जीरो माइल में स्थापित डीके कारमेल रेसिडेंशियल स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज संस्थान की प्रशासिका निर्मला और सीटी बजाकर प्राचार्य प्रमोद शंकर उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र -छात्राएं एवं कर्मचारी उपस्थित थे।प्रथम दिन स्पून रेस, टॉफी रेस एवं कबड्डी प्रतियोगिता कराया गया। दूसरे दिन एवं तीसरे दिन अलग-अलग प्रतियोगिता कराई जाएगी।इस अवसर पर बच्चों के बीच काफी उत्साह देखा गया। कक्षावार खेलों में बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

### जलमार्ग के साथ आर्थिक व सामाजिक तौर से गंगा के क्षेत्र को विकसित कर बनाया जाएगा उपयोगी

**आरा।** विद्या भवन सभागार, आरा में गुरूवार को जिला गंगा समिति, भोजपुर के तत्वावधान में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता उप विकास आयुक्त विक्रम वीरकर ने की। भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण, पटना के जल मार्ग विकास परियोजना- 2 (अर्थ गंगा) जलमार्ग संख्या-1 के तहत आयोजित बैठक का उद्देश्य जलमार्ग के साथ- साथ आर्थिक व सामाजिक तौर से गंगा के क्षेत्र को विकसित करने के साथ-साथ उपयोगी बनाना है। इसके लिए जिले विभिन्न विभागों व हित धारकों के साथ बैठक में चर्चा की गयी। बैठक में डीडीसी ने कहा कि भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण गंगा परिवहन को सुरक्षित और तेज बनाने में मदद कर रहा है। यात्रा में समय और लागत को कम करने के साथ-साथ ही रोजगार के बेहतर विकल्प मुहैया करा रही है। साथ ही रेलवे और सड़क मार्ग की तुलना में भारी माल की ढुलाई और सस्ता और सुरक्षित भी बना रही है। परियोजना के लागू होने से स्थानीय समुदायों के व्यवसाय को बढ़ावा तो मिलता ही है। साथ ही स्थानीय रोजगार और उद्यम के नए अवसर भी उपलब्ध होंगे। निदेशक आईडब्ल्यूआई, पटना एल के रजक ने कहा कि अंतर्देशीय जल परिवहन कम लागत विश्वसनीय सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन मुहैया कराया है। आधुनिक अंतर्देशीय जहाज के उपयोग के लिए विकसित किए जाने पर यह रेल और सड़क के बुनियादियों ढाचों के साथ ही निवेश की जरूरत को काम कर सकता है। जलमार्गों के जरिए तटीय राज्यों में व्यापार व यातायात का मजबूत मध्य तैयार किया जा रहा है। इनके जरिए न सिर्फ अंतर क्षेत्रीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। बल्कि रेल सड़क और वायु मार्ग के माध्यम से होने वाले व्यापार के कारण पढ़ने वाले आर्थिक बोझ कम किया जा सकता है। इतना ही नहीं बेसिक व्यापार प्रतिष्ठा में देश को अग्रणी पंक्ति में खड़ा करने भी समर्थ होगा।(एनडब्लूवन) की स्थापना की है। इन उद्देश्यों को हासिल करने में अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई ) महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। यह जलमार्ग नए और विकसित भारत का पटकथा लिख रहे है। बैठक का संचालन अभिषेक उपाध्याय ने की। जबकि धन्यवाद ज्ञापन जिला परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति अमित कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर निदेशक डीआरडीए, एडीएम भोजपुर, निदेशक आईडब्ल्यूआई, पटना एल के रजक, डीआरडीए परियोजना सहायक शालिनी प्रज्ञा, पूनम मिश्रा, अभिषेक उपाध्याय व डीपीओ नमामि गंगे अमित कुमार सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### 14 को गड़हनी में निकलेगा महावीरी झंडा जुलूस

**गड़हनी।** स्थानीय नगर पंचायत क्षेत्र गड़हनी में बसंत पंचमी और महावीरी झंडा जुलूस तैयारी को लेकर बैठक हुई। शिव मंदिर प्रांगण मे आयोजित बैठक की अध्यक्षता पूर्व प्रमुख सह उपमुख्य पार्षद सुनय कुमार परमार उर्फ बबलू सिंह ने किया। बैठक में वसंत पंचमी, महावीरी झंडा एवं जुलूस समारोह की तैयारी को लेकर विचार विमर्श किया गया। सर्व सम्मति से पुरानी कमिटी को भंग कर नई कमिटी का गठन भी किया गया। जिसमे संरक्षक के पद पर सुनय कुमार परमार उर्फ बबलु सिंह, आनन्द कुमार सिंह, राहुल कुमार सोनी बनाया गया है। अध्यक्ष प्रमोद कुमार यादव,



उपाध्यक्ष रंजन कुमार एवं कन्हैया कुमार को बनाया गया। सचिव अंकुर कुमार, राजु कुमार एवं हिमांशु कुमार हैं। उप सचिव गौरव कुमार केशरी, कोषाध्यक्ष आदित्य कुमार एवं पंकज शर्मा को उप कोषाध्यक्ष बनाया गया। रोहित कुमार एवं प्रेम कुमार को पूजा प्रभारी, शिवम कुमार एवं आकाश कुमार को सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया। मौके पर वार्ड पार्षद चंदन सोनी, राहुल सिंह, सुमन चौरसिया समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे। महावीरी झंडा जुलूस के लिए शांति समिति की बैठक गड़हनी में 15 फरवरी को महावीरी झंडा जुलूस निकाला जाना है। जिसमें शांति एवं विधि व्यवस्था को लेकर चरपोखरी पुलिस पिकेट पर बैठक की गई। चरपोखरी थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार राय ने नेतृत्व किया। में की गई। नियम कानून के बंधन में जुलूस निकालने को हितायत दी। रूट चार्ट की जानकारी ली गई। ली। नशा का प्रयोग नहीं होगा और जो भी लोग जुलूस में अशांति फैलाने का कोशिश करेगे उसको छोड़ा नही जायेगा। वोलेंटियर भूलंटियर तैनात रखना होगा जिससे सड़क पर यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो। थानाध्यक्ष ने कमिटी के सदस्यों के साथ रुट का निरीक्षण किया। बैठक में उप उप मुख्य पार्षद सुनय कुमार परमार उर्फ बबलू सिंह, जुलूस अध्यक्ष प्रमोद यादव, पूर्व मुखिया तस्लीम आरिफ़, राजद राज्य परिषद सदस्य श्रीनिवास यादव, विधान पार्षद प्रतिनिधि प्रमोद गुप्ता, वार्ड पार्षद चंदन सोनी, मुन्ना राम, अविनाश राव, असलम अंसारी, बोका बाबा सहित कई जनप्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

### प्रमुख व उप प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव खारिज, बुलाई गई विशेष बैठक

**कोईलवर।** कोईलवर प्रखण्ड प्रमुख व उपप्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर आज प्रखंड कार्यालय में विशेष बैठक बुलाई गई जिसमे दोनों अपनी कुर्सी बचाने में कामयाब रहे। कोईलवर प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिषर अवस्थित सभागार में चुनाव पर्यवेक्षक सह डीसीएलआर श्वेता मिश्रा व बीडीओ विजय कुमार मिश्र के निगरानी में बैठक की प्रकिया शुरू कराई गई। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा शुरू किए जाने की बाद उपस्थित पंचायत समिति सदस्यों के बीच अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग कराया गया। अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में आठ समिति सदस्यों ने मत डाला। इस तरह प्रमुख पद हेतु वोटिंग के दौरान विपक्ष में पन्द्रह मत पड़े जबकि उपप्रमुख पर लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में एक भी मत नही पड़े। प्रमुख के पक्ष में पंद्रह व उप प्रमुख के पक्ष में तेरह मत पाकर दोनों की सीट बरकरार रही।

# मौनी अमावस्या पर गंगा स्नान करने जुटी श्रद्धालुओं की भीड़

## नेपाल और उत्तर बिहार से जल लेने पहुंचे लोग, 1 लाख से अधिक लोगों के पहुंचने की उम्मीद

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर के गंगा घाट पर मौनी अमावस्या के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी हैं। लोग मौन होकर गंगा स्नान के लिए ब्रम्हांमुहर्त से हीं पहुंचे हैं। जिसे लेकर जिला प्रशासन द्वारा घाट पर सुरक्षा बढ़ा दी गई हैं। साथ हीं मंदिर समितियी द्वारा अलाउंस किया जा रहा हैं कि महिलाएं चोरों और चैन स्नेचर से सावधान रहे। बता दे की शुक्रवार की सुबह से ही बक्सर के प्रसिद्ध रामरेखा गंगा घाट पर अद्भुत नजारा दिखाई दे रहा हैं। वही ठंड का श्रद्धालुओं पर इसका कोई असर नहीं दिख रहा है। दोपहर 12 बजे तक 1 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं की गंगा में डुबकी लगाने का अनुमान लगाया जा रहा है।

**नेपाल और उत्तर बिहार से जल लेने पहुंचे श्रद्धालु:** बता दे की उतर बिहार और नेपाल के लोगों के लिए बक्सर आस्था का केंद्र हैं। मौनी अमवस्या पर हर साल काफ़ी संख्या में उत्तर बिहार और नेपाल से लोग पहुंचते हैं। मौनी अमावस्या को स्नान, पूजा और दान करने के बाद यहां से जल उठाकर अरेराज स्थित सोमेश्वरनाथ को जलाभिषेक करेंगे। मोतिहारी से पहुंचे युगल किशोर द्वारा बताया गया की दस वर्षों से लगातार आ रहे हैं। गंगा नदी में स्नान करने का महत्व होता है।यहाँ के जल से अपने यहाँ के प्रशिद्ध मंदिर सोमेश्वरनाथ का जलाभिषेक किया जाता हैं।

**स्नान के दौरान मौन रहने की है परंपरा:** बक्सर के विद्वान पंडितो की माने तो मौनी अमावस्या के दिन मान्यता है कि स्नान के दौरान मौन रहा जाता है। श्रद्धालु अपने घरों से गंगा घाट पहुंचे और मौन रहकर डुबकियां लगाते दिखे। बक्सर के रामरेखा घाट, नाथ बाबा घाट, सती घाट, महदेवा घाट घाट पर सबसे ज्यादा श्रद्धालु दिखाई दिए। इसके अलावा अन्य घाटों पर लोग स्नान करने पहुंचे। ज्यादातर श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान के बाद दर्शन पूजन किया।गंगा घाट पर सबसे ज्यादा संख्या महिलाओं की देखी जा रही है। आसपास के जिलों से भी लोगों का बक्सर पहुंचने का सिलसिला भोर से ही शुरू है।श्रद्धांलुओं को कोई परेशानी न हो ट्रैफिक पुलिस जगह जगह-जगह तैनात हैं।

### 2160 बोतल शराब के साथ 2 गिरफ्तार

**बक्सर।** बक्सर के चक्की भरियार बाजार के पास से एक बोलेरो गाड़ी से कुल 2160 पीस शराब बरामद की गई है। इसके साथ ही दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजने का कार्य किया है। इसकी जानकारी बक्सर जिले के डुमरांव अनुमंडल के डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी ने दी है। बताया गया कि यह कार्रवाई पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई है। तस्कर पुलिस को देख भगाने लगा जिसे पांच सौ मीटर पीछा कर पकड़ा गया है। बता दें कि डुमरांव अनुमंडल में पुलिस शराब तस्करी और तस्करों के मंसूबे को ध्वस्त करने में जुटी हुई है। एसडीपीओ आफाक अख्तर अंसारी ने बताया कि चक्की ओपी प्रभारी को सूचना मिली कि एक शराब लदा वाहन भरियार बाजार को पार कर रहा है। सूचना मिलते ही अपर थानाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने अतिरिक्त बल भेजकर जांच शुरू कराया। पुलिस ने एक बोलेरो वाहन रजिस्ट्रेशन संख्या डबल्यूबी 06 जे 3896 को रुकवाया, उसकी तलाशी लेने पर पुलिस को 432 लीटर (2160 पिस)देशी शराब बरामद हुआ। पुलिस को देखते ही वाहन चालक सह तस्कर भागने लगा जिसको दौड़ाकर पुलिस ने पकड़ लिया। चालक सह तस्कर की पहचान भरियार गांव के ही नारायण प्रसाद, पिता हीरालाल तुरहा के रूप में हुई है।

## रोहतास स्टेट हाइवे के अखौरीपुर गोला में चला बुलडोजर

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर की चौसा नगर पंचायत स्थित अखौरीपुर गोला तिराहा से प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने का कार्य शुरू कर दिया है। गुरुवार की दोपहर जेसीबी लेकर भारी संख्या में पुलिस बल के साथ चौसा बीडीओ अशोक सिंह और सीओ बृजबिहारी पहुंच गए। पहले माइक से अनाउंस कर सभी सड़क किनारे काबिज अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण हटाने का समय दिया गया। उसके बाद बुलडोजर चलाकर शेड को उखाड़ा और तोड़फोड़ कर अतिक्रमण हटाने का कार्य जारी है। प्रशासन की इस कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप है, जिनके यहां अभी बुलडोजर नहीं पहुंचा हुआ था वे लोग आनन-फानन में अपने दुकान के आगे के शेड और काउंटर हटा रहे थे। बक्सर-रोहतास और बक्सर- मोहनिया स्टेट हाईवे को जोड़ने वाला अखौरीपुर गोला तिराहा काफी दिनों से अतिक्रमण के कारण जाम की समस्या से जूझ रहा था। इसके पहले अंचलाधिकारी ने कई बार दुकानों को अतिक्रमण हटाने के लिए कहा, लेकिन दुकानदार सुबह फिर लगा लेते थे। कुछ लोगों ने तो पक्की सीढ़ी सरकारी जमीन में बना दी थी जिस पर सीओ द्वारा सभी को नोटिस देने के बाद जब नहीं हटाए तो आज बुलडोजर से दुकान के शेड और पक्की सीढ़ी सबको तोड़ दिया गया। चौसा सीओ बृजबिहारी कुमार ने बताया कि फिलहाल अखौरीपुर गोला पर अतिक्रमण के खिलाफ कुल 45 लोगों को नोटिस किया गया था, लेकिन किसी के द्वारा इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान शुरू किया गया है, जो आगे भी जारी रहेगा।

### 15 मार्च से किसानों से गेंहू खरीद की तैयारी

## पिछले साल से 150 रुपए से ज्यादा समर्थन मूल्य पर एफसीआई गेंहू खरीदेगी : मंडल प्रबंधक

निज संवाददाता। बक्सर




बक्सर में किसानों से 15 मार्च से गेहूं खरीदने की तैयारी में FCI जुटा हुआ है। बक्सर भारतीय खाद्य निगम यानी एफसीआई बक्सर के किसानों से पिछले साल के मुकाबले 150 रुपए से अधिक समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद करेगा। जिसको लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। इस बार 2275 रुपए प्रति क्विंटल गेहूं खरीदने की बात कही गई हैं, जिसमें रोहतास में छह, कैमूर में सात और बक्सर जिला में पांच केंद्र खुलेंगे। एफसीआई के मंडल प्रबंधक राजेश सिंह पांगती ने बताया कि इस साल आगामी 15 मार्च से किसानों गेहूं खरीद की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। 15 जून तक चलेगी। गेहूं खरीद के लिए भारतीय खाद्य निगम की ओर से तीनों राजस्व जिलों में गेहूं क्रय केन्द्र खोले जाएंगे। रोहतास में 6, कैमूर में 7 व बक्सर जिला में 5 केंद्र खुलेंगे। उन्होंने बताया कि बक्सर जिले के चौसा प्रखंड के रामपुर, राजपुर प्रखंड के मनोहरपुर, इटादी प्रखंड के इटाढ़ी, डुमरांव व नावानगर प्रखंड में गेहूं क्रय केंद्र खुलेगा।

उन्होंने बताया कि इस साल गेहूं का समर्थन मूल्य 2275 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित की गई है। पिछले वर्ष से 150 रुपए अधिक है। इस दौरान किसानों को कृषि विभाग के डीबीटी पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराने और ई-पैक्स पोर्टल पर गेहूं बिक्री करने की जानकारी दी गई है। गेहूं क्रय करने के बाद 48 घंटों के अंदर समर्थन मूल्य सीधे किसानों के बैंक खातों में ऑनलाइन भुगतान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गेहूं खरीद के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

## एक ही परिवार के पांच लोगों की पिटाई, जबरन मजदूरी करना चाहते थे दबंग, घायल

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के गीधा ओपी अंतर्गत महकमपुर गांव में गुरुवार की देर शाम मजदूरी का काम नहीं करने के विवाद को लेकर गांव के दबंगों ने एक ही परिवार के पिता,बेटी समेत पांच लोगों की जमकर लाठी-डंडे से पिटाई कर दी। अन्य ग्रामीणों के मदद से मामले को शांत कराया गया, इसके बाद सभी घायलों को इलाज के लिए आनन–फानन में आरा सदर अस्पताल लाया गया। इस मारपीट की घटना में तीन लोगों को काफी गंभीर चोट आई है। घायलों में गीधा ओपी अंतर्गत महकमपुर गांव निवासी स्व ईश्वर दयाल राम के 55 वर्षीय बेटे बिजली राम, उनकी 20 वर्षीय बेटी रेखा कुमारी, गिरिवर कुमार के 22 वर्षीय बेटे संतोष कुमार,17 वर्षीय बेटे गोल्डेन कुमार और स्व चंदन कुमार के 15 वर्षीय बेटी नंदनी कुमारी शामिल है। इधर,संतोष कुमार ने बताया कि उनके बड़े पापा बिजली राम मजदूरी का काम करते है। गांव के ही दबंगों ने अपने खेत में काम करने के लिए बोला था। लेकिन ने बड़े पापा ने काम करने से मना कर दिया था । जब देर शाम बाजार से घर की ओर आ रहे थे, तभी उक्त लोगों ने उन्हें रास्ते में घेर कर पिटाई कर दी। इसके बाद बड़े पापा ने अपनी पत्नी से आकर आप बीती बताई। उनलोगों के द्वारा उक्त लोगों के घर जाकर बातचीत कर रहे थे । तभी दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। इसके बाद उक्त लोगों के द्वारा लोहे की रॉड और तलवार से मारना शुरू कर दिया। मारपीट की घटना में दोनों बुरी तरह जख्मी हो गए। मामला शांत होने के बाद सभी लोगों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां सभी का इलाज चल रहा है। वही, घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की छानबीन कर रही है ।

## रोड एक्सीडेंट में महिला समेत 2 की मौत

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में गुरुवार की देर शाम दो अलग-अलग मार्ग पर सड़क एक्सीडेंट मे दो लोगों की मौत हो गई। एक युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। स्थानीय लोगों और डायल 112 ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। मृतकों के परिजनों को इस घटना की सूचना दी है। हालांकि परिजन अभी पहुंचे नहीं है। सूचना पर दोनों क्षेत्र के थाना मौके पर पहुंच शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी कर रही है। पहली घटना कोरानसराय थाना क्षेत्र के नारायणपुर मठिला मार्ग पर अदफा पेट्रोल पंप के समीप की है। डायल 112 को सूचना मिली कि अदफा पेट्रोल पंप के समीप किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर दो बाइक सवार गंभीर रूप से चोटिल हैं। सूचना मिलते ही डायल 112 के प्रभारी सुधीर उरांव और सिपाही बिक्रम कुमार मौके पर पहुंचे और आसपास के लोगों की मदद से जख्मियों को अस्पताल ले गए। डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचते ही एक बाइक सवार दीवान कुमार पिता कपिल राजभर ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, वहीं दूसरे जख्मी मनकी निवासी पंकज कुमार पिता सोमनाथ सिंह कि स्थिति बेहद गंभीर बनी हुई थी। दूसरी घटना आरा बक्सर फोरलेन पर बडका ढकाइच के पास हुई जहां खेत से लौट रही स्थानीय गांव निवासी एक महिला कमला देवी 50 वर्ष आरा बक्सर फोरलेन पर एक ट्रक की चपेट में आ गई। उसकी मौके पर हीं मौत हो गई। महिला टमाटर तोड़ने खेत में गई थी। टमाटर तोड़कर वह घर लौट रही थी, तभी सड़क पार करने के दौरान यह हादसा हो गया।

## ससुर ने बहू का फोड़ा सिर गुस्से में पिता की पिटाई

निज संवाददाता। आरा

शहर के नवादा थाना क्षेत्र के अनाइठ मोहल्ले में गुरुवार को संपत्ति विवाद को लेकर पहले ससुर ने बहू को मारकर सिर फोड़ा,इसके बाद विरोध में बेटे ने जमकर अपने पिता की पिटाई कर दी। मारपीट की घटना में दोनों ससुर–बहु जख्मी हो गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार, घायलों में एक पक्ष से नवादा थाना क्षेत्र के अनाइठ मोहल्ला निवासी स्व. राम तपस्या भगत के 62 वर्षीय बेटे ललन भगत एवं दूसरे पक्ष से उनके बेटे ओम प्रकाश की 23 वर्षीया पत्नी और उनकी बहू निकिता सिंह शामिल है। इधर, एक पक्ष के ललन भगत ने बताया की उनका सात डिसमिल में जमीन है। जिसे उनका छोटा बेटा ओम प्रकाश जबरन अपने नाम पर करने और लिखने के लिए कह रहा था। इसी बात को लेकर उनके बीच कहासुनी हुई। जिसके बाद उसने लोहे के रॉड से उनके सिर पर मार दिया। जिससे वह गंभीर रुप से जख्मी हो गए। जबकि दूसरे पक्ष से उनका छोटा बेटा ओम प्रकाश ने बताया कि उसने पिछले वर्ष अपनी पसंद से निकिता सिंह से शादी की है। जिसको लेकर उसके पिता और भाई द्वारा उसे और उसकी पत्नी को खाना-पीना नहीं दिया जाता है। जिसे लेकर उसने कहा कि मुझे मेरा हिस्सा दे दो। उनलोगों द्वारा सभी संपत्ति को हड़पना चाहते है,लेकिन बटवारा नहीं करना चाहते। इसी बात को लेकर उनके बीच कहासुनी हुई। जिसके बाद उन्होंने उसकी पत्नी को सिर पर लोहे के रॉड से मार दी। जिससे वह भी गंभीर रुप से जख्मी हो गई। जिसके बाद दोनों का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया गया।

# अंगद हत्याकांड में दोस्तों से पूछताछ फोन आने के बाद घर से निकला था

## जमीन पर गिरने के बाद भी मारी गोली, पैसे के लेन–देन का विवाद आया सामने

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर मठिया के समीप सरेशाम शाम अंगद यादव हत्याकांड मामले में पुलिस ने कातिलों के काफी करीब पहुंच चुकी है। पुलिस अपराधी तक पहुंचाने के लिए तकनीकी सूत्र की मदद ले रही है। मोबाइल डीआर के आधार पर संदिग्धों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पूरा मामला जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत आर सिन्हा मुख्य मार्ग शोभित उमरागरिया का है। मृतक के बड़े भाई हरेंद्र यादव ने संबंधित थाने में अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिक की कराई है। पुलिस ने इस घटना में दो मोबाइल भी जप्त किया है पैसे के लेनदेन के विवाद समेत कई अन्य बिंदुओं पर जांच पड़ताल चल रही है। पुलिस शादी के पहले हत्या के एंगल को गहनता से जांच कर रही है। इस मामले में पुलिस दोस्तों को भी बुलाकर पूछताछ कर रही है। SP प्रमोद कुमार के आदेश पर ASP परिचय कुमार के नेतृत्व में DIU टीम के एक्सपर्ट को भी लगाया गया है।

**क्या बोले पुलिस अधीक्षक:** इधर, चार फरवरी को अंगद यादव अपने घर पर थे, इस बीच मोबाइल पर किसी का फोन आने के बाद जरूरी काम से जाने की बात बोलकर निकले थे। इसी बीच शोभी डुमरा गांव के समीप बातचीत के दौरान अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी। गोली लगने के बाद वह भागने लगा तो पुनः पीछा कर गोली चलाने लगे, जब वह सड़क पर गिर गया तो फिर उसके शरीर में गोली दाग दी गई। अपराधी हथियार लहराते हुए आरा की और भाग गए। SP प्रमोद कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह बात आ रही है कि दो की संख्या में रहे हमलावर टी-शर्ट पहने थे बाइक और चेहरे का हुलिया मिल गया है। जल्द ही सभी की गिरफ्तारी कर ली जाएगी ।

## संक्षिप्त समाचार

### कहलगांव- नौवीं कक्षा की छात्रा ने फांसी लगा दी जान

**भागलपुर/कहलगांव , एजेंसी।** अंतीचक थाना क्षेत्र के दयालपुर गांव में गुरुवार की देर शाम नौवीं कक्षा की छात्रा ने छत की कुंडी से गले में दुपट्टा का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। मृतक छात्रा की पहचान स्व. नरेश सिंह की 14 वर्षीय पुत्री रानी कुमारी के रूप में हुई। सूचना पर अंतीचक थाना की पुलिस पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष जीवु यादव ने बताया कि रानी कुमारी तीन बहन में मझली थी। मृतका की माता के अनुसार स्कूल से पढ़कर आने के बाद रानी ने घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना 5-30 बजे की बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### घर से भाग रहे प्रेमी-प्रेमिका धराये, मंदिर में रचाई शादी

**भागलपुर/सुल्तानगंज, एजेंसी।** प्रेमी-प्रेमिका ने एक दूजे को होने का निर्णय ले घर से भाग जाने का मामला प्रकाश में आया है।बुधवार की रात गस्ती पुलिस की नजर जब एकांत में बैठे प्रेमी प्रेमिका पर पड़ा तो शक के आधार पर दोनों को थाना ले आया। थाना में पुछताछ के दौरान दोनों के घर का पता उपलब्ध कर दोनों के परिवार वालों को सुचना दी गई। परिवार वाले दोनों पक्ष से आए।थाना द्वारा आवस्यक प्रकृया पुरी किए जाने के बाद थाना प्रेमी प्रेमिका को परिजन के साथ जाने का इजाजत दे दी। लेकिन प्रेमी प्रेमिका शादी के जिद पर अड़ गए।अंत में दोनों के पिता परिजन ने खुशी खुशी दोनों की शादी गुरुवार की देर शाम थाना के समीप लक्ष्मी नारायण ठाकुरवाड़ी में करा के दोनों युगल जोड़ी को साथ ले गए। लड़का परबत्ता थाना क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला है। जबकि लड़की खरीक थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले है। प्रेमी युवक ने बताया कि हमलोग भाग कर बाहर जाकर अपना घर बसाने के इरादे से निकला था। दोनों अपने अपने घर से भाग कर सुल्तानगंज स्टेशन पर मिलने का बात तय किया था।पहले प्रेमिका घर से निकली बाद में हम निकले दोनों स्टेशन सुल्तानगंज में मिले। यहां से ट्रेन पकड़ कर बाहर जाने का इरादा था।थानाध्यक्ष ने कहा कि लड़का लड़की को शक के आधार पर पकड़ा गया था। दोनों के अभिभावक सूचना पर पहुंचे। लड़का लड़की दोनों बालिक है। दोनों को दोनो के अभिभावक को सुपूर्द कर दिए।

### केस डायरी को लेकर कोर्ट ने एसएसपी से मांगी रिपोर्ट

**मुजफ्फरपुर , एजेंसी।** पांच साल पूर्व बिहार स्टेट शिया वक्फ के प्रशासनिक पदाधिकारी सैयद आरिफ रजा के साथ हुई मारपीट व लूटपाट के नौ आरोपितों की ओर से दायर अग्रिम जमानत की अर्जी पर जिला जज मनोज कुमार सिंह के कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। अहियापुर थाने में दर्ज इस केस के आईओ की ओर से केस डायरी नहीं भेजने पर कोर्ट ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए एसएसपी से इस मामले में रिपोर्ट मांगी है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता शरद सिन्हा ने बताया कि कोर्ट ने एसएसपी से पूछा है कि डायरी मांगने के बाद भी आईओ ने इसे कोर्ट में जमा नहीं किया है। ऐसे में आपने आईओ पर क्या अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। इस लापरवाही पर आईओ पर क्यों न एफआईआर दर्ज कराई जाए। अगली सुनवाई के लिए कोर्ट ने 23 फरवरी की तारीख निर्धारित की है।

### पचगछिया में दुकानदारों को सुरक्षा दी जायेगी- एसपी

**भागलपुर/नवगछिया , एजेंसी।** एसपी पूरण कुमार झा ने कहा कि पचगछिया बाजार स्थित मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स के दुकानदारों को पूरी सुरक्षा उपलब्ध करायी जायेगी। उन्होंने कहा कि दुकानदार अपनी दुकानों को निर्भीक होकर खोलें और व्यवसाय करें। किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जायेगा। लतरा के शातिर अपराधी राहुल यादव को हर हाल में गिरफ्तार किया जायेगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि अपराधियों के बारे में सूचना देकर सहयोग करें। जानकारी देने वाले का नाम गोपनीय रखा जायेगा।

# बिजली खपत मामले में बिहार की लंबी छलांग

## 190 लाख उपभोक्ता के साथ बिहार देश में दूसरे पायदान पर

**पटना , एजेंसी।** बिजली के मामले बिहार लगातार नया कीर्तमान स्थापित कर रहा है.राज्य में बिजली निकासी (संचरण) क्षमता खपत से लगभग दोगुनी हो गयी है. बिहार में अभी अधिकतम 7576 मेगावाट बिजली आपूर्ति हुई है. पिछले साल तक कंपनी ने राज्य में बिजली निकासी की क्षमता 14 हजार 24 मेगावाट तक विकसित कर ली है. यानी राज्य में इतनी बिजली आपूर्ति की जा सकती है. वर्ष 2012 में राज्य में बिजली निकासी की क्षमता मात्र दो हजार मेगावाट की थी.पिछले 11 वर्षों में कंपनी ने संचरण क्षमता में सात गुना की वृद्धि की है.



### 38 लाख से बढ़कर आंकड़ा पहुंचा 190 लाख

11 वर्ष पहले राज्य में जहां 38 लाख बिजली उपभोक्ता थे, जो अब बढ़कर एक करोड़ 90 लाख हो गयी है. हर घर बिजली योजना के कारण तेजी से बढ़ने वाले घरेलू उपभोक्ता के मामले में बिहार देश में दूसरे पायदान पर आ गया. उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ने के कारण हर साल राज्य में बिजली की मांग में वृद्धि हो रही है.एक आकलन के अनुसार हर साल लगभग 600 मेगावाट बिजली खपत बढ़ रही है. पिछले साल अक्टूबर में आये रिपोर्ट के तहत घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के मामले में बिहार देश में तीसरे पायदान पर था. पहले पायदान पर असम और दूसरे पायदान पर झारखंड था. केंद्र सरकार की रिपोर्ट के अनुसार बिहार में लगभग 90 फीसदी घरेलू उपभोक्ता हैं. बिहार में उत्तर बिहार (नॉर्थबिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड) में 92.1 फीसदी तो दक्षिण बिहार (साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड) के पास 86.8 फीसदी घरेलू बिजली उपभोक्ता हैं.

### औद्योगिक कनेक्शन दक्षिण बिहार में अधिक

घरेलू उपभोक्ताओं को छोड़ दें तो उत्तर बिहार में शहरी उपभोक्ता मात्र 16 फीसदी तो दक्षिण बिहार में 29 फीसदी हैं, जबकि ग्रामीण इलाकों में उत्तर बिहार में 84 फीसदी तो दक्षिण बिहार में 71 फीसदी उपभोक्ता हैं. गैर घरेलू बिजली उपभोक्ताओं में उत्तर बिहार में छह फीसदी तो दक्षिण बिहार में 7.7 फीसदी हैं. औद्योगिक कनेक्शन में उत्तर बिहार में 0.6 फीसदी तो दक्षिण बिहार में एक फीसदी उपभोक्ता रहा हैं.

### कृषि कनेक्शन में उत्तर बिहार पीछे

कृषि कनेक्शन में उत्तर बिहार की तुलना में दक्षिण बिहार आगे है. उत्तर बिहार में मात्र 1.1 फीसदी तो दक्षिण बिहार में 4.4 फीसदी कृषि कनेक्शन है, जबकि अन्य श्रेणी में उत्तर बिहार में 0.2 फीसदी तो दक्षिण बिहार में 0.4 फीसदी कनेक्शन हैं. रिपोर्ट के अनुसार बिहार में हर साल औसतन छह लाख बिजली उपभोक्ताओं की संख्या मेंवृद्धि होने का अनुमान है. बिहार में मार्च 2025 तक यह संख्या लगभग दो करोड़ पहुंचने की उम्मीद है.

### कोरोना में बढ़ गई थी बिजली खपत

घरेलू बिजली उपभोक्ताओं की अधिक संख्या के कारण बिहार में कोरोना काल में बिजली की खपत बढ़ गई थी. देश के अन्य राज्यों में औद्योगिक श्रेणी के उपभोक्ताओं की संख्या अच्छी खासी है, जबकि बिहार में 90 फीसदी उपभोक्ता घरेलू श्रेणी के हैं. इस कारण कोरोना में जब लॉकडाउन हुआ था कल-कारखाने बंद हो गए. देश के अन्य राज्यों में जहां बिजली की खपत कम हो गई थी वही बिहार में यह खपत बढ़ गई. लोगों ने घरों में बैठकर इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों का खूब इस्तेमाल किया. इस कारण बिहार देश के चंद राज्यों में शुमार था जहां कोरोना काल में बिजली खपत बढ़ गई थी.

### चार साल में 11 फीसदी कम हुआ नुकसान

बिजली कंपनी ने चार साल में अपना नुकसान 11 फीसदी कम कर लिया है. वित्तीय वर्ष 2020 में कंपनी का तकनीकी व व्यावसायिक (एटीएंडसी) नुकसान 35 फीसदी था। वर्ष 21 में यह घटकर 32 फीसदी हो गया. वहीं, वर्ष 22 में 29 फीसदी तो वर्ष 23 में घटकर 24 फीसदी पर नुकसान आ चुका है. इन्हीं कार्यों के कारण 2022 में जहां एसबीपीडीसीएल को डी श्रेणी में रखा गया था तो 2023 में यह बी प्लस श्रेणी में आ गया.जबकि इसी अवधि में एनबीपीडीसीएल सी प्लस से बी श्रेणी में आ गया. नुकसान कम करने का व्यावसायिक लाभ कंपनी को हुआ. पहली बार बिजली कंपनी 215 करोड़ के लाभ में आई है.

# लूट की दो पिकअप और कार के साथ 7 गिरफ्तार, 1.300 किलो चरस बरामद



**मोतिहारी , एजेंसी।** मोतिहारी पुलिस को ने कार चोरी और लूट गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में लूट कांड में शामिल सात अपराधियों को लूट के वाहन और मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ के बाद सभी को जेल न्यायिक हिरासत में भेज दिया जाएगा। एसपी कांतेश मिश्रा ने बताया कि गुप्त सूचना मिली की तुरकौलिया थाना क्षेत्र में कुछ बदमाश लूट की घटना को अंजाम देने की फिराक में है। जिसके बाद तुरकौलिया और सुगौली थानाध्यक्ष ने आदेशानुसार अपने अपने क्षेत्र में नाकाबंदी कर सघन वाहन जांच शुरू की।

### लंबे समय से थी अपराधियों की तलाश

इसी जांच के दौरान तुरकौलिया थाना क्षेत्र के जयसिंहपुर, चौर के पास पांच अपराधियों को मादक पदार्थ (चरस), सहित लूटे हुए पिकअप के साथ गिरफ्तार किया गया। सभी से पूछताछ करने पर अपराधियों की निशानदेही से दूसरा लूटा हुआ पिकअप और चोरी की कार के साथ हरसिद्धि थाना क्षेत्र से दो और अपराधी को गिरफ्तार किया गया। वही उन्होंने बताया कि सभी बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए लंबे समय से छापेमारी की जा रही था। पकड़े गए लुटेरा गिरोह के सदस्यों की पहचान सुगौली थाना क्षेत्र के गुलमहम्मद, शिवम, हरसिद्धि थाना क्षेत्र के बृहबिहारी, देवेंद्र, रामदेव, राधेश्याम यादव, बेतिया के मझौलिया थाना क्षेत्र के दिलीप सहनी आदि के रूप में हुई है। वही लूटी गई दो पिकअप, एक बोलेरों और एक किलो तीन सौ ग्राम चरस बरामद बरामद हुआ है।

# बेटा गिरफ्तार हो गया है, छुड़ाना चाहते हो, गूगल पे पर पेमेंट करो, साइबरी ठगी का नया हथकंडा

**पटना , एजेंसी।** साइबर ठग लोगों से फ्रॉड करने के नए-नए तरीके ढूंढ रहे हैं। अब लोगों को डरा-धमका कर पैसे ऐंठ रहे हैं।'बेटा गिरफ्तार हो गया है, पैसा दें तब छूटेगा' कह कर साइबर अपराधी लोगों को चूना लगा रहे हैं। पटना में अब तक आधा दर्जन ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। इस तरीके से हुई घटनाओं को लेकर एफआईआर भी दर्ज की गई है, जबकि कई बार साइबर अपराधी ठगी करने में सफल नहीं हो सके। दरअसल, ठग लोगों को कॉल कर यह कहते हैं कि उनके बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया है। जालसाज किसी थाने का नाम भी लेते हैं ताकि लोग उनके झांसे में आ जाएं। बाद में उन्हें गूगल पे का नंबर देकर साइबर ठग रुपये की मांग करते हैं। महेन्द्रू के रहने वाले एक व्यवसायी को साइबर ठगों ने बुधवार की सुबह कॉल किया। उन्हें फोन कर ठगों ने कहा कि उनके बेटे को कोतवाली थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। व्यवसायी घबरा गये। साइबर ठगों ने उनके बेटे का नाम भी लिया था। जब उन्होंने अपने बेटे को कॉल किया तो उससे संपर्क नहीं हो सका। इसी बीच साइबर ठगों ने एक गूगल नंबर पर रुपये देने की बात कही। रुपये देने पर ही व्यवसायी के बेटे को छोड़ने की बात कही गई। अभी यह सब कुछ चल ही रहा था कि तब तक व्यवसायी के बेटे से उनका संपर्क हो गया। इसके बाद पूरे परिवार को पता चला कि उनके साथ ठगी की कोशिश की गई थी। व्यवसायी के बेटे ने बताया कि वह कोचिंग में पढ़ाई कर रहा था इस कारण कॉल नहीं रीसिव कर सका। नए तरीके से हो रही ठगी की इस घटना को लेकर कई तरह के सवाल उठने लगे हैं। आखिर साइबर ठगों को पिता-पुत्र के नाम व मोबाइल नंबर की जानकारी कैसे मिल रही है? वे पिता को कॉल कर सीधे बेटे का नाम लेकर ठगी की कोशिश करते हैं। शक है कि साइबर ठगों के हाथ कुछ कागजात लग जाते हैं जिसके जरिये उन्हें पिता-पुत्र के बारे में पूरी जानकारी मिल जाती है। डीआईजी सह पटना के एसएसपी राजीव मिश्रा ने लोगों से अपील की। कि वे इस तरीके के झांसे में न आएं। ऐसी बात होने या कॉल आने पर लोग अपने स्थानीय थाने की पुलिस को खबर दे सकते हैं। साइबर ठगों के गिरोह को लेकर पटना पुलिस जांच कर रही है। तकनीक का इस्तेमाल कर साइबर ठगों का पता लगाया जा रहा है। जिसे आप नहीं जान रहे हैं, उनकी बातों पर बिल्कुल भरोसा न करें।



# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिल्ली में लालकृष्ण आडवाणी से की मुलाकात, भारत रत्न मिलने पर दी बधाई

**पटना, एजेंसी।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिल्ली में पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी से मुलाकात की। सीएम नीतीश ने आडवाणी को भारत रत्न मिलने पर बधाई दी और उनका हालचाल जाना। नीतीश कुमार दो दिवसीय दिल्ली दौरे पर हैं। गुरुवार सुबह वे आडवाणी से मिलने उनके आवास पर पहुंचे। कुछ देर तक वे वहां रुके। उनका शाम में पटना लौटने का कार्यक्रम है। एक दिन पहले उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात की थी। बिहार में एनडीए की सरकार बनने के बाद नीतीश कुमार बुधवार को पहली बार दिल्ली दौरे पर पहुंचे। उन्होंने शाम में पीएम मोदी और बीजेपी के शीर्ष नेताओं से शिष्टाचार मुलाकात की। इसके बाद वे गुरुवार सुबह लालकृष्ण आडवाणी से पृथ्वीराज रोड स्थित उनके आवास पर मिले। आडवाणी को केंद्र सरकार ने हाल ही में देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न देने की घोषणा की थी। नीतीश ने उसी दिन आडवाणी को फोन कर बधाई भी दी। सीएम नीतीश का गुरुवार शाम में दिल्ली से पटना लौटने का कार्यक्रम है। बिहार में एनडीए सरकार के गठन के बाद उनका दिल्ली दौरा अहम माना जा रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी और बीजेपी नेताओं से मुलाकात को उन्होंने शिष्टाचार बताया। मगर आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर उनकी बीजेपी नेताओं से चर्चा हुई, ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं। बता दें कि 12 फरवरी से बिहार विधानसभा का बजट सत्र शुरू होने वाला है। पहले दिन नीतीश सरकार सदन में बहुमत भी पेश करेगी। साथ ही राज्य में मंत्रिमंडल का विस्तार होना अभी बाकी है। पिछले महीने महागठबंधन का साथ छोड़कर नीतीश कुमार ने 9वीं बार सीएम पद की शपथ ली थी। बीजेपी से सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा डिप्टी सीएम बनाए गए। नीतीश के साथ सम्राट और विजय समेत 8 अन्य मंत्रियों ने भी शपथ ग्रहण की। अब बीजेपी और जेडीयू से और भी मंत्री बनाए जाएंगे।






# लैंड फॉर जॉब केस- राबड़ी-मीसा-हेमा को अंतरिम जमानत, 28 को अगली सुनवाई

**पटना , एजेंसी।** लैंड फॉर जॉब केस में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट से लालू परिवार को बड़ी राहत मिली है। राबड़ी देवी, मीसा भारती, हेमा यादव, अमित कात्याल और हृदयानंद चौधरी को कोर्ट ने एक लाख के बेल बॉन्ड पर अंतरिम जमानत दी है। अब अगली सुनवाई 28 फरवरी को होगी। वहीं ईडी ने कोर्ट से आरोपियों द्वारा दायर नियमित जमानत याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा है। इससे पहले राबड़ी, मीसा और हेमा यादव तीनों एक ही गाड़ी से दिल्ली स्थिति मीसा भारती के घर से कोर्ट के लिए रवाना हुए थे।

इससे पहले नौकरी के बदले जमीन मामले में आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव और बेटे तेजस्वी यादव ने ईडी मैराथन पूछताछ कर चुकी है। 29 जनवरी को ईडी की विशेष टीम ने पटना के गांधी मैदान इलाके में मौजूद जोनल कार्यालय में लालू यादव से करीब 10 घंटे तक पूछताछ की थी। लालू प्रसाद से पूछा गया कि कितने लोगों से जमीन लेकर रेलवे में किन पदों पर कहां-कहां नौकरी दी गई है। ईडी उनके खिलाफ राउज एवेन्यू कोर्ट में दायर 4751 पन्नों की चार्जशीट के अलावा हृदयानंद चौधरी के स्वीकृति बयान को भी साथ लेकर आई थी। जिसे दिखाकर भी सवाल पूछे गए। और फिर 30 जनवरी को पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव से भी ईडी ने करीब साढ़े आठ घंटे तक पूछताछ की। ईडी ने तेजस्वी से 65 से ज्यादा सवाल पूछे। इनमें उनके नाम से दिल्ली एवं पटना में मौजूद संपत्ति से लेकर उनके निदेशक मंडल वाली निजी कंपनी में निवेश से जुड़े सवाल शामिल थे। अधिकतर सवालों पर तेजस्वी ने अनभिज्ञता जाहिर की थी। आपको बता दें, नौकरी के बदले जमीन मामले में यादव परिवार के एक कथित करीबी सहयोगी 49 साल के कात्याल, रेलवे कर्मचारी व कथित लाभार्थी ह्दयानंद चौधरी, दो फर्म ए के इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड व एबी एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड एवं निदेशक शारिकुल को आरोपपत्र में आरोपी बनाया गया है।

# दरभंगा में पिता-दादा, चाचा-मामा ने मिलकर की बेटी की हत्या



**दरभंगा , एजेंसी।** दरभंगा में एक परिवार ने अपनी ही बेटी की हत्या कर दी। हत्या अफेयर को लेकर की गई। पहले गला दबाया, फिर घर में टुकड़े-टुकड़े कर दिए। इसके बाद घर से 100 मीटर दूर ले जाकर पुआल में डाला और आग लगा दी। फिर पुलिस थाने पहुंचकर आवेदन दिया कि बेटी की अपराधियों ने हत्या करके शव जला दिया है। पुलिस ने जांच शुरू की। अब इस मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। घटना कामतोल थाना क्षेत्र के मगरथू गांव की है। लड़की का नाम कंचन(15) है। वह नौवीं में पढ़ती थी। किसी लड़के से अफेयर चल रहा था। सिटी एसपी सुभम आर्या के मुताबिक, अफेयर की बात उसके पिता को पता चल गया। परिजनों ने उसे काफी समझाया, लेकिन वो नहीं मानी। दो फरवरी को पिता, दादा, चाचा और मामा ने मिलकर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। फिर घर में ही उसके शव को टुकड़े कर दिए। मां को इस बारे में पता नहीं था। 3 फरवरी को घर से 100 मीटर की दूरी पुआल के ढेर में टुकड़ों को फेंक कर जला दिया। इस मामले में दादा महेशी दास, पिता श्याम दास और चाचा शत्रुघ्न दास गिरफ्तार किया गया है। मामा सोहारत दास और ओजित दास की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है।

### मां घर पर थी, पर पता नहीं चला

जब नाबालिग छात्रा की हत्या की गई तो घर में उसकी मां भी मौजूद थी। पर उसे इन सब चीजों से दूर रखा गया था। मां को पता नहीं था कि उसकी बेटी की हत्या उसके अपने ही कर रहे हैं। जहां शव जलाया गया, वहां से कंचन की चांदी की चेन और पायल मिला। घटना के खुलासे के बाद आरोपी के घर से हत्या में इस्तेमाल हथियार, कुल्हाड़ी, लोहे का सरिया, जमीन पर गिरा खून, पिता का खून से सना कपड़ा और मृतका का दांत बरामद किया गया है।

### 4 फरवरी को शरीर के अंग पुआल के ढेर में मिले

4 फरवरी को शरीर के अंग पुआल के ढेर में मिले। इसके बाद मृतका के आरोपी पिता श्याम दास ने आवेदन दिया। इसमें अज्ञात अपराधियों पर लड़की को गायब कर हत्या का आरोप लगाया। आवेदन पर कमतोल थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। आवेदन मिलने पर एसएसपी के आदेश पर सिटी एसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। एफएसएल और तकनीकी शाखा की मदद से घटना की जांच की गई। जिसके बाद घटना का खुलासा हुआ।

### सप्तक्रांति एक्सप्रेस की चपेट में आने से मोर की मौत, सलामी देकर किया गया अंतिम संस्कार

**मुजफ्फरपुर , एजेंसी।** आनंद विहार से मुजफ्फरपुर आ रही सप्तक्रांति सुपरफास्ट एक्सप्रेस के इंजन में राष्ट्रीय पक्षी मोर के फंसने से उसकी मौत हो गई। राष्ट्रीय पक्षी की मौत के बाद रेल पुलिस ने उसे इंजन से निकाला। इसके बाद राष्ट्रीय सम्मान के साथ मोर को सलामी दी गई। राष्ट्रीय सम्मान के साथ राष्ट्रीय पक्षी मोर को वीटीआर प्रशासन को अंतिम संस्कार के लिए सुपुर्द किया गया। आरपीएफ प्रभारी इंद्रजीत सिंह ने बताया कि उड़ने के दौरान मोर असंतुलित होकर इंजन में फंस गया होगा। इससे उसकी मौत हो गई। इधर, इंजन में खराबी होने से वाल्मीकिनगर रोड स्टेशन पर यात्रियों को तीन घंटे इंतजार करना पड़ा। सप्तक्रांति सुपरफास्ट एक्सप्रेस के इंजन में गुरुवार सुबह करीब 7-30 बजे एक मोर घुस गया। मोर के घुसने से इंजन में शॉर्ट सर्किट हो गया।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### यूसीसी पर बड़ी पहल

उत्तराखंड मंत्रिमंडल ने समान आचार संहिता के ड्राफ्ट बिल को मंजूरी दे दी है, यह चार दिनों के विशेष सत्र में आसानी से पारित भी हो जाएगा। इस तरह देश को आजादी मिलने के बाद समान आचार संहिता (सीसी) लागू करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य बन जाएगा। असम और गुजरात जैसे राज्य भी उत्तराखंड वाले मॉडल पर ही समान आचार संहिता को लागू करने की तैयारी में हैं। सीसी देश की राजनीति के सबसे विवादित मुद्दों में रहा है। हालांकि संविधान में भी नीति निर्देशक तत्वों के रूप में इसका उल्लेख है। इस लिहाज से राजनीति की सभी धाराएं इस बात पर एकमत रही हैं कि देश में सभी पंथों, आस्थाओं से जुड़े लोगों पर एक ही तरह के कानून लागू होने चाहिए। इसे व्यवहार में लाने पर अगर असहमति रही तो उसका आधार यह था कि किसी समूह को ऐसा नहीं लगना चाहिए कि उसे उसकी आस्था या संस्कृति से जबरन अलग किया जा रहा है। लेकिन पिछले कुछ समय से इस पर अच्छी खासी बहस चली है। बीजेपी लंबे वक्त से इसकी मांग करती आई है और इधर उसने इस मुद्दे को जोरदार ढंग से उठाया है। वहीं, न्यायपालिका की तरफ से भी बार-बार इसे लागू करने की जरूरत बताई जा रही है। ऐसे में यह माना जा सकता है कि देश में इसे लेकर जागरूकता हाल के दिनों में बढ़ी है। लिहाजा एक-एक करके अलग-अलग राज्यों में इसे लागू करने और वहां के अनुभव के आधार पर आगे बढ़ने का ख्याल गलत नहीं कहा जा सकता। हालांकि उत्तराखंड सरकार इस पर धीरे-धीरे ही आगे बढ़ी है, लेकिन चूंकि जस्टिस रंजना देसाई की अगुआई वाली समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई और रविवार को कैबिनेट की मंजूरी दे दिए जाने के बाद भी मीडिया को औपचारिक तौर पर जानकारी नहीं दी गई, इसलिए इसके प्रावधानों को लेकर थोड़ा सस्पेंस बना हुआ है। उम्मीद की जानी चाहिए कि विधानसभा में इसे पेश किए जाने और वहां बहस शुरू होने के बाद इससे जुड़े तमाम पहलुओं पर रोशनी पड़ेगी और सभी दुविधाएं, संदेह दूर हो जाएंगे। अभी मीडिया में छन-छन कर जो सूचनाएं आ रही हैं, उनके मुताबिक शादी, तलाक, अडॉप्शन से जुड़े कानूनों में एकरूपता के जो प्रावधान हैं, वे ष्ष्ट की मूल अवधारणा के अनुरूप ही हैं।

### सिमटता चांद

दुनिया में अंतरिक्ष विज्ञान के सर्वोच्च अमेरिकी संस्थान नासा के वैज्ञानिक चिंतित हैं कि चांद सिकुड़ रहा है और इससे आने वाले चंद्र अभियानों में परेशानी आ सकती है। द प्लैनेटरी साइंस जर्नल में प्रकाशित एक शोध पत्र में शोधकर्ताओं ने बताया है कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र ने सिकुड़ते चंद्रमा के प्रभावों का अनुभव किया है। हालांकि, वैज्ञानिक इस बात को विगत दशक से जानते हैं कि चांद सिमट रहा है। साल 2019 में ही नासा ने बता दिया था कि आंतरिक शीतलन की वजह से पिछले लाखों वर्षों में चंद्रमा लगभग 150 फीट जगह खो चुका है। नासा ने फिर बताया है कि चंद्रमा, पृथ्वी की तरह ही भूकंपों (जिन्हें मूनक्वेक के रूप में जाना जाता है) और दोषों का अनुभव करता है, क्योंकि इसका आंतरिक भाग धीरे-धीरे ठंडा होते हुए सिकुड़ता जा रहा है। चांद के उस दक्षिणी ध्रुव पर सिकुड़न को महसूस किया गया है, जिसके प्रति वैज्ञानिकों में सर्वाधिक आकर्षण है। चंद्रमा पर स्थाई केंद्र या चौकियों के स्थान और वहां स्थिरता की योजना बनाते समय समस्या आ रही है। चंद्रमा के संकुचन से वैज्ञानिकों को सुनिश्चित आकलन में दिक्कत आ रही है। चांद पर इंसान के उतरे हुए पचास साल से भी ज्यादा समय बीत चुका है और नासा अपने आर्टिमस अभियान के तहत चांद पर फिर इंसानों को भेजने की योजना पर काम कर रहा है। वह इंसानों को इस बार चांद के ऐसे क्षेत्र में उतारने की योजना पर काम कर रहा है, जहां उपयोगी शोध की ज्यादा गुंजाइश है और ठीक ऐसी ही संभावित जगह पर संकुचन की समस्या चिंता बढ़ा रही है। संभव है कि संकुचन के प्रति चिंता की वजह से चांद पर इंसानों को उतारने की योजना में कुछ देरी हो। गौरतलब है कि 20 जुलाई 1969 को पहली बार इंसान चांद पर पहुंचा था और दिसंबर 1972 तक करीब 12 अंतरिक्ष यात्री चांद पर कदम रख चुके थे। अब अमेरिकी योजना के अनुसार, सितंबर 2025 के बाद ही मानव मिशन चांद की ओर रवाना होगा। अन्य सभी देशों को नासा के चंद्र मानव अभियान का इंतजार है। यहां लगे हाथ अगर भारत की बात करें, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2035 तक अंतरिक्ष केंद्र या स्पेस स्टेशन स्थापित करने और 2040 तक चांद पर किसी भारतीय को उतारने का लक्ष्य तय किया है।बहरहाल, सवाल चांद के संकुचन का है, वैज्ञानिकों को इसका विस्तृत अध्ययन करना चाहिए और भावी चंद्र अभियानों में देरी के लिए इसका इस्तेमाल किसी बहाने के रूप में नहीं करना चाहिए।

## यूसीसी पर उत्तराखंड ने जो सार्थक पहल की है उससे दूसरे राज्यों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए

(ललित गर्ग)

आज जबकि भारत विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है, जी-20 देशों की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत कर चुका है, भारत की अहिंसा एवं योग को दुनिया ने स्वीकारा है, विश्व योग दिवस एवं विश्व अहिंसा दिवस जैसे आयोजनों की संरचना हुई है। उत्तराखंड मंत्रिमंडल ने समान आचार संहिता (यूसीसी) के ड्राफ्ट बिल को मंजूरी दे दी और इसे विधानसभा में पेश भी कर दिया। अब चार दिनों के विशेष सत्र में इसे आसानी से पारित भी कर दिया जायेगा। इस तरह देश को आजादी मिलने के बाद यूसीसी लागू करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य बन जाएगा। इससे पहले गोवा में यह लागू है। आजादी के अमृतकाल में समानता की स्थापना के लिये इससे अपूर्व वातावरण निर्मित होगा। यह उत्तराखण्ड ही नहीं, समूचे भारत की बड़ी जरूरत है। समानता एक सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदेशिक लोकतांत्रिक मूल्य है। इस मूल्य की प्रतिष्ठापना के लिये समान कानून की अपेक्षा है। यूसीसी देश की राजनीति के सबसे विवादित मुद्दों में रहा है। हालांकि संविधान में भी नीति निर्देशक तत्वों के रूप में इसका उल्लेख है। इस लिहाज से राजनीति की सभी धाराएं इस बात पर एकमत रही हैं कि देश में सभी पंथों, आस्थाओं से जुड़े लोगों पर एक ही तरह के कानून लागू होने चाहिए। राष्ट का कोई भी व्यक्ति, वर्ग, सम्प्रदाय, जाति जब-तक कानूनी प्रावधानों के भेदभाव को झेलेगा, तब तक राष्ट्रीय एकता, एक राष्ट की चेतना जागरण का स्वप्न पूरा नहीं हो सकता। उत्तराखण्ड एवं गोवा के बाद असम और गुजरात जैसे राज्य भी समान आचार संहिता को लागू करने की तैयारी में हैं। भारतीय जनता पार्टी एवं नरेन्द्र मोदी सरकार यूसीसी लागू करने की मांग जोरदार तरीके से करती आ रही है और इस मुद्दे को प्रभावी ढंग से उठाया है। भारतीय न्यायपालिका की तरफ से भी बार-बार इसे लागू करने की जरूरत बताई जा रही है। ऐसे में यह माना जा सकता है कि देश में इसे लेकर जागरूकता हाल के दिनों में बढ़ी है और इसका श्रेय भाजपा को दिया जाना चाहिए। समान नागरिक संहिता दरअसल एक देश एक कानून की अवधारणा पर आधारित है। यूनिफॉर्म सिविल कोड के अंतर्गत देश के सभी धर्मों, पंथों और समुदायों के लोगों के लिए एक ही कानून की व्यवस्था का प्रस्ताव है। भारत के विधि आयोग ने राजनीतिक रूप से अतिसंवेदनशील इस मुद्दे पर देश के तमाम धार्मिक संगठनों से सुझाव आमंत्रित किए थे। यूसीसी में संपत्ति के अधिग्रहण और संचालन, विवाह, उत्तराधिकार, तलाक और गोद लेना आदि को लेकर सभी के लिए एकसमान कानून बनाया जाना है। पिछले कुछ समय से इस पर अच्छी खासी बहस चली है। लिहाजा एक-एक करके अलग-अलग राज्यों में इसे लागू करने और वहां के अनुभव के आधार पर आगे बढ़ने का ख्याल गलत नहीं कहा जा सकता। उम्मीद की जानी चाहिए कि उत्तराखण्ड विधानसभा में इसे पेश किए जाने और वहां बहस शुरू होने के बाद इससे जुड़े तमाम पहलुओं पर रोशनी पड़ेगी और सभी दुविधाएं, शंकाएं एवं संदेह दूर हो जाएंगे। जो अन्य राज्यों के लिये लागू करने का आधार बनेगी। भारतीय संविधान के मुताबिक भारत एक धर्म-निरपेक्ष देश है, जिसमें सभी धर्मों व संप्रदायों (जैसे- हिंदू, मुस्लिम, सिख, बौद्ध, आदि) को मानने वालों को अपने-अपने धर्म से सम्बन्धित कानून बनाने का अधिकार है। भारत में दो प्रकार के पर्सनल लॉ हैं। पहला है हिंदू मैरिज एक्ट 1956 जो कि हिंदू, सिख, जैन व अन्य संप्रदायों पर लागू होता है। दूसरा, मुस्लिम धर्म को मानने वालों के लिए लागू होने वाला मुस्लिम पर्सनल लॉ। ऐसे में जबकि मुस्लिमों को छोड़कर अन्य सभी धर्मों व संप्रदायों के लिए भारतीय संविधान के प्रावधानों के तहत बनाया गया हिंदू मैरिज एक्ट 1956 लागू है तो मुस्लिम धर्म के लिए भी समान कानून लागू होने की बात की जा रही है, जो प्रासंगिक होने के साथ नये बन रहे भारत की अपेक्षा है। अभी मीडिया में छन-छन कर जो सूचनाएं आ रही हैं, उनके मुताबिक शादी, तलाक, अडॉप्शन से जुड़े कानूनों में एकरूपता के जो प्रावधान हैं, वे यूसीसी की मूल अवधारणा के अनुरूप ही हैं। बहरहाल, उत्तराखण्ड राज्य सरकार की यह एक बड़ी पहल है और इस पर अमल की प्रक्रिया ही नहीं, इसके नतीजों पर भी पूरे देश की नजरें रहेंगी। आज जबकि भारत विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है, जी-20 देशों की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत कर चुका है, भारत की अहिंसा एवं योग को दुनिया ने स्वीकारा है, विश्व योग दिवस एवं विश्व अहिंसा दिवस जैसे आयोजनों की संरचना हुई है। इन सब सकारात्मक स्थितियों को देखते हुए भारत की कानून विषयक विसंगतियों को दूर करना अपेक्षित है। क्योंकि विश्व के कई देशों में समान नागरिक संहिता का पालन होता है। इन देशों में पाकिस्तान, बांग्लादेश, मलेशिया, तुर्किये, इंडोनेशिया, सूडान, मिस्र, अमेरिका, आयरलैंड, आदि शामिल हैं। इन सभी देशों में सभी धर्मों के लिए एकसमान कानून है और किसी धर्म या समुदाय विशेष के लिए अलग कानून नहीं हैं। लेकिन भारत में राजनीतिक फायदे के लिए तुष्टिकरण का ऐसा खेल खेला गया, जो विविधता में एकता एवं वसुधैव कुटुम्बकम के दर्शन को तार-तार कर रहा है। निजी कानूनों के कारण कहीं-कहीं विसंगति के हालात भी पैदा हो रहे हैं। सामुदायिक घटनाओं को भी राजनीतिक दृष्टि से देखा जाता है, घटना को देखने का यह नजरिया वास्तव में वर्ग भेद को बढ़ावा देने वाला है। देश का मुस्लिम भी समाज का एक हिस्सा है, जिसे इसी रूप में प्रस्तुत करने की परिपाटी चलन में आ जाए तो भेद करने वाले विचारों पर लगाम लगाई जा सकती है। लेकिन हमारे देश के कुछ राजनीतिक दलों ने मुसलमानों को ऐसे भ्रम में रखने के लिए प्रेरित किया कि वह भी ऐसा ही चिंतन करने लगा, जबकि सच्चाई यह है कि आज के मुसलमान बाहर से नहीं आए, वे भारत के ही हैं। परिस्थितियों के चलते उनके पूर्वज मुसलमान बन गए। वे सभी स्वभाव से आज भी भारतीय हैं और विचार से सनातनी हैं, लेकिन देश के राजनैतिक दल अपने राजनीतिक लाभ एवं वोट बैंक के चलते मुसलमानों के इस सनातनी भाव को प्रकट करने का अवसर नहीं दे रहे। मुस्लिम पर्सनल लॉ में अनेक विसंगतियां हैं, जैसे शादीशुदा मुस्लिम पुरुष अपनी पत्नी को महज तीन बार तलाक कहकर तलाक दे सकता था। इसके दुरुपयोग के चलते सरकार ने इसके खिलाफ कानून बनाकर जुलाई 2019 में इसे खत्म कर दिया है। तीन तलाक बिल पास होने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि सदियों से तीन तलाक की कुप्रथा से पीड़ित मुस्लिम महिलाओं को न्याय मिला है।

*वर्तमान में हम देख रहे हैं कि कुछ लोग समान नागरिक कानून का विरोध कर रहे हैं, जबकि मुस्लिम समाज की महिलाएं इस कानून के समर्थन करने के लिए आगे आ रही हैं। 1985 में शाहबानो केस के बाद यूनिफॉर्म सिविल कोड का मामला सुर्खियों में आया था। सुप्रीम कोर्ट ने तलाक के बाद शाहबानो के पूर्व पति को गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था। कोर्ट ने अपने फैसले में यह भी कहा था कि पर्सनल लॉ में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू होना चाहिए।*

## चीन से मुकाबला

(रमेश जोशी)

कहते हैं- कमजोर गुस्सा ज्यादा । अगर 56 इंच का सीना होता तो शायद गुस्सा नहीं आता । लेकिन आज क्रोधित तोताराम का 28 इंची सीना उच्छ्वास के कारण ऊपर नीचे होता साफ दिखाई दे रहा था । हमने कहा- वत्स, शांत । तुम्हारे क्रोध करने से देखो भयभीत होकर यह पृथ्वी किस प्रकार कंपायमान हो रही है, लगता है जैसे 7 डिग्री तीव्रता का भूकंप आ गया हो । बोला- मज़ाक मत कर । हर वक्त का मजाक अच्छा नहीं होता । अस्सी साल से ऊपर हो गया लेकिन बचकानापन नहीं गया । मैं वास्तव में क्रोधित हूँ । लगता है अभी सीमा पर जाकर लाल आँखें और अपना 28 इंची दिखाकर चीन की हालत खस्ता कर दूँ लेकिन क्या करूँ एक तो ठंड बहुत है दूसरे 'माणा' तक जाने का कोई साधन नहीं है । अब हमें लगा तोताराम वास्तव में क्रोधित है । कहा- जब देश का रक्षामंत्री ही कुछ नहीं बोल रहा है तो तुझे क्या पड़ी है । और फिर अपन तो चीन की सीमा से बहुत दूर हैं । उत्तरप्रदेश की तरफ से आएगा तो योगी जी अपने बुलडोज़र से निबट लेंगे । और अगर उत्तराखंड की ओर से घुसेगा तो धामी जी कोई न कोई धमाका कर देंगे ।और कुछ नहीं तो कॉमन सिविल कोड से ही डरा देंगे । बोला- जब रेलमंत्री को किसी ट्रेन को झंडी दिखाने तक का पावर नहीं है तो रक्षा के लिए रक्षामंत्री से क्या कहना । करना तो मोदी जी को ही चाहिए लेकिन उन्हें राम मंदिर, चुनाव, दुनिया की नेतागीरी करने से ही फुरसत नहीं है । चीन की हिम्मत तो देखो । सीधा सीकर में घुस आया । हमने कहा- तोताराम तू क्या कह रहा है ? चीन सीकर में घुस आया और हमें पता ही नहीं । किधर से आ घुसा ? दिल्ली की तरफ से या जयपुर रोड़ की तरफ से ? क्या किया जाए ? आजकल बेचारे स्वयंसेवक भी अक्षत बांटने, रामजी के स्वागत और जमीन के नीचे त्रिशूल, चक्र, स्वस्तिक आदि ढूँढने में व्यस्त हैं नहीं तो वे अपने सुंदरकांड और हनुमान चालीसा से ही मुकाबला कर लेते । डी जे पर फुल वॉल्यूम में ऐसा शोर मचाते कि चीन की हालत खराब हो जाती । ऐसी लाठी भाँजते कि मिसाइल तक बेअसर हो जाते । बोला- घबरा मत । सेना लेकर नहीं बल्कि आकाश मार्ग से अपने मंजे से आक्रमण हुआ है । हर मकर संक्रांति पर देश में मंजे से घायल होने और मरने वालों की संख्या सैंकड़ों में होती है । पहले-पीछे बात तो सब करते हैं। एक दो चरखी जब्त भी की जाती है फिर अखबारों में मोदी, योगी या राम की पतंगों के समाचार आने लगते हैं । पतंग पटाखे बंद करने की बात की जाती है तो धर्म खतरे में पड़ जाता है । हमने कहा- क्या चीन जबरदस्ती मंजे की चरखियाँ फेंक जाता है ? बाकायदा चीन से आयात किया जाता है । माँजा ही क्या जाने क्या-क्या आयात किया जाता है । तुम चार रुपए का आयात करते हो तो बमुश्किल एक रुपए का निर्यात करते हो । बोला- क्या करें ? यदि आयात न करें तो वह फिर किसी किसी बहाने छेड़खानी करेगा । हमने कहा- आयात करते-करते भी उसने मेजर शैतान सिंह के स्मारक पर कब्ज़ा कर लिया है । लेकिन मंजे के आयात के लिए तुम्हें कौन मजबूर कर सकता है । धर्म संस्कृति की आड़ में हर चीज का धंधा करने वाले व्यापारी मजबूर करते हैं । जब भी पटाखों पर प्रतिबंध की बात आती है तो ये ही हिन्दू धर्म को खतरा बताकर हाल मचाते हैं । जब कल्याण और नैतिकता को व्यापारियों के हवाले करोगे तो यही होगा । इन्हें केवल और केवल नोट चाहियें । भारत दुनिया में बीफ का निर्यात करने वाले प्रमुख देशों में से एक है और उन सभी बूचड़खानों के मालिक हिन्दू हैं । हो सकता है उन्होंने चुनावी बॉन्ड खरीदकर संस्कारी पार्टी को खरीद लिया हो । वैसे धैर्य रखो मोदी जी कुछ दिनों पहले चीनी सीमा के सबसे निकट के चमोली जिले के गाँव 'माणा' में हो आए हैं । पहले तो दिल्ली में बैठकर लाल आँख दिखाई थी। शायद इतनी दूर से चीन को दिखाई नहीं दी ।

## सुडोकू पहेली क्रमांक-5276

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 3 | | | | | | |
| 2 | | | 3 | | | | | |
| | 4 | | 7 | 1 | | 2 | | 3 |
| | | 5 | 4 | | | | 7 | 1 |
| | | 4 | 2 | | 1 | 8 | | |
| 6 | 8 | | | | 7 | 5 | | |
| 1 | | 7 | | 6 | 9 | | 3 | |
| | | | | | 4 | | | 6 |
| | | | | | | 9 | | 5 |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5275

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 3 | 1 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 1 | 8 | 6 | 2 | 3 | 4 | 7 | 9 |
| 6 | 7 | 4 | 9 | 8 | 5 | 2 | 3 | 1 |
| 3 | 8 | 5 | 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 |
| 1 | 6 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 | 2 | 3 |
| 7 | 4 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 4 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 6 | 3 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 |
| 9 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 |

## वर्ग पहेली 5276

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | ■ | 4 | 5 | |
| 6 | | | 7 | 8 | ■ | | ■ |
| ■ | ■ | 9 | | | ■ | 10 | |
| 11 | 12 | | ■ | 13 | | | ■ |
| ■ | 14 | | 15 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | 16 | | | 17 | 18 | ■ | 19 |
| 20 | | ■ | 21 | | | 22 | ■ |
| | ■ | 23 | | | ■ | 24 | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. यह उत्तरप्रदेश का तीसरा सबसे बड़ा शहर है जो यमुना नदी के किनारे बसा है (3)
4. संसार में सबसे अधिक सड़के इस देश में है (3)
6. संकट या विपत्ति में फंसा हुआ, विपदाग्रस्त, आभागा (5)
9. उबालकर गाढ़ा करना (3)
10. हमला करने की क्रिया, प्रहार (2)
11. प्रभाव, तासीर (3)
13. एक प्रकार का रासायनिक द्रव्य पदार्थ (3)
14. उपासना स्थल, इबादतगाह (3)
16. दन-दन शब्द करना (5)
19. शास्त्रीय संगीत की सरगम में पांचवा स्वर (1)
20. किनारा, अंतिम सिरा, सीमा (2)
21. पोशाक, विशेष प्रकार का वेश, पहनने का विशेष वस्त्र (4)
23. सर्दी में पहनने का ऊनी वस्त्र (3)
24. संबंध, नाता (2)

**ऊपर से नीचे**

1. उम्मीद, वस्तु प्राप्ति का विश्वास, भरोसा (2)
2. गहरा दुख, शोक (2)
3. नरगिस, फिरोजखान, प्रदीप कुमार अभिनीत 1967 की एक फिल्म (6)
5. सप्ताह का एक दिन (4)
7. गुथे या लिपटे हुए बालों की लट, उलझे हुए रेशे (2)
8. अक्लमंदी, बुद्धिमत्ता (3)
12. समुद्र का अपभ्रंश (4)
15. अधर, ओंठ, ओष्ठ (4)
17. सिंह, शेर, बाघ वीर एवं साहसी पुरूष (3)
18. विविध, एक रिश्ता, मातामह (2)
20. उम्र, अवस्था आदि की तुलना में कम, मान, विस्तार आदि में कम (2)
22. जल, आब, पंच तत्वों में से एक, पानी (3)

### वर्ग पहेली 5275 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | शो | क | च | क्र | ■ | म | ■ |
| ना | र | द | ■ | मा | न | हा | नि |
| था | ■ | ■ | अ | नु | ज | ■ | जी |
| ल | घु | ■ | ज | ग | रा | ता | ■ |
| य | म | ज | ■ | त | ना | व | ■ |
| ■ | र | ह | ना | ■ | ■ | ■ | सा |
| मी | ना | र | ■ | ■ | बै | रा | ग |
| ना | ■ | ■ | ना | दि | रा | ■ | र |

## आज का राशिफल

### मेष

आज भाग्य साथ देगा। आज का दिन परिवार के लोगों के साथ खुशी में बीतेगा। आपको भाग्यवश दोपहर तक हर्षवर्धक शुभ समाचार भी मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें और अपने काम पर फोकस करें। शाम के समय किसी काम से यात्रा पर जाना पड़ सकता है। चिर प्रतीक्षित अतिथि के आगमन का हर्ष होगा।

### वृष

आज भाग्य साथ दे रहा है और कार्यक्षेत्र में होने वाले बदलाव से आपको लाभ होगा। आपका दिन दूसरों की मदद करने में बीतेगा। आज का दिन परोपकार में बीतेगा और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। दोस्तों के काम के लिए आपको काफी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। आप अपने अच्छे व्यवहार से सबका मन जीत लेंगे।

### कर्क

आज आर्थिक लाभ होगा और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। मंगल कार्यों की खुशी होगी और आपका मन रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होने पर क्रोध पर काबू रखें। घर गृहस्थ की समस्या सुलझने से आपको सुकून मिलेगा और नौकरी व कारोबार में भी आपके लिए अच्छा समय कटेगा। राजकीय मदद भी मिलेगी।

### सिंह

आज आर्थिक लाभ होगा। शिक्षा व प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि के योग हैं। आय के नए स्रोत बनेंगे और आपके संबंधों विशेष सम्मान दिलाएगी। भागदौड़ विशेष रहने के कारण मौसम का विपरीत प्रभाव स्वास्थ्य पर पड़ सकता है, सावधान रहें। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य पर्याप्त मात्रा में मिलेगा।

### मिथुन

आज शुभ नहीं है और आज आपके हाथ से फालतू खर्च अधिक हो सकता है। शरीर कष्ट होने से भागदौड़ व अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है। किसी संपत्ति के क्रय विक्रय के समय उसके पूर्व संपत्ति के सारे वैधानिक पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर लें।

### कन्या

आज भाग्य साथ देगा। पास और दूर की सकारणीय यात्रा भी हो सकती है। बिजनस में बढ़ती प्रॉग्रेस से काफी खुशी होगी। विद्यार्थियों को मानसिक बौद्धिक भार से छुटकारा मिलेगा। सांयकाल के समय घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है।

### तुला

आज भाग्य साथ देगा और पिता या फिर किसी उच्चअधिकारी की कृपा से आपकी संपत्ति में वृद्धि होगी। किसी बहुमूल्य वस्तु और संपत्ति की प्राप्ति की अभिलाषा आज पूरी होगी। व्यस्तता अधिक रहेगी, व्यर्थ व्यय से बचें। शाम से लेकर रात तक वाहनों के प्रयोग से सावधानी बरतें। चोट लग सकती है। प्रिय एवं महान पुरुषों का साथ मिलने से कई रुके कार्य पूर्ण होंगे।

### वृश्चिक

भाग्य आज साथ दे रहा है। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होकर धन, सम्मान, यश और कीर्ति में वृद्धि होगी। रुका हुआ कार्य सिद्ध होगा और आपकी सुख समृद्धि में वृद्धि होगी। प्रियजनों से भेंट होगी। वाणी पर संयम न रखने से विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। सांयकाल प्रियजनों से भेंट एवं रात्रि में सैर सपाटे मौज मस्ती का अवसर प्राप्त होगा।

### मकर

आज सम्मान में वृद्धि होगी और आज गृहोपयोगी वस्तुओं पर धन का खर्च होगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। आधीनस्थ कर्मचारी या किसी संबंधी के कारण तनाव बढ़ सकता है। रुपये पैसे के लेन-देन में सावधानी बरतें, धन फंस सकता है। दिन में कोर्ट कचहरी के चक्कर काटने पड़ सकते हैं जिसमें आपकी विजय हो जाएगी।

### कुंभ

आज भाग्य साथ दे रहा है और आज आपको मन के अनुकूल लाभ होने से हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति पहले से अधिक सुदृढ़ होगी। व्यवसाय परिवर्तन की योजना बन रही है। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता और पारिवारिक उत्तरदायित्व पूर्ण होंगे। सायंकाल में धार्मिक स्थानों की यात्रा पर जाने की योजना बन सकती है। वाहन प्रयोग में सावधानी बरतें, वाहन अकस्मात खराब हो जाने से खर्च बढ़ सकता है।

### धनु

आज भाग्य साथ दे रहा है और आज आपके धन में वृद्धि के योग बन रहे हैं। आज आपको अचानक से बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति होगी। आपके कोष की स्थिति मजबूत होगी। व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी और आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी। शीघ्रता व भावुकता में लिया गया निर्णय आगे चलकर पश्चाताप का कारण बन सकता है।

### मीन

आज भाग्य साथ देगा और आपको सभी कार्य में आशातीत सफलता प्राप्त होगी। संतान के प्रति दायित्व पूर्ति भी होगी और आप नौकरी व कारोबार की प्रतिस्पर्धा में आप आगे बढ़ेंगे। रुका हुआ कार्य भी सम्पन्न होगा। पाचन क्रिया में समस्या आ सकती है। नेत्र विकार हो सकते हैं। शाम से लेकर रात तक प्रियजनों के साथ समय अच्छा बीतेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

## संक्षिप्त समाचार

### मेंस कांग्रेस नेता की पुण्यतिथि पर बंटा भोजन



**जमशेदपुर, एजेंसी।** रेलकर्मियों ने मेंस कांग्रेस नेता स्वर्गीय अमरेंद्र कुमार की पुण्यतिथि पर टाटानगर ब्रांच कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर बीते रात स्टेशन चौक पर जरूरतमंदों के बीच भोजन वितरण किया। शाखा सचिव घनश्याम चौधरी ने कहा कि स्व. अमरेंद्र मेंस कांग्रेस के युवा तुर्क नेता थे, युवाओं को संगठन से जोड़ने के उनके अभियान का असर पूरे जोन में आज भी है। उन्होंने कर्मचारियों की समस्या का समाधान कर संगठन को मजबूत किया और हर तरह के चुनाव में मेंस कांग्रेस को बढ़त दिलाई। श्रद्धांजलि सभा में एनएफआईआर के शशि मिश्रा, प्रमोद कुमार, अनिल चौधरी, राजकुमार प्रसाद, पीके सिंह समेत अन्य रेलकर्मी शामिल हुए।

### मुफ्त हेलमेट बांटने वाली ट्रैफिक थाना प्रभारी को लोगों ने दी विदाई



**जमशेदपुर, एजेंसी।** जुगसलाई ट्रैफिक थाना प्रभारी संगीता कुमारी का तबादला मुसाबनी हो गया। इससे एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ द वर्ल्ड के सदस्यों ने समारोह के बीच पौधा देकर व शॉल ओढ़ाकर विदाई दी। जिसमें बागबेड़ा, जुगसलाई व करनडीह में पंचायत प्रतिनिधि व समाजसेवी ने भाग लिया। पंसस सुनील गुप्ता ने बताया यातायात जागरूकता अभियान के तहत संगीता कुमारी ने मुफ्त हेलमेट बांटकर लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का अनूठा प्रयोग किया था, जिसे जमशेदपुर के युवा हमेशा याद रखेंगे। विदाई समारोह में एलबीएसएम कॉलेज के व्याख्याता चंदन जयसवाल, शशि आचार्य, सुजाता सिंह, सिमरन मेहरा, मो. जावेद, संतोष ठाकुर, सीमा पांडे व अन्य शामिल थे

### सीओ की विदाई, बीडीओ ने संभाला कार्यभार

**मझिआंव, एजेंसी।** झारखंड सरकार राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के अधिसूचना के आलोक में मझिआंव प्रखंड के अंचलाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता को भी हजारीबाग जिला के इचाक अंचल में स्थानांतरण किया गया है। वहीं मझिआंव में शंभू राम को पदस्थापित किया गया था। लेकिन शंभू राम को नहीं आने पर जिला उपायुक्त के निर्देशानुसार अंचला अधिकारी सह सीडीपीओ रामजी प्रसाद गुप्ता सभी पदों प्रभार प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश भगत को सौंपा। विगत 2 वर्ष 7 माह से कार्यरत अंचलाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता को स्थानांतरण के पश्चात प्रखंड कार्यालय सभागार कक्ष में बिदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान अंचल व प्रखंड कर्मी सहित युवा समाज सेवियों ने फूलमाला, बुके देकर सम्मानित करते हुए अंग वस्त्र देकर विदाई किया।

### सोनेहारा में आईडीबीआई बैंक के नई शाखा शुरू

**डंडई, एजेंसी।** डंडई- प्रखंड क्षेत्र के सोनेहारा गांव में गुरुवार को आईडीबीआई बैंक शाखा का ऑनलाइन उदघाटन डीडीसी राजेश कुमार राय ने किया। इस दौरान डॉक्टर टी पियूष, आईडीबीआई बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख मनोज कुमार, प्रखंड प्रमुख कांति देवी, सोनेहारा पंचायत मुखिया चंद्रावती देवी, आईडीबीआई सोनेहारा शाखा के शाखा प्रबंधक निर्भय कुमार सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। नए शाखा के उदघाटन के मौके पर डीडीसी राजेश कुमार राय ने कहा कि आईडीबीआई बैंक द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में शाखा खोलकर प्रशंसनीय कार्य किया गया है। इससे क्षेत्र के ग्रामीणों को काफी लाभ मिलेगा। बैंक शाखा खुलने से ग्रामीणों को बैंक कार्य के लिए शहर का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा।

# हेमंत की गिरफ्तारी में भूमिका नहीं, लोकतांत्रिक नियमों का पालन

## राज्यपाल ने एक-एक सवाल का दिया जवाब

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि हेमंत सोरेन ईडी की हिरासत में मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र देने राजभवन पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे का जो पत्र सौंपा है, उसमें भी यह उल्लेख किया है कि ईडी कस्टडी में रहने के कारण उन्होंने त्यागपत्र दिया। राज्यपाल ने गुरुवार को राजभवन में पत्रकारों से बातचीत में हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी और इस्तीफे में राजभवन की भूमिका होने के सत्तारूढ़ खेमे के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि उन्होंने हर लोकतांत्रिक मानदंड का पूरी तरह से पालन किया और 26.5 घंटे में दावे के मुताबिक चंपई सोरेन को सरकार बनाने का न्योता दिया। उन्होंने कभी भी राष्ट्रपति शासन की अनुशंसा नहीं की।

ज्ञात हो कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी विधानसभा में चंपई सरकार के विश्वास मत के दौरान अपनी गिरफ्तारी में राजभवन की भूमिका होने का आरोप लगाया था। राज्यपाल ने कहा कि 31 जनवरी को ईडी की ओर से हेमंत सोरेन को हिरासत में लिए जाने की सूचना पहले राजभवन के प्रधान सचिव को दी गई।



इसके बाद सीएम सचिवालय की ओर से सूचना आई कि कस्टडी में होने के कारण हेमंत इस्तीफा देने राजभवन आना चाहते हैं। इसके बाद पहले तीन फिर दोबारा आग्रह पर पांच लोगों को राजभवन आने की इजाजत दी गई थी।

**सरकार को समर्थन नहीं देने के गुमनाम फोन आए :** राज्यपाल ने नई सरकार गठन में विलंब के संबंध में कहा कि हेमंत सोरेन के त्यागपत्र देने के बाद उनके पास दो गुमनाम फोन आए थे। इनमें कहा गया कि वे सरकार को अपना समर्थन नहीं देंगे। ऐसे में असाधारण स्थिति सामने थी। उन्होंने कानून के जानकारों से राय ली। इसके बाद एक फरवरी की रात 11 बजे चंपई सोरेन को राजभवन बुलाया, लेकिन उनके साथ कांग्रेस के एक विधायक भी राजभवन पहुंचे थे। तब चंपई सोरेन ने कहा था कि वे दो फरवरी को शपथ लेना चाहते हैं। इसके बाद उन्हें सीएम के रूप में दो फरवरी को शपथ दिलाई गई। बिहार में चार घंटे में नई सरकार गठन व झारखंड में देरी के आरोपों पर कहा कि बिहार में नीतीश कुमार को ईडी ने हिरासत में नहीं लिया था। न ही नीतीश कुमार दो दिनों से गायब थे।

**सरकार बनाने का दावा पेश करने की बात नहीं बताई गई थी :** राज्यपाल ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं कहा कि हेमंत सोरेन के साथ कौन आएगा कौन नहीं। पहले सूचना नहीं दी गई थी कि हेमंत के साथ आने वाले विधायक सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। अचानक उन्होंने 47 में से 43 विधायकों के समर्थन की बात कहते हुए सरकार बनाने का दावा पेश किया। राज्यपाल ने कहा कि जब हेमंत सोरेन इस्तीफा देने राजभवन आए थे तो दो-तीन लोग जो उनके बगल में खड़े थे, वे कौन थे, हम बिलकुल नहीं जानते थे। ईडी के अधिकारियों को भी हम नहीं पहचानते। अब भी नहीं पहचान सकेंगे।

## दिल्ली की कई ट्रेनों के रूट आज से 12 फरवरी तक बदले

**धनबाद, एजेंसी।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन और प्रयागराज रेलखंड पर जिवनाथपुर स्टेशन के यार्ड रिमॉडलिंग को देखते हुए धनबाद और गोमो होकर दिल्ली, अमृतसर और कोल्हापुर जाने वाली ट्रेनों का नौ फरवरी से 12 फरवरी तक रूट बदल दिया गया है। अलग-अलग दिन अलग-अलग ट्रेनों का परिवर्तित रूट का निर्धारण किया गया है। इस दौरान प्रयागराज छिवकी में रुकने वाली ट्रेनें प्रयागराज जंक्शन पर 10 मिनट के लिए अस्थायी तौर पर रुकेंगी। रेलवे की अधिसूचना के अनुसार नौ फरवरी को छत्रपति साहू महाराज टर्मिनल कोल्हापुर से खुलने वाली 11045 छत्रपति साहू महाराज टर्मिनल कोल्हापुर-धनबाद दीक्षाभूमि एक्सप्रेस, आठ और 10 फरवरी को आनंद विहार से खुलने वाली 12818 आनंद विहार-हटिया झारखंड एक्सप्रेस तथा 12 फरवरी को आनंद विहार से खुलने वाली 22806 आनंद विहार-भुवनेश्वर एक्सप्रेस प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज रामबाग, वाराणसी, डीडीयू के रास्ते चलाई जाएंगी। 11 फरवरी को भुवनेश्वर से खुलने वाली 12819 भुवनेश्वर-आनंद विहार एक्सप्रेस डीडीयू, वाराणसी, प्रयागराज रामबाग, प्रयागराज के रास्ते चलेंगी। नौ फरवरी को अमृतसर से खुलने वाली 12379 सियालदह-अमृतसर एक्सप्रेस डीडीयू, लखनऊ व कानपुर के रास्ते जाएंगी।

इस तरह नौ फरवरी को आनंद विहार से खुलने वाली 12820 आनंद विहार-भुवनेश्वर एक्सप्रेस, 10 फरवरी को आनंद विहार से खुलने वाली 12826 आनंद विहार-रांची संपर्कक्रांति एक्सप्रेस और 11 फरवरी को अमृतसर से खुलने वाली 12380 अमृतसर-सियालदह संपर्क क्रांति एक्सप्रेस कानपुर, लखनऊ व डीडीयू के रास्ते चलाई जाएंगी। आठ फरवरी को रांची से खुलने वाली 12825 रांची-आनंद विहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस डीडीयू, वाराणसी, जंघई व प्रयागराज के रास्ते चलाई जाएंगी। वहीं 10 फरवरी को बाड़मेर से खुलने वाली 12324 बाड़मेर-हावड़ा एक्सप्रेस प्रयागराज जंक्शन, प्रयाग, जंघई, वाराणसी, डीडीयू के रास्ते चलेंगी।12 से 24 फरवरी तक ये ट्रेनें रहेंगी रद्द- पश्चिम सेंट्रल रेलवे में एनआई के कारण मदार-कोलकाता एक्सप्रेस 12 व 14 फरवरी, कोलकाता-मदार एक्सप्रेस 15 व 22 फरवरी, हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस 12 व 19 फरवरी, भोपाल-हावड़ा एक्सप्रेस 14 व 21 फरवरी, अहमदाबाद-कोलकाता 14 व 21 फरवरी व कोलकाता-अहमदाबाद एक्सप्रेस 17 व 24 फरवरी को रद्द रहेंगी। धनबाद से डीडीयू के साथ धनबाद से गढ़वा, चोपन की रूट पर ट्रेनें प्रभावित रहने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

## स्वास्थ्य शिविर 17 मार्च को, तैयारी पर बैठक



**गढ़वा, एजेंसी।** गढ़वा जायंटस ग्रुप ऑफ गढ़वा द्वारा ज्ञान निकेतन स्कूल के प्रांगण में अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक की गई, जिसमें डॉ. आरएस दास के नेतृत्व में सैंटेविटा अस्पताल रांची व जायंटस ग्रुप ऑफ गढ़वा के संयुक्त तत्वावधान में 17 मार्च को विशाल स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। शिविर में सभी रोग के मरीजों की निःशुल्क जांच कर उन्हें मुफ्त दवा भी दी जाएगी। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के सफल आयोजन के लिए पूर्व फेडरेशन पदाधिकारी नंद कुमार गुप्ता को कनवेनर बनाया गया।

इसके साथ ही शिविर को सफल बनाने के लिए छह सदस्यीय समिति बनाई गई, जिसमें मदन प्रसाद केशरी को स्थल व्यवस्था, दीपक तिवारी को दवा व्यवस्था, विजय केशरी को प्रचार-प्रसार व्यवस्था, मनोज केशरी रूपा गंजी को स्वागत करने, विनोद कमलापुरी को बैनर व नियंत्रण की व्यवस्था और मनोज केशरी हिंदुस्तान सेनेटरी को भोजन व्यवस्था की जिम्मेवारी सौंपी गई।

मौके पर अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता, पूर्व स्पेशल कमेटी सदस्य विजय केशरी, पूर्व फेडरेशन अध्यक्ष विनोद कमलापुरी व मदन प्रसाद केशरी, प्रशासनिक निदेशक मोजिबुद्दीन खान, फेडरेशन उपाध्यक्ष मनोज केशरी रूपा गंजी, फेडरेशन पदाधिकारी नंदकुमार गुप्ता, दीपक तिवारी, मनोज केशरी हिंदुस्तान सेनेटरी, विनोद कुमार गुप्ता, मनोज केशरी सन रेडियो, चंदन चंद्रवंशी, रवींद्र केशरी आदि उपस्थित थे।

## एक साल पुराने कर्मचारियों को तोहफा देगी सरकार, मानदेय में होगा 5 फीसदी इजाफा; 10 हजार को लाभ

**रांची, एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत अनुबंध पर कार्यरत कर्मियों के लिए अच्छी खबर है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के अधीन कार्यरत वैसे अनुबंधकर्मी जिन्होंने कम से कम एक साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है, उन्हें पांच फीसद मानदेय वृद्धि का लाभ मिलेगा। जबकि तीन से पांच साल का कार्यकाल पूरा करने वाले को 10 और 15 एक्सपीरिएंस बोनस लाभ मिलेगा। सरकार के इस निर्णय से राज्यभर में कार्यरत करीब 10 हजार अनुबंधकर्मियों को इसका लाभ मिलेगा।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के अभियान निदेशक सह स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव आलोक त्रिवेदी ने इस बाबत आदेश जारी कर दिया है। उन्होंने कहा है कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आरओपी (रिकॉर्ड ऑफ प्रोसिडिंग) 2022-24 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड अंतर्गत कार्यरत कर्मियों का अनुमान्य 5 मानदेय वृद्धि के अनुरूप मानदेय भुगतान किया जाना है।

अभियान निदेशक ने कहा है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड अंतर्गत कार्यरत जिन कर्मियों की सेवा 31 मार्च 2023 को कम से कम एक वर्ष पूरी होती है, उन्हें उनके वर्तमान भुगतेय मानदेय पर अनुमान्य पांच प्रतिशत मानदेय वृद्धि का लाभ देय होगा। मानदेय वृद्धि एवं बोनस का वित्तीय लाभ 01 अप्रैल 2023 से आच्छादित होगा। वैसे अनुबंध कर्मी जिन्होंने एक ही पद पर



तीन से पांच साल तक का कार्यकाल पूरा कर लिया है, उन्हें उनके बेस सैलरी का 10 प्रतिशत एक्सपीरिएंस बोनस देय होगा। जबकि, जिन अनुबंध कर्मियों ने एनएचएम में एक ही पद पर पांच वर्ष से अधिक का कार्यकाल पूरा कर लिया है, उन्हें उनके बेस सैलरी का 15 प्रतिशत एक्सपीरिएंस बोनस देय होगा। अभियान निदेशक ने स्पष्ट कहा है कि जिन कर्मियों ने तीन से पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करने पर 10 प्रतिशत एक्सपीरिएंस बोनस का लाभ प्राप्त कर लिया है उन्हें पांच वर्ष के बाद दिया जाने वाला 15 प्रतिशत बोनस में से शेष पांच प्रतिशत बोनस ही दिया जाएगा।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी ने अपने आदेश में स्पष्ट कर दिया है कि जिन अनुबंध कर्मियों द्वारा एनएचएम अंतर्गत ही एक पद से दूसरे पद पर योगदान दिया गया है, वैसे कर्मियों को नए पद पर कार्यरत अवधि के अनुसार ही एक्सपीरिएंस बोनस दिया जाएगा। मानदेय वृद्धि का लाभ भी वैसे कर्मियों को पूर्व के पद के अनुसार देय नहीं होगा। पद विशेष पर योगदान की तिथि को ही कट ऑफ डेअ मानते हुए बोनस भुगतान किया जाएगा। संबंधित अधिकारी जांचोपरांत ही भुगतान करेंगे। अनाधिकृत भुगतान में राशि वसूलनीय होगी।

## फोन चोरी, पैसे की ठगी-दो दोस्तों ने मिलकर खोज निकाला आरोपी और साइबर ठग, धनबाद में हुआ जमकर हंगामा

**धनबाद, एजेंसी।** एक फोन चोरी होता है। चोरी किए गये फोन से अपराधी उसके दोस्त को फोन कर मदद के नाम पर पैसे मांगते हैं। वो कहते हैं कि तुम्हारे दोस्त को बेहद जरूरत है। दोस्त क्यूआर कोड पर पैसे दे देते हैं। उसे बाद में पता चलता है कि उसके दोस्त का वो फोन जिससे मदद मांगी गई वो चोरी हो गई है। अब दोनों मिलकर चोरों का पता लगाते हैं।

पता लगाते- लगाते वो उस दुकान तक पहुंच जाते हैं जिसके क्यूआर कोड पर दोस्त ने पैसे भेजे थे। इस मामले को लेकर गुरुवार की देर रात हाई वोल्टेज ड्रामा हुआ जिसे देख आने जाने वाले राहगीरों की भीड़ इकट्ठा हो गई और तरह-तरह की अफवाह हवा में तैरने लगी। बाद में सदर थाना की मोबाइल पुलिस के पहुंचने पर मामला शांत हुआ। पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लेकर थाने चली गई।

धनबाद निवासी मुदस्सर का कहना है कि उसका दोस्त कुछ दिन पहले धनबाद स्टेशन से ट्रेन पर सवार होकर कहीं जा रहा था। इसी दौरान उसका मोबाइल फोन चोरी हो गया। बाद में मोबाइल चोरों ने फोन का लॉक तोड़कर उसका दोस्त बनकर आठ हजार रुपए की मांग की। साथ में एक क्यूआर कोड भी भेजा। जिसके माध्यम से पीड़ित युवक के दोस्त ने रुपए का भुगतान किया। बाद में पता चला कि उसका मोबाइल चोरी हो गया था और चोरों ने ठगी की घटना को अंजाम दिया है।पता लगने पर पीड़ित युवक दोस्तों के साथ मोबाइल चोर की खोज में जूट गया। वह लोग क्यूआर कोड को ट्रेस किया और पाया कि धनबाद स्टेशन के बाहर मोबाइल एसेसरीज का दुकान लगाने वाले दुकानदार के अकाउंट में चोरों द्वारा मांगे गए रकम का भुगतान हुआ है। इसके बाद पीड़ित युवक अपने साथियों के साथ मोबाइल बेचने वाले दुकानदार पर दबाव बनाने लगा। जिस पर दुकानदार ने पीड़ित युवकों को आश्वस्त किया कि मोबाइल चोर को वह खोज कर उनको खबर करेगा।



स्टेशन रोड में मोबाइल एसेसरीज का दुकान चलाने वाले युवक को जब इस बात पर संदेह हुआ कि उसको झांसा देकर उसके क्यूआर कोड का इस्तेमाल किया गया है। वह मोबाइल चोर की खोजबीन में जूट गया। इसी दौरान गुरुवार की शाम मोबाइल चोर नजर आया तो उसने काफी मशक्कत कर उसे दबोच लिया। दुकानदार का कहना है कि मोबाइल चोर उसके दुकान पर आया था और उसे बताया कि उसके पास पैसा खत्म हो गया है।

## झारखंड के गढ़वा में चार साल के बच्चे की हत्या, आरोपी पति-पत्नी गिरफ्तार

**गढ़वा, एजेंसी।** झारखंड के गढ़वा जिलांतर्गत रंका थाना के सोनदाग गांव में चार साल के बच्चे की हत्या करने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। बच्चे की हत्या के मामले में आरोपी पति-पत्नी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं उसकी नाबालिग बेटी को भी बाल सुधार गृह भेजा गया। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में आरोपियों ने बच्चे की हत्या में संलिप्तता स्वीकार कर ली है। गुरुवार को प्रेसवार्ता कर एसपी दीपक कुमार पांडेय ने यह जानकारी दी।एसपी ने बताया कि एक हफ्ता पहले गिरफ्तार आरोपी के भाई लव साव के घर से ढाई लाख रुपये की चोरी हुई थी। उनमें से 50 हजार रुपये उसके नाबालिग भतीजी के पास से ही बरामद किया गया था। उसने बताया कि उसने धीरज की पत्नी रानी के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। जब रानी से उक्त लोगों ने रुपये चोरी की बाबत पूछताछ की तो उसने घटना में संलिप्तता से इनकार कर दिया। उससे आरोपी पक्ष के लोग आक्रोशित हो गए। सबक सिखाने के लिए रानी के चार साल के बच्चे का अपहरण कर उसकी हत्या कर कुएं में डाल दिया।

## 26 लाख लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने का लक्ष्य

**धनबाद, एजेंसी।** फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) की तैयारी पूरी हो गई है। सदर अस्पताल में 10 फरवरी को दवा खिलाकर अभियान की शुरुआत की जाएगी। सहिया, सेविका व सहायिका 11 से 25 फरवरी तक घर-घर जाकर लोगों को दवा खिलाएंगी। पहले दिन के लिए 2220 बूथ बनाए गए हैं। यह जानकारी प्रेस वार्ता कर सिविल सर्जन डॉक्टर चंद्रभानु प्रतापन ने गुरुवार को दी। उन्होंने कहा कि जिले में 26 लाख 53 हजार लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसकी शुरुआत शनिवार से होगी। सुबह नौ से शाम पांच बजे तक केंद्रों में दवा खिलाई जाएगी। सभी 10 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 35 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 141 अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व 2260 आंगनबाड़ी केंद्र में बूथ बनाए गए हैं। सरकारी और निजी स्कूलों में भी दवा खिलाई जाएगी। धनबाद के 1154 गांवों को कवर किया जा रहा है। इसके लिए जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।गर्भवती और बीमार लोगों को नहीं देनी है दवा- सिविल सर्जन ने कहा कि गर्भवती और बीमार लोगों को दवा नहीं खिलानी है। एक से दो वर्ष के बीच के बच्चों को केवल एल्बेंडाजोल दवा दी जाएगी। दो वर्ष ऊपर के लोगों को अल्बेंडाजोल और डीईसी दवा खिलाई जाएगी।

## एनआईए ने गैंगस्टर अमन साहू के गुर्गे शंकर यादव को किया गिरफ्तार, 1.30 करोड़ रुपये बरामद

**रांची, एजेंसी।** लातेहार के बालूमाथ स्थित तेतरियाखाड़ कोलियरी में गोलीबारी मामले में टेरर फंडिंग के तहत जांच कर रही राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुरुवार को बिहार के कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की।

यह छापेमारी भागलपुर, पूर्णिया व मधेपुरा के एक-एक ठिकानों पर हुई है। इस छापेमारी में कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू का गुर्गा शंकर यादव भागलपुर से गिरफ्तार किया गया है।

उसके ठिकाने से एनआईए ने एक करोड़ 30 लाख रुपये भी बरामद किया है, जो अमन साहू के लेवी-रंगदारी से वसूली के रुपये बताए जा रहे हैं। अमन साहू पूर्व में ही गिरफ्तार होकर जेल में बंद है।




एनआईए को छापेमारी में पांच मोबाइल फोन, एक हार्ड डिस्क, एक मैगजीन के साथ एक राइफल (30-06 बोर), एक पिस्तौल (7.65 मिमी), दो मैगजीन और विभिन्न कैलिबर के 63 कारतूस मिले हैं। कुछ संदिग्ध दस्तावेज भी मिले हैं।

दिसंबर 2020 के इस केस को एनआईए ने मार्च 2021 में अपने हाथ में लिया था। इस केस में एनआइए ने अब तक कुल 24 आरोपितों के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल कर दिया है।

एनआईए ने छानबीन में पाया है कि भागलपुर का शंकर यादव अपराधी अमन साहू का खास गुर्गा है। वह अमन साहू के लेवी-रंगदारी के रुपयों को रियल इस्टेट के व्यवसाय में निवेश करता था। उसकी गिरफ्तारी के साथ-साथ उसके पास से बरामद 1.30 करोड़ रुपये भी बरामद किए गए हैं।

लातेहार के बालूमाथ थाना क्षेत्र में सीसीएल के तेतरियाखाड़ कोलियरी में आगजनी व गोलीबारी की घटना 18 दिसंबर 2020 को हुई थी, तब अपराधियों ने चार ट्रक व एक मोटरसाइकिल को आग के हवाले कर दिया था। इस घटना में चार आम नागरिक जख्मी हुए थे। इस घटना में शामिल अपराधी सुजीत सिन्हा व अमन साहू गिरोह के थे।तेतरियाखाड़ की इस घटना में दर्ज केस को टेकओवर करते हुए एनआईए ने अपने यहां चार मार्च 2021 को केस दर्ज किया था।आपराधिक गिरोह के दोनों सरगना पूर्व में ही गिरफ्तार हो चुके हैं।

## एचईसी प्रबंधन बोला:चुनाव आचार संहिता से पहले काम पर लौटें कर्मी, नहीं तो कंपनी बंद होने की आशंका

**हटिया, एजेंसी।** एचईसी प्रबंधन ने अपने कामगारों से कहा है कि उनकी सभी मांगें मान ली जाएंगी, लेकिन शर्त यह है कि उन्हें चुनाव आचार संहिता लगने से पहले काम पर लौटना होगा। एचईसी को बचाना है तो बंद पड़ी मशीनों की सेहत के लिए उन्हें तुरंत चालू करना होगा। 4-5 करोड़ रुपए का अटका काम पूरा करना होगा।

यदि वे ऐसा नहीं करते हैं कि तो आचार संहिता के कारण लंबा समय खींच जाएगा, जिससे 3-4 महीने बाद कंपनी चालू करना मुश्किल होगा। एचईसी के निदेशकों ने गुरुवार को एचईसी बचाओ मजदूर जनसंघर्ष समिति के प्रतिनिधियों के साथ मुख्यालय में दो घंटे चली वार्ता में कंपनी की हालत और कामगारों के 22 महीने से बकाया वेतन और भविष्य की आशंकाओं पर विस्तार से जानकारी देते हुए अविलंब उत्पादन शुरू करने की अपील की। साथ ही देर रात प्रबंधन की ओर से कामगारों से आंदोलन समाप्त करने से संबंधित पत्र भी जारी किया गया। कंपनी के निदेशकों ने कहा कि फिलहाल बंद प्लांट 5-7 करोड़ में शुरू हो सकता है, लेकिन बाद में 70-80 करोड़ रुपए खर्च कर भी यह नहीं किया जा सकेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मिलिये मप्र के अल्टीमेट डेयरडेविल्स से, जो मोटर साइकिलों पर कीर्तिमान बना रहे

**भोपाल।** तैयार हो जाइए अपने इंजनों को गति देने के लिए जबलपुर स्थित कोर ऑफ सिग्नल्स के अल्टिमेट थ्रिल-सीकर्स, डेयरडेविल्स ऑन व्हील्स के साथ! यह चौंका देने वाली मोटरसाइकिल प्रदर्शन टीम, भारतीय सेना की गौरवशाली टुकड़ी है, जो अपने दिल दहला देने वाले स्टंट्स और सटीक विन्यास के साथ देशभर में मशहूर है। जानिए कैसे ये लोग अपनी पैंतरेबाज़ी में उत्कृष्टता और अनुशासन का अनूठा संतुलन बनाते हैं, ओएमजी! यह मेरा भारत के पहले एपिसोड में, जो प्रीमियर हो रहा हैइस मंगलवार, 12 फरवरी, रात 8 बजे हिस्ट्री टीवी18 पर। इस पाथब्रेकिंग अरिजनल फैक्चूअल एंटेरटैनमैंट सीरीज़ का लैंडमार्क दसवां सीजन भी हर मंगलवार रात 8 बजे दर्शकों का मनोरंजन करते हुए उन्हें प्रेरणा देने के वादे को निभाता है और ऐसे व्यक्तियों की दिलचस्प कहानियाँ प्रस्तुत करता है जिन्होंने अपनी अनोखी प्रतिभा, सामाजिक प्रभावी पहल, प्रौद्योगिकी नवाचार, रिकॉर्ड तोड़ कारनामों, अनोखी रुचियों और दिलचस्पी के साथ समाज में नई लहर पैदा की। अरिजनल गैंगस्टर्स (ओजी) के रूप में विख्यात इस मोटरसाइकिल प्रदर्शडिस्प्ले न टीम ने अपने अद्वितीय कौशल और अदम्य साहस के बल पर दिल दहला देने वाले प्रदर्शनों के साथ अब तक 25बार गणतंत्र दिवस परेड में भाग लिया है। लेकिन उनके कृत्य केवल स्टंट नहीं हैं; वे भारत के गर्व और शौर्य को श्रद्धांजलि हैं, इनका साहस और इनकी सटीकता भारतीय सेना को परिभाषित करती है। इन स्पीडमास्टर्स ने 24 शानदार विश्व रिकॉर्ड बनाकर इतिहास में अपने नाम लिख दिया है! जबलपुर के इन डेयरडेविल्स ऑन व्हील्स के शानदार प्रदर्शन का आनंद लीजिए, साथ ही देश भर की अन्य अद्भुत कहानियों का भी, जिसमें शामिल है आपके चिप्स के बैग को स्टाइलिश सनग्लासेस में बदलने वाला स्टार्ट-अप भी!

### छत्तीसगढ़ में देश का सबसे बड़ा बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम

**रायपुर, एजेंसी।** देश में हरित ऊर्जा को प्रोत्साहित किया जा रहा है और उसी के चलते छत्तीसगढ़ में देश के सबसे बड़े बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम ने काम करना शुरु कर दिया है। इससे प्रतिदिन पांच लाख यूनिट से अधिक बिजली का उत्पादन होगा और लगभग 4.5 लाख मीट्रिक टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। राजनांदगांव जिले में डोंगरगढ़ रोड पर ग्राम ढ़ाबा के आस-पास के चार-पांच गांव के पहाड़ी क्षेत्र में स्थापित किया गया है। संयंत्र के साथ स्थापित बैटरी सिस्टम के माध्यम से रात्रि में भी बिजली की सुविधा रहेगी। इससे प्रतिदिन पांच लाख यूनिट से अधिक बिजली का उत्पादन होगा और लगभग 4.5 लाख मीट्रिक टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। इससे हरित ऊर्जा को प्रोत्साहन मिलेगा। आधिकारिक जानकारी में बताया गया है कि क्रेडा द्वारा राजनांदगांव में ऑनग्रिड सोलर पावर प्लांट स्थापना का कार्य सोलर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (सेकी) एवं छत्तीसगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी को सौंपा गया था। इस कंपनी द्वारा एक फरवरी 2024 को संयंत्र स्थापना कार्य पूर्ण कर लिया गया और उसने काम करना भी शुरु कर दिया है। यह देश का पहला ऑनग्रिड सोलर सिस्टम है, जिसमें 100 मेगावॉट का सोलर संयंत्र स्थापित किया गया है।

### छत्तीसगढ़ में जोगी कांग्रेस के भाजपा में विलय की चर्चा तेज

**रायपुर, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के नजदीक आते ही प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर जोगी कांग्रेस की चर्चा तेज हो गई है। चर्चा यह है कि आगामी लोकसभा के चुनाव से पहले जनता कांग्रेस जोगी का भारतीय जनता पार्टी के साथ विलय हो सकता है। वहीं बीते कुछ दिनों से प्रदेश में चल रहे राजनीतिक घटनाक्रम भी कुछ इस तरह के इशारे भी कर रहे हैं। बतादें कि बीते दिनों छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जोगी के अध्यक्ष अमित जोगी ने दिल्ली में केंद्रीय मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। जिसके बाद से प्रदेश में जोगी कांग्रेस के भाजपा के जाने की भी हलचल तेज हो गई है। छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री स्व अजीत जोगी ने प्रदेश में एक क्षेत्रीय दल की संभावनाओं के साथ ही छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जोगी पार्टी बनाई थी। जिस तरह से प्रदेश में जोगी के नेतृत्व में जोगी कांग्रेस तेजी से आगे बड़ रही थी माना जा रहा था कि आने वाले दिनों में छत्तीसगढ़ में एक क्षेत्रीय दल तैयार हो जाएगा।

# शेवनिंग छात्रवृत्ति कार्यक्रम के तहत राज्य के 10 ग्रेजुएट को पोस्ट ग्रेजुएट के लिए यूनाइटेड किंगडम में अध्ययन करने का मिलेगा अवसर

**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से इस सबंध में शेवेनिंग इंडिया की प्रमुख सुप्रिया चावला ने सचिवालय में की भेंट**

- 05 छात्र और 05 छात्राएं इस योजना के तहत पोस्ट ग्रेजुएट की डिग्री प्राप्त करने के लिए जायेंगे
- उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही है उच्च शिक्षा मेधावी छात्रवृत्ति प्रोत्साहन योजना

सुनील तिवारी



**देहरादून।** शेवेनिंग अंतरराष्ट्रीय छात्रवृत्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य सरकार 10 ग्रेजुएट छात्रों को यूनाइटेड किंगडम में अध्ययन का अवसर मिलेगा। जिसमें पांच छात्र और पांच छात्राएं शामिल होंगी। इस सबंध में शेवेनिंग इंडिया की प्रमुख सुप्रिया चावला ने सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट की। उन्होंने कहा कि शेवनिंग चार दशकों से 160 देशों में काम कर रहा है। संगठन द्वारा उच्च शिक्षा के लिए विद्यार्थियों को इंग्लैंड के किसी भी विश्वविद्यालय में प्रवेश की सुविधा प्रदान करता है, जिसकी लागत आमतौर पर एक वर्ष के लिए 40 लाख रुपये होती है। राज्य सरकार इस लागत में 20 लाख रुपये का योगदान देती है और शेवनिंग इंडिया शेष 20 लाख रुपये वहन करता है, जिससे बच्चे विश्वविद्यालय पढ़ाई में कुशल बन सकें। शेवेनिंग छात्रवृत्ति के लिए सफल विद्यार्थियों को उनकी नेतृत्व क्षमता और शैक्षणिक उत्कृष्टता के आधार पर चुना जाता है। शेवेनिंग ने दुनिया भर में कई प्रभावशाली नेताओं और परिवर्तन-निर्माताओं को तैयार किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा राज्य के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को आगे लाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। राज्य में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा मेधावी छात्रवृत्ति प्रोत्साहन योजना चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के सरकारी महाविद्यालयों के जिन मेधावी छात्र-छात्राओं को इस छात्रवृत्ति योजना के तहत विदेश भेजा जा रहा है, उनको अपने शैक्षणिक और व्यावसायिक लक्ष्यों को आगे बढ़ाने और आवश्यक कौशल और ज्ञान प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर सचिव उच्च शिक्षा शैलेश बगोली, सचिव डॉ.बी. वी.आर. सी. पुरुषोत्तम उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्र धामी ने हल्द्वानी पहुंचकर लिया स्थिति का जायजा

- घायल महिला पुलिस दल समेत अन्य पुलिसकर्मियों, प्रशासन, नगर निगमकर्मी और पत्रकार साथियों का जाना हाल चाल

विशेष संवाददाता



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को दोपहर बाद हल्द्वानी पहुंचकर गुरूवार को सांय हुई उपद्रव की घटना की स्थिति का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने हल्द्वानी बनभूलपुरा में हुई घटना में घायल महिला पुलिस दल समेत अन्य पुलिसकर्मियों, प्रशासन, नगर निगमकर्मी और पत्रकार साथियों का भी हाल चाल जाना। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन लोगों ने क़ानून तोड़ा है एवं सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है उनके सारे वीडियो फुटेज और फुटप्रिंट उपलब्ध हैं। इस घटना में शामिल सभी उपद्रवियों को चिन्हित कर, उन पर विधिसम्मत कार्रवाई की प्रक्रिया गतिमान है। मुख्यमंत्री ने हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए एडीजी कानून और व्यवस्था ए.पी अंशुमान को प्रभावित क्षेत्र में कैंप करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने अवैध निर्माण को हटाये जाने के दौरान पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों एवं कार्मिकों पर हुए हमले तथा क्षेत्र में अशांति फैलाने की घटना को सख्ती से लेते हुए अराजक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों से शान्ति बनाये रखने की अपील करते हुए अराजक तत्वों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि प्रदेश में किसी को भी कानून व्यवस्था से खिलवाड करने की छूट नहीं दी जायेगी। प्रशासनिक अधिकारी निरंतर क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये हर समय सजग रहे तथा हर स्थिति में अमन चैन एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये प्रयासरत रहें।

## सड़क पर पुलिस वाले के बेटे का स्टंट, पकड़ने पर एसीपी-इंस्पेक्टर को कुचलने की कोशिश; अब तक नहीं हुआ अरेस्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सोशल मीडिया पर लाइक्स पाने के लिए आजकल लोग कुछ भी कर जाते हैं। खतरनाक स्टंट से लेकर जान जोखिम में डालने तक से भी उन्हें गुरेज नहीं होता। गुरुग्राम में ऐसा ही एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जहां एक पुलिस अधिकारी के बेटे ने स्टंट करते हुए एसीपी और इंस्पेक्टर को टक्कर मार दी। उन्हें कुचलने की कोशिश की और मौके से भागने में सफल रहा। यह घटना 16 जनवरी को आरोपी के पुलिस अधिकारी पिता के सामने घटी। अगले दिन इसे लेकर केस दर्ज किया गया लेकिन अबतक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि एसीपी (क्राइम) वरुण दहिया और क्राइम ब्रांच के एक इंस्पेक्टर 16 जनवरी की रात को छापेमारी करने जा रहे थे, तभी उन्हें गढ़ी हरसरू इलाके में स्कॉर्पियो में स्टंट करते हुए आरोपी और उसके दोस्त दिखाई दिए। गुरूग्राम के एसीपी और इंस्पेक्टर ने स्कॉर्पियो को रोका, उस युवक को हिरासत में लिया और उसके पिता, एक विशेष पुलिस अधिकारी को इसके बारे में सूचित किया। युवक के पिता मौके पर पहुंचे और उसे दो-चार थप्पड़ जड़ दिए।

एक अधिकारी ने कहा, गुस्से में युवक स्कॉर्पियो पर चढ़ गया, इंजन चालू कर दिया। इतना ही नहीं दहिया और इंस्पेक्टर को कुचलने के मकसद से उनकी ओर तेजी से कार लेकर आया। दोनों पुलिस अधिकारी



पीछे हटने में कामयाब रहे लेकिन एसयूवी की चपेट में आने से वे घायल हो गए, जबकि आरोपी युवक तेजी से भाग गया। दहिया ने कहा कि 17 जनवरी को गुड़गांव सेक्टर 10 पुलिस स्टेशन में पहली एफआईआर दर्ज की गई और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। उन्होंने आरोपी युवक की पहचान उजागर नहीं की।

## हंगामे के बीच एमसीडी ने पास किया 16 हजार करोड़ का बजट, सड़क निर्माण और सफाई पर जोर

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए दिल्ली नगर निगम ने 16 हजार करोड़ का बजट गुरुवार को सदन में पेश किया। विपक्षी पार्षदों के हंगामे के बीच नेता सदन अपना भाषण पूरा नहीं कर सके। बजट के बाद महापौर शैली ओबरॉय, नेता सदन मुकेश गोयल और डिप्टी मेयर आलो मोहम्मद इकबाल ने प्रेस वार्ता में इसे ऐतिहासिक दिन बताया। कहा कि करीब 16 हजार करोड का बजट विकास कार्यों के लिए पास किया गया है।



तीन दिन तक चले बजट सत्र में लगातार हंगामा होता रहा। आप ने हंगामे के बीच बजट पास होने को बड़ी उपलब्धि बताया है। सड़कों के रखरखाव पर करीब एक हजार करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। इसके अलावा कचरा प्रबंधन पर चार सौ करोड़ और पांच सौ करोड़ का मेयर डिस्क्रीशनरी फंड रखा गया है।

बजट में अलग से महापौर फंड का प्रावधान किया है। नेता सदन मुकेश गोयल ने कहा कि महापौर फंड में पांच सौ करोड़ रुपये रखे गए हैं। यह वह पैसा है जो पहले से आवंटित अन्य मदों में खर्च नहीं किया गया।

### नौकरीपेशा लोगों को राहत

बजट में नेता सदन मुकेश गोयल ने कोई भी नया कर न लगाने की घोषणा की है। इससे निगमायुक्त द्वारा 9 दिसंबर को पेश किए गए बजट में प्रस्तावित पेशेवर कर लगाने के प्रस्ताव को निरस्त कर दिया है।

### असंवैधानिक तरीके से पास किया गया

दिल्ली भाजपा ने आरोप लगाया है कि निगम में गुरुवार को असंवैधानिक तरीके से बजट पास किया गया। मेयर ने स्टैंडिंग कमेटी, वार्ड व एजुकेशन समेत सभी कमेटियों की शक्तियां अपने पास रखकर गैनकानूनी तरीके से बजट पास किया है, जिसका भाजपा सख्त तरीके से विरोध करती है। उधर, कार्रवाई की मांग को लेकर भाजपा एलजी कार्यालय पहुंच गई है।

### आकांक्षाओं को पूरा करने वाला बजट

सीएम अरविंज केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की साफ-सफाई समेत कर्मचारियों, व्यापारियों और समस्त दिल्लीवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला बजट दिल्ली नगर निगम सदन में पास हुआ। इस शानदार बजट के लिए मैं सभी दिल्लीवासियों को बधाई देता हूं। हमें मिलकर दिल्ली को एक साफ-स्वच्छ और सुंदर शहर बनाना है।

## आईएनडीआईए अलायंस में आए भीमराव आंबेडकर के पोते ने रख दीं 25 मांगें, समझौते से पहले ही मुश्किल

**मुंबई, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों के बीच आईएनडीआईए अलायंस की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। पहले बिहार में नीतीश कुमार ने भाजपा के साथ नया गठजोड़ करते हुए अलायंस को झटका दिया तो अब महाराष्ट्र में विपक्षी महागठबंधन के छोटे से पार्टनर प्रकाश आंबेडकर ने भी आईएनडीआईए अलायंस की सिरदर्दी बढ़ा दी है। प्रकाश भारतीय संविधान के निर्माणकर्ता भीमराव आंबेडकर के पोते हैं। उन्होंने पिछले महीने ही महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी (एमवीए) से हाथ मिलाया। आम चुनाव से पहले उन्होंने अलायंस के समक्ष 25 मांगों की लंबी लिस्ट रखी है।

प्रकाश आंबेडकर की पार्टी वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) ने हाल ही में मुंबई में साझा कार्यक्रम के दौरान एमवीए के साथ गठबंधन का ऐलान किया है। अब उन्होंने गठबंधन के समक्ष अपनी 25 मांगे भी रखी है। जिसमें वे जातिगत जनगणना के अलावा लोकसभा और विधानसभा में ओबीसी के लिए आरक्षित सीटों की भी मांग कर रहे हैं।

आंबेडकर ने गठबंधन के साथ अगली बैठक से पहले अपनी मांगों को पूरा करने का विश्वास जताया। उनकी मांगों में सामाजिक न्याय, कृषि, भूमि सुधार आदि जैसे मुद्दे शामिल है। आंबेडकर का कहना है, वीबीए ने पहले ही अपना रुख स्पष्ट कर दिया है।

## नूंह पुलिस में एसपीओ की भर्ती फिर शुरू

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
हरियाणा के नूंह जिले में पुलिसकर्मियों की कमी को दूर करने के लिए विशेष पुलिस अधिकारियों (एसपीओ) की भर्ती की जाएगी। इसमें सेवानिवृत्त सेना के जवानों के साथ-साथ अर्द्धसैनिक बलों के कर्मियों को भी मौका दिया जाएगा। एचआईएसएफ (हरियाणा इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स) बटालियन के हटाए गए कर्मियों को भी मौका मिलेगा।

आवेदनकर्ता नौ से 15 फरवरी तक नूंह पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कमरा नंबर 402 जिला निरीक्षक शाखा में आवेदन कर सकते हैं। पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारनिया ने बताया कि चयनित उम्मीदवार को 18 हजार रुपये प्रति माह वेतन दिया जाएगा।

विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) के लिए हरियाणा के किसी भी जिले का सेवानिवृत्त कर्मचारी भी आवेदन कर सकता है। उन्होंने बताया कि आवेदन कर्ता को पासपोर्ट साइज के चार फोटो, शैक्षणिक योग्यता के प्रमाणपत्र, सेवानिवृत्ति से संबंधित सर्टिफिकेट आदि लाना होगा। आवेदक की उम्र 25 से कम 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए। अनुशासनहीनता या मेडिकल के आधार पर हटाए गए कर्मियों को भर्ती नहीं किया जाएगा। आवेदक को कम से कम पांच वर्ष की सेवा का अनुभव होना चाहिए। विशेष पुलिस अधिकारियों को भर्ती करने के बाद 15 दिन की पुलिस ड्यूटी के बारे में नूंह की पुलिस लाइन में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस बारे में और जानकारी के लिए नूंह पुलिस की वेबसाइट भी देखी जा सकती है। वहीं, हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन कृष्ण कुमार ने कहा कि अगर सफाई कर्मियों का ठेकेदार बदलता है तो नया ठेकेदार पुराने कर्मियों को नहीं हटा सकता। वह गुरुवार को नूंह के लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे।

## बेटी की शादी के लिए कमाने आए थे विनोद, गोकुलपुरी मेट्रो स्टेशन हादसे में गई जान

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
गोकुलपुरी मेट्रो स्टेशन पर हुए हादसे में मारे गए विनोद कुमार पांडेय अपनी छोटी बेटी की शादी की तैयारी में जुटे थे। गत 25 जनवरी को बेटी की सगाई हुई थी। अक्तूबर में शादी के लिए वह पैसे कमाने दिल्ली आए थे, लेकिन हादसे का शिकार हो गए। विनोद कुमार उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर स्थित लमहुआ पांडेयपुर के मूल निवासी थे। वह दिल्ली के करावल नगर में 25 वर्षीय बेटे सागर के साथ रहते थे। एक निजी कंपनी में सेल्समैन का काम करते थे और हादसे के वक्त चावल की आपूर्ति करने और पैसे लेने जा रहे थे। बेटे ने स्नातक किया है और वह पिता का सहयोग करता था। इसके अलावा परिवार में पत्नी पुष्पा और दो बेटियां अंकिता और स्वीटी हैं। अंकिता की



शादी हो चुकी है, जबकि स्वीटी की अक्तूबर में शादी होनी थी। स्वीटी मां के साथ गांव में ही रहती है। जीटीबी अस्पताल के डॉक्टर से मिली जानकारी के अनुसार पांच लोगों को इमरजेंसी में लाया गया था। इसमें से एक को मौत हो चुकी थी, जबकि चार लोगों को चोट लगी थी। सभी को प्राथमिक उपचार दिया गया है। डॉक्टर की टीम घायलों के उपचार में जुटी है। हादसे को लेकर चारों सहमे हुए हैं। सभी को पैर में चोट आई है। किसी के दाएं पैरे तो किसी के बाएं में चोट लगी है। पैर की हड्डी भी टूट गई है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि जैसे ही दीवार सड़क पर गिरी, तेज धड़ाम जैसी आवाज आई। आसपास के इलाके में मौजूद लोगों को आवाज ने चौंका दिया। इससे लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मेट्रो स्टेशन से कुछ ही दूरी पर स्थित गोकलपुरी पुलिस स्टेशन के पुलिसकर्मियों को भी इसकी आवाज सुनाई दी। आवाज सुनकर पुलिसकर्मी भी मौके पर पहुंच गए थे। इसके बाद उन्होंने पूरी घटना की जानकारी आला अधिकारियों की दी। दिल्ली मेट्रो ने घटना की रिपोर्ट मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त (सीएमआरएस) को भेज दी है। घटना कैसे हुई और किसकी खामी से हुई, उसकी जांच सीएमआरएस करेंगे। मेट्रो ने भी अपनी आंतरिक टीम बनाई है, जो जांच कर रही है। घटना के लिए जिम्मेदार लोगों को जांच होने तक निलंबित कर दिया गया है। दिल्ली मेट्रो का यह कॉरीडोर पूरे नेटवर्क में सबसे नया है।

## नेहरू प्लेस की बदली तस्वीर, स्काईवॉक से जुड़ा मेट्रो स्टेशन और मार्केट; पैदल जाने वालों को भी फायदा

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
आप अब जब भी नेहरू प्लेस जाएंगे तो आपको यहां बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। अब आपको नेहरू प्लेस के कमर्शियल मार्केट और नेहरू प्लेस मेट्रो स्टेशन जाने के लिए सड़क पार करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। स्काईवॉक ने इन दोनों को आपस में जोड़ दिया है। इससे लोगों को मार्केट और मेट्रो स्टेशन आने-जाने में सुविधा होगी। उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने गुरुवार को इसका उद्घाटन किया। स्काईवॉक की वजह से अब लोगों को नेहरू प्लेस जिला केंद्र तक पहुंचने के लिए एलिवेटेड स्टेशन से नीचे उतरकर बिजी आस्था कुंज रोड को पार नहीं करना पड़ेगा।

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के एक अधिकारी ने कहा, 75 करोड़ की लागत से बने इस प्रोजेक्ट में प्लाजा अपग्रेडेशन, गलियारों का निर्माण,



पार्किंग क्षेत्र, सीढ़ियां और बारिश के पानी की निकासी के साथ-साथ पूरे परिसर में नई अग्निशमन प्रणाली शामिल है। एलजी, जो परियोजना को एग्जीक्यूट करने वाले डीडीए के प्रमुख हैं, ने कहा कि सिविक बॉडी उपेक्षित गांवों में विकास कार्य करने के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों के अपग्रेडेशन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, हम नेहरू प्लेस में किए गए अपग्रेडेशन कार्य के लिए डीडीए की सराहना करते हैं। स्काईवॉक आकर्षक है और इससे शहर की सुंदरता बढ़ेगी। सक्सेना ने कहा कि लोगों को भी इसके रख-रखाव में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा, कोई भी परियोजना जनता के सपोर्ट के बिना सफल नहीं हो सकती। नेहरू प्लेस मार्केट एसोसिएशन के सदस्यों को क्षेत्र की स्वच्छता और रखरखाव पर विशेष ध्यान देना चाहिए। डीडीए की ऐसी कई परियोजनाएं पाइपलाइन में हैं, जिन्हें समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। उद्घाटन के वक्त दक्षिणी दिल्ली के सांसद रमेश बिधूड़ी और डीडीए के उपाध्यक्ष सुभाशीष पांडा भी मौजूद थे। एलजी ने एक्स पर लिखा, 75 करोड़ रुपये की डीडीए परियोजना, अपग्रेडेशन कार्यों ने प्रतिष्ठित बाजार के किनारों, फुटपाथों और सूरत को बदल दिया है। स्काईवॉक ईज ऑफ डुइंग के अलावा पैदल यात्रियों की सुरक्षा और निर्बाध आवागमन को सुनिश्चित करेगा।

## हिमाचल में फिर क्लीन स्वीप करेगी बीजेपी :सर्वे

**शिमला, एजेंसी।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर हिमाचल प्रदेश में सियासी हलचल तेज है। चुनाव से पहले सर्वे में चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं। भाजपा 2019 के लोकसभा चुनाव की तरह ही क्लीन स्वीप करती नजर आ रही है। एक बार फिर सूबे के सभी सीटों पर भाजपा की जीत का अनुमान है।



सी वोटर और आजतक के सर्वे के मुताबिक, हिमाचल में सभी 4 सीटों पर भाजपा की जीत हो सकती है। 2019 के लोकसभा चुनाव का रिकॉर्ड एक बार फिर रिपीट हो सकता है। आजतक की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अगर आज चुनाव हुए तो भाजपा सभी 4 सीटों पर फिर से काबिज हो सकती है। आईएनडीआईए गठबंधन और सूबे में सत्तासीन सुक्खू सरकार का भाजपा पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

अनुमान के मुताबिक, कांग्रेस की सरकार होने के बावजूद भाजपा सभी 4 सीटों (कांगड़ा, मंडी, हमीरपुर और शिमला) पर जीत दर्ज कर सकती है। इससे पहले जब 2019 में लोकसभा चुनाव हुए थे।

घटना के दौरान बस में कुल 40 से 50 लोग थे सवार

# बस में ट्रक ने मारी टक्कर, 30 घायल

- कैमूर के पुसौली के पास हुआ हादसा
- सभी को उपचार के लिए भेजा गया मोहनिया





निज संवाददाता

**कुदरा (कैमूर)।** कैमूर में एनएच-2 पर शुक्रवार को खड़े बस पर यात्री चढ़ रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दिया। इस घटना में बस पलटा जिसमें 30 लोग घायल हो गए। वहीं 7 अस्पताल में इलाजरत है। घटना कुदरा थाना क्षेत्र के पुसौली के पास घटी है। घटना के दौरान बस में कुल 40 से 50 लोग सवार थे। सासाराम से मोहनिया के लिए बस जा रही थी। सूचना पर पहुंची कुदरा पुलिस और NHAI की टीम ग्रामीण रेस्क्यू ऑपरेशन चलाते हुए सभी घायलों को उपचार के लिए निजी क्लिनिक में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज करने के बाद चिकित्सकों ने 7 लोगों को बेहतर इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल मोहनिया रेफर कर दिया है। घटना के बाद सड़क पर 2 किलोमीटर तक लंबा जाम लग गया, जहां पुलिस जाम छुड़ाने में जुटी हुई थी। जानकारी देते हुए घायल यात्री ने बताया कि वह सासाराम से मोहनिया की तरफ जाने के लिए बस में सवार हुआ था। पुसौली में यात्री बस सड़क पर ही गाड़ी खड़ा कर यात्रियों को चढ़ा रही थी। तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रक में जबरदस्त टक्कर मार दिया। इससे बस सड़क पर ही पलट गई। आसपास के ग्रामीणों द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन चला कर हम लोगों को बाहर निकाल कर अस्पताल भेज दिया गया। जानकारी देते हुए कुदरा थाना अध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि पुसौली के पास बस और ट्रक में टक्कर हुई है। जिससे बस पलट गई है। कुछ लोग घायल हैं, सभी को उपचार के लिए मोहनिया भेज दिया गया है। रास्ता बाधित है। हाइड्रा की सहायता से बस को सड़क से हटाकर रास्ता क्लियर कराया जा रहा है।

## झाड़ी में मिली बच्ची की दत्तक ग्रहण केंद्र में मौत

निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)।** कैमूर के दत्तक ग्रहण केंद्र भभुआ में ढाई महीना पहले बेलांव थाना क्षेत्र के झाड़ी से फेंकी हुई एक बच्ची को लाया गया था, जिसकी गुरुवार की देर रात मौत हो गई है। वही उसकी मौत की पुष्टि होने के बाद उसे सदर अस्पताल भभुआ में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। जहां चिकित्सकों की देख रेख में पोस्टमार्टम किया जा रहा है वही पुलिस और बाल संरक्षण इकाई की टीम आगे की जांच में जुटी है। अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा कि आखिर बच्ची की मौत किस वजह से हुई है। 5 नवंबर को ही बच्ची को बेलांव थाना क्षेत्र के झाड़ी से बरामद कर उसे एसएनसीयू में एडमिट कराया गया था। जहां 37 दिन तक एडमिट रहने के बाद उसकी हालात में पूरी तरह से सुधार होने पर उसे दत्तक ग्रहण केंद्र भभुआ में भेज दिया गया था। जहां बीती रात तबीयत बिगड़ने पर कर्मियों द्वारा डॉक्टर को जानकारी दी गई। डॉक्टर ने जांच के दौरान बच्ची को मृत घोषित किया। यह कोई नया मामला नहीं है कि जब दत्तक ग्रहण केंद्र भभुआ में बच्ची की जान चली गई, इसके पहले भी इस तरह के मामले आते रहे हैं। वहां लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हो पाएगा कि बच्ची के इलाज को लेकर लापरवाही बरती गई है या नहीं। सहायक निदेशक बाल संरक्षण इकाई के राजन कुमार ने बताया बीती रात सूचना मिला की बच्ची की तबीयत खराब है। जहां चिकित्सकों से जांच कराया गया तो बच्ची की मौत की उन्होंने पुष्टि की। जिसके बाद आवश्यक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम करने के लिए सदर अस्पताल भभुआ में उसके शव को भेजा गया है। जिसकी रिपोर्ट आने के बाद मामले की जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि दत्तक ग्रहण केंद्र भभुआ में कुल 5 बच्चे एडमिट है। बच्चों का तबीयत खराब होना सुधार होना यह नॉर्मल प्रक्रिया है। दत्तक ग्रहण केंद्र में कुल 9 स्टाफ इन बच्चों के देख रेख के लिए लगाए गए हैं। 5 नवंबर को बच्ची बेलांव थाना क्षेत्र से लाई गई थी। इस मामले में किसी भी स्टाफ की लापरवाही की बात सामने आने पर कार्रवाई की जाएगी।

# इलाज के दौरान सदर प्रखंड प्रमुख की मौत

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** सासाराम सदर प्रखंड प्रमुख कौशल्या देवी का शुक्रवार को इलाज के दौरान बनारस के एक अस्पताल में निधन हो गया। कौशल्या देवी का पिछले तीन दिनों से वाराणसी के अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। तीन दिन पहले कौशल्या देवी को ब्रेन हेमरेज हुआ था, उसके बाद इलाज के लिए वाराणसी में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान हृदय गति रुकने से उनका देहांत हो गया। कौशल्या देवी सासाराम प्रखंड के समरडीहा पंचायत से बीडीसी चुनी गई थी, उसके बाद वो प्रखंड प्रमुख बनी। सासाराम प्रखंड प्रमुख के प्रति कुछ पंचायत समिति सदस्य ने अविश्वास प्रस्ताव लाया था, लेकिन गत 5 फरवरी 2024 को वो विश्वास मत निर्विरोध प्राप्त करने में सफल रही थी, लेकिन 6 फरवरी 2024 को अचानक उनका स्वास्थ्य बिगड़ने पर परिजनों ने प्राथमिक उपचार के बाद वाराणसी के एक बड़े अस्पताल ले गए। हृदय गति रुकने से उनका निधन हो गया। निधन पर जनप्रतिनिधियों समाजसेवियों ने शोक व्यक्त किया है। शहर में शोक की लहर है। सासाराम प्रखंड प्रमुख कौशल्या देवी 63 वर्ष के उम्र में भरा परिवार छोड़ गई।

## कर्पूरीग्राम स्टेशन पर हावड़ा-रक्सौल-हावड़ा मिथिला एक्सप्रेस एवं हावड़ा-काठगोदाम-हावड़ा बाघ एक्सप्रेस का ठहराव

**हाजीपुर (वैशाली) (नि.सं.)।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर गाड़ी संख्या 13021/13022 हावड़ा-रक्सौल-हावड़ा मिथिला एक्सप्रेस एवं 13019/13020 हावड़ा-काठगोदाम -हावड़ा बाघ एक्सप्रेस का समस्तीपुर मंडल के कर्पूरीग्राम स्टेशन पर 02 मिनट का प्रायौगिक तौर पर ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। 10 फरवरी से गाड़ी संख्या 13022 रक्सौल-हावड़ा मिथिला एक्सप्रेस 14.32 बजे कर्पूरीग्राम स्टेशन पहुंचेगी तथा यहां से 14.34 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी तथा फरवरी से गाड़ी संख्या 13021 हावड़ा-रक्सौल मिथिला एक्सप्रेस 03.31 बजे कर्पूरीग्राम स्टेशन पहुंचेगी तथा यहां से 03.33 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। इसी तरह 11 फरवरी से गाड़ी संख्या 13019 हावड़ा-काठगोदाम बाघ एक्सप्रेस 09.01 बजे कर्पूरीग्राम स्टेशन पहुंचेगी तथा यहां से 09.03 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी तथा गाड़ी संख्या 13020 काठगोदाम-हावड़ा बाघ एक्सप्रेस 20.53 बजे कर्पूरीग्राम स्टेशन पहुंचेगी तथा यहां से 20.55 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा

(आम–सूचना)

झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के पत्रांक :–QU/40/189/2022/3537 दिनांकः– 30.09.2023 से प्राप्त निदेश के आलोक मे जिले के 3 CM SOE , 3 ULB एवं 17 प्रखण्ड स्तरीय आदर्श विद्यालयों में अधिष्ठापित पुस्तकालयों हेतु पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए उपायुक्त गढवा के आदेशानुसार पुस्तक मेला का आयोजन दिनांक 15.02.2024 को किया जाना है। मेला का आयोजन मुख्यमंत्री उत्कृष्ट उच्च विद्यालय रामासाहू में 11 बजे से आहूत होगी । इस हेतु कार्यक्रम स्थल पर मेला लगाने के लिए इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं से 13.02.2024 की अपराहन 4 बजे तक कार्यालय अवधि में हाथों–हाथ अथवा मेल के माध्यम से अभिव्यक्ति आमत्रित की जाती है। जिले के आधिकारिक वेबसाइट (**http://garhwa.nic.in**) पर वांछित पुस्तकों की सूची का अवलोकन किया जा सकता है।

मेल आई डी :– s.s.a.garhwa@gmail.com

विश्वासभाजन
जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना,गढ़वा

PR 318515 Human Resource Developement(23-24).D

# दोस्त के हत्या के आरोप में दो युवक गिरफ्तार

निज संवाददाता



**भभुआ (कैमूर)।** कैमूर में 1 फरवरी को 2 दोस्तों ने मिलकर तीसरे दोस्त की बेहरमी से हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने शुक्रवार 9 फरवरी को खुलासा कर दिया है। दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामला सोनहन थाना क्षेत्र के खैरा गांव का है। घटना वाले दिन संदीप कुमार ने अपनी गर्लफ्रेंड से बात करने के लिए मृतक सुजीत राम(17) का फोन इस्तेमाल किया था। संदीप ने सुजीत के फोन से अपनी प्रेमिका को कॉल कर काफी देर तक बात की। इसके बाद उसने सुजीत को उसका मोबाइल लौटाया दिया। इस दौरान सुजीत ने कहा कि अब तुम्हारी गर्लफ्रेंड का फोन नंबर मेरे पास भी आ गया है। मैं भी अब उससे बात करूंगा। इसी के बाद संदीप कुमार को गुस्सा आ गया। दोनों के बीच बहस शुरू हो गई। इसके बाद वहां मौजूद एक और दोस्त अजय राम ने संदीप का साथ देते हुए सुजीत का मर्डर कर दिया। सुजीत पर पहले ईंट-पत्थर से सिर पर वार कर फिर चाकू मारकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को खंडहर में फेंक दिया था। जानकारी देते हुए भभुआ डीएसपी शिव शंकर कुमार ने बताया कि 1 फरवरी को सोनहन थाना क्षेत्र के खैरा गांव में झाड़ीनुमा खंडहर में एक किशोर का शव मिला था। यहां प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही थी। तभी तकनीकी अनुसंधान के आधार पर मृतक के दोस्त संदीप कुमार और अजय राम को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। दोनों दोस्तों ने स्वीकार किया कि तीनों दोस्त हर दिन एक साथ मिला करते थे। इसी दौरान 1 फरवरी को संदीप कुमार की प्रेमिका का फोन उसके नंबर पर आया, लेकिन तुंरत कट गया। संदीप के मोबाइल में कॉल करने के लिए पैसा नहीं था। इस वजह से वह सुजीत का मोबाइल लेकर काफी लंबे समय तक बात करने लगा। इसी दौरान दोनों के बीच बहस हुई। इसमें संदीप ने सुजीत की हत्या कर दी। इस मामले में मृतक के दोस्त संदीप कुमार और अजय राम को गिरफ्तार किया गया है। मृतक का मोबाइल और चाकू पुलिस ने बरामद कर लिया है। भभुआ डीएसपी शिव शंकर कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी है।

## रथ यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु हुए शामिल

**सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)।** जिला मुख्यालय सासाराम साईं सेवक मंडल के तत्वाधान में विशाल रथयात्रा निकाली गई। साईं सेवक मंडल के रौजा रोड स्थित कार्यालय पर सैकड़ों भक्त जुटे, उसके बाद साईं बाबा रथ यात्रा आरंभ हुई। रथ यात्रा रौजा रोड, जीटी रोड, काली स्थान, अड्डा रोड, दुर्गा मंदिर, करन सराय, शेरगंज, मदार दरवाजा, गंधी का नीम, धर्मशाला रोड, पुरानी जी टी रोड, बौलिया, आलमगंज, नगर थना, सोना पट्टी, नवरतन बाजार, जानीबजार, बस्तीमोड़, रामेश्वर मिल, शिव घाट हो रौजा रोड होते हुए साईं मंदिर पहुंच संपन्न हुई।

कार्यालयः–असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,लातेहार
Sadar Hospital Campus, Latehar. E Mail ID: cslatehar@gmail.com.

जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (DMFT)लातेहार के अंतर्गत संविदा/अनुबंध के आधार पर चिकित्सा पदाधिकारी एवं विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी के पदों पर चयन/नियुक्ति हेतु विज्ञापन।

विज्ञापन सं0–01/2024 (DMFT) आवेदन की अंतिम तिथि–29.02.2024.

जिला लातेहार के अंतर्गत जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (DMFT) लातेहार के तहत जिले के निवासियों को उत्तम स्वास्थ्य सुविधा की उपलब्धता हेतु सदर अस्पताल लातेहार एवं रक्त अधिकोश लातेहार के लिए **अनुबंध/संविदा के आधार पर औपबंधिक एवं अस्थायी रूप** से आवश्यकता आधारित नीचे अंकित चिकित्सा पदाधिकारी एवं विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी के पदों पर चयन/नियुक्ति हेतु **हांथो–हांथ/निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट** के माध्यम से इच्छुक उम्मिदवारों से निम्नवत् रूप से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है :–

01.जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (DMFT) लातेहार के अधीन आवश्यकता आधारित (संविदा/अनुबंध) पदों का विवरण निम्नवत् हैः–

पदों की विवरणीः–

| क्र0 | पदनाम | आवश्यकता आधारित को टिवार कुल रिक्ति | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनारक्षित | आ0क0व0 | अ0जा0 | अज0जा0 | कुल |
| 1 | Physician | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 2 | Surgeon | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 3 | Anesthetist | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 4 | Radiologist | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 5 | Skin Specialist | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 6 | Nephrologists | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 7 | Forensic Expert | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 8 | Medical Officer (MBBS) | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |

नोटः–रिक्तयों की संख्या में आवश्यकतानुसार संशोधन किया जा सकता है।

➢ उपरोक्त विज्ञापन संबंधी विस्तृत जानकारी, शर्तें, अर्हता, आवेदन का प्रपत्र आदि का अवलोकन लातेहार जिले के अधिकृत वेबसाईट http://latehar.nic.in पर देखा जा सकता है।

PR 318381 Health Med Edu and Family Welfare(23-24).D
सिविल सर्जन लातेहार

# महाप्रबंधक अनिल कुमार खण्डेलवाल की अध्यक्षता में पूमरे मुख्यालय, वैशाली प्रेक्षा गृह में तकनीकी सम्मलेन सह प्रर्दशनी का हुआ आयोजन

निज संवाददाता



**हाजीपुर (वैशाली)।** शुक्रवार को महाप्रबंधक अनिल कुमार खण्डेलवाल की अध्यक्षता में पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय के वैशाली प्रेक्षागृह में तकनीकी सम्मलेन सह प्रर्दशनी का आयोजन प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर शअमित कुमार अग्रवाल के दिशा-निर्देश में आयोजित की गयी जिसमें पूर्व मध्य रेल के सभी मंडलों, वर्कशॉपों एवं कोचिंग डिपो से अधिकारी एवं कर्मचारीगण अपने विभिन्न कार्यक्षेत्रों से जुड़े प्रदर्शनी एवं विभिन्न यांत्रिक मॉडलों को महाप्रबंधक महोदय के समक्ष प्रदर्शित किया। साथ ही साथ विभिन्न विषयों पर अपनी-अपनी प्रस्तुतीकरण पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से दिया। इस सेमिनार के प्रथम सत्र में रेल मदद पोर्टल पर दर्ज शिकायत के निवारण हेतु की गई पहल से संबंधित प्रस्तुतीकरण दिया गया एवं दूसरे सत्र में तकनीकी समाधान हेतु किए जा रहे कार्यों तथा यात्री सेवा में वृद्धि करने हेतु की जा रही पहल से संबंधित प्रस्तुतीकरण दिया गया। इसमें पूर्व मध्य रेल के साथ पूर्वोत्तर रेलवे, पूर्व रेलवे, दक्षिण पूर्व रेलवे एवं उत्तर मध्य रेलवे के 29 अधिकारियों, 121 पर्यवेक्षकों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय भाग लिया तथा कुल मिलाकर 18 प्रजेंटेशन एवं 12 एक्जीबिट प्रस्तुत किये गये। इसमें मुख्यतः सात प्रजेंटेशन कोच की सफाई से संबंधित रहे और तीन-तीन प्रजेंटेशन यात्रियों को ट्रेन में मुहैया कराये जाने वाले बेडरॉल की साफ-सफाई एवं कोच में विद्युत की व्यवस्था से संबंधित रहे। कोच में पानी की समस्या से संबंधित एवं बेडरॉल वितरण से संबंधित दो प्रजेंटेशन हुए। पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा लगातार निगरानी एवं नये मशीन आदि के द्वारा दिसम्बर 2023 की तुलना में जनवरी 2024 में यात्री कोच से संबंधित शिकायतों में 34 प्रतिशत सुधार दर्ज किया गया। जिसमें बेडरॉल के 46 प्रतिशत, कोच की सफाई से संबंधित शिकायतों में 35 प्रतिशत का सुधार, कोच अनुरक्षण से संबंधित शिकायतों में 31 प्रतिशत, कोच विद्युत के 26 प्रतिशत एवं पानी से संबंधित शिकायतों में क्षेत्रीय आधार पर 34 प्रतिशत, स्वामित्व के आधार पर 40 प्रतिशत का सुधार दर्ज किया गया। इसमें सोनपुर मंडल का प्रदर्शन सर्वोत्तम रहा। सोनपुर मंडल में दिसंबर 2023 में दर्ज 2116 की तुलना में जनवरी 2024 में 1054 शिकायत दर्ज हुए, जो कि 50 प्रतिशत सुधार दर्शाता है। नये तकनीक, मोबाइल एप एवं सॉफ्टवेयर की मदद से भविष्य में और सुधार अपेक्षित है। महाप्रबंधक महोदय ने पूर्व मध्य रेलवे द्वारा अब तक किये गये प्रयासों की सराहना की एवं भविष्य में शिकायत को और कम करने की सलाह दी। तकनीकी सम्मेलन सह प्रर्दशनी में सभी विभागाध्यक्षों एवं यांत्रिक विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी के साथ संपन्न हुआ।

## घर में लगी आग, दो बाइक समेत लाखों का सामान जलकर राख



निज संवाददाता

**सूर्यपुरा (रोहतास)।** रोहतास के सूर्यपुरा प्रखंड के बलिहार गांव में शुक्रवार को एक घर में आग लगने से लाखों का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बलिहार गांव में तिलक देव प्रसाद के दालान में दोपहर में शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। आग तेजी से फैली जिससे बाहर रखे दो मोटर साइकिल जल कर राख हो गए, जबकि इलेक्ट्रॉनिक सामान और फर्नीचर भी जल गया। बताया गया कि दालान बंद था, तभी आग लग गई। जब तक लोगों ने आग देखा, तब तक फैल चुकी थी। आग की बात फैलते ही कोहराम मच गया, बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए। पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। सूचना के बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड के तीन वाहन मौके पर पहुंचे, लेकिन आग इतनी जबरदस्त थी कि बुझाने में तीनों गाड़ियों का पानी खत्म हो गया। आस-पास तालाब ना होने के कारण मोटर के पानी की सहायता से आग पर काबू पाया गया। पीड़ित परिवार के सदस्य ने बताया कि आग लगभग एक बजे लगा था। दो घंटे की कड़ी में मशक्कत के बाद ग्रामीण पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ी से आग पर काबू पाया गया। बताया कि वहां रखा लाखों का सामान जल कर राख हो गया। दो मोटरसाइकिल, एक साइकिल, तीन कूलर पूरी तरह जल गए हैं। दुकान के बिक्री के लिए कोको कला और मिनरल वाटर की बोतल भी जल गई। पशु चारा भी जल गया।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
नगर विकास प्रमण्डल औरंगाबाद

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–01/2023–24

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, नगर विकास प्रमण्डल, औरंगाबाद
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : दिनांक– 06.02.2024
3. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समयः दिनांक– 15.02.2024 को 3:00 बजे अप0 तक
4. निविदा जमा करने की तिथि एवं समय : दिनांक–16.02.2024 को समय 02:30 बजे अप० तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक–16.02.2024 को 03:00 बजे अप० से
6. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : (1) संबंधित सहायक अभियंता, नगर विकास प्रमण्डल, औरंगाबाद। (2) कार्यपालक अभियंता, नगर विकास प्रमण्डल औरंगाबाद। (3) अधीक्षण अभियंता, (असैनिक) नगर विकास अंचल गया।
7. निविदा जमा करने का स्थान : उपरोक्त कॉलम 6 के अनुसार
8. कार्य की विवरणी (योजना/शीर्ष/मद का नामः विशेष केन्द्री सहायता (SCA)

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | विशेष केन्द्रीय सहायता (SCA) योजनान्तर्गत पुलिस केन्द्र औरंगाबाद के मुख्य द्वार पर 20'x25' का गार्ड रूम के साथ मोर्चा, जिसमें 02 शौचालय व 02 बाथरूम पानी टंकी के साथ निर्माण कार्य। | 21.86700 | 43800 | 5000 | 05 |

9 निविदा आमंत्रण सूचना एवं परिमाण विपत्र की भाषा सांकेतिक है। निविदा से संबंधित विस्तृत शर्त्त, नियम, अर्हता, आग्रधन का रूप अन्य जानकारी के लिए कार्यालय सूचना पट एवं परिमाण विपत्र बिक्री स्थल पर सम्पर्क किया जा सकता है।
उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियता,
नगर विकास प्रमण्डल, औरंगाबाद

PR. No. 017004 (B & C) 2023-24

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्
(भारत सरकार का सवैधानिक निकाय)
नेल्सन मंडेला मार्ग, वसंत कुंज, नई दिल्ली - 110070
फोन नंबर : 011-29581050, 011-29581515

सार्वजनिक सूचना : बीबीए/बीएमएस और बीसीए कार्यक्रम/पाठ्यक्रम संचालित करने वाले सामान्य डिग्री महाविद्यालयों के लिए सुविधा केंद्रों के संबंध में।

अनुमोदन प्रक्रिया पुस्तिका 2024–27 में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार, बीबीए/बीएमएस/बीसीए कार्यक्रम संचालित करने वाले सभी संस्थानों/मानित विश्वविद्यालय संस्थानों द्वारा अभातशिप से अनुमोदन प्राप्त किया जाना आवश्यक है। बीबीए/बीसीए/बीएमएस कार्यक्रम संचालित करने वाले विद्यमान संस्थानों को अभातशिप से अनुमोदन प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने में सहायता देने की सुविधा प्रदान करने के लिए, परिषद ने "आवेदन जमा करने हेतु शिविर" आयोजित करने के लिए देश भर में 100 सुविधा केंद्र स्थापित किए हैं। सुविधा केंद्रों की सूची, संपर्क विवरण, शिविर की तिथियाँ और आवेदनों को सफलतापूर्वक जमा करने के लिए सुविधा केंद्रों पर प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों की सूची *www.aicte-india.org* (लिंक-***https://aicte-india.org/sites/default/files/Approval_Facilitation_Centre.pdf***) पर उपलब्ध है। सभी संस्थाओं/मानित विश्वविद्यालय संस्थाओं से अनुरोध है कि वे अभातशिप की इस सुविधा का लाभ उठाएं ताकि परिषद द्वारा समय पर यह प्रक्रिया पूरी की जा सके।

इसके लिए सभी हितधारक विनिर्दिष्ट किए गए अनुसार अभातशिप पोर्टल (लिंक-***https://www.aicte-india.org/bureaus/approval/approal-process-2024-25***) देख सकते हैं जो कि आवेदन प्रपत्र (फॉर्म) भरने के लिए दिशानिर्देश प्रदान करने के लिए बनाया गया है। हितधारकों द्वारा अभातशिप से अनुमोदन प्राप्त करने पर अभातशिप द्वारा योजनाओं/कार्यक्रमों के रूप में प्रदान किए जाने वाले लाभों को लेने के संबंध में जानकारी अभातशिप के इस पोर्टल पर देखी जा सकती है।

"केन्द्रीय विश्वविद्यालयों/राज्य (सरकारी/निजी) विश्वविद्यालयों को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद से अनुमोदन प्राप्त किया जाना आवश्यक नहीं है, परन्तु यदि वे अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद की योजनाओं/कार्यक्रमों का लाभ लेना चाहते हैं तो उनके द्वारा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद से अनुमोदन प्राप्त किया जाना अपेक्षित है।

प्रो. राजीव कुमार
सदस्य सचिव

Advt. No: Regulation Bureau/AICTE/02(01)/2024

CBC 21300/12/0002/2324

# विराट से जुड़ी गलत खबर देने पर डिविलियर्स ने मांगी माफी





**जोहान्सबर्ग, एजेंसी।** अनुष्का शर्मा इन दिनों अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर चर्चा में हैं। इससे जुड़ी कई खबरें सामने आ चुकी हैं। हालांकि, विराट कोहली और अनुष्का शर्मा ने अब तक ऐसी कोई जानकारी साझा नहीं की है, लेकिन इस बीच दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर एबी डिविलियर्स ने इस खबर पर मुहर लगा दी थी।

मगर, अब वो भी अपने बयान से पलट चुके हैं। एबी डिविलियर्स ने इसके लिए माफी मांग ली है और कहा है कि उनसे बहुत बड़ी गलती हो गई है। डिविलियर्स, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर में अपने कार्यकाल और मैदान के बाहर पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली के खास दोस्त रहे हैं। डिविलियर्स ने कहा, बिल्कुल परिवार पहले आता है, यह प्राथमिकता है, जैसा कि मैंने अपने यूट्यूब शो में कहा था। मैंने उसी समय एक बड़ी गलती की और हां गलत जानकारी साझा की, जो बिल्कुल भी सच नहीं थी। किसी को नहीं पता कि विराट इस समय कहां हैं। विराट के ब्रेक लेने का कारण जो भी हो, आशा है कि वह मजबूती से टीम में वापसी करेंगे। इससे पहले डिविलियर्स ने कहा था कि कोहली दूसरी बार पिता बनने वाले हैं और यह उनका पारिवारिक समय है।

यह भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों को पसंद नहीं आया और उन्होंने इंग्लैंड सीरीज को मिस करने के लिए कोहली की आलोचना की। हालांकि, अब दक्षिण अफ्रीकी स्टार ने अपना बयान बदल दिया और स्थिति को शांत करने की कोशिश की।

इंग्लैंड सीरीज शुरू होने से तीन दिन पहले 22 जनवरी को बीसीसीआई ने घोषणा की कि कोहली व्यक्तिगत कारणों से पहले दो टेस्ट से बाहर हो गए हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि चयनकर्ता अगले मैच के लिए टीम की घोषणा कब करते हैं, और क्या बीसीसीआई कोहली से जुड़ी सही जानकारी साझा करेगा यह भी एक बड़ा सवाल होगा।



## पृथ्वी शॉ ने रणजी ट्रॉफी में वापसी कर मचाई तबाही

**नईदिल्ली, एजेंसी।** चोट के चलते कई घरेलू टूर्नामेंट मिस करने वाले युवा भारतीय सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने रणजी ट्रॉफी में धमाकेदार कमबैक किया है। छत्तीसगढ़ के खिलाफ जारी मुकाबले में उन्होंने पहले ही सेशन में शतक ठोक मेजबान टीम को बैकफुट पर धकेल दिया है। शॉ का यह फर्स्ट क्लास क्रिकेट की 80वीं पारी में 13वां शतक है। शॉ ने छत्तीसगढ़ के खिलाफ 102 गेंदों पर शतक जड़ा। वह अभी तक 13 चौकों के साथ 2 गगनचुंबी छक्के लगा चुके हैं।

- **छत्तीसगढ़ के खिलाफ पहले ही सेशन में ठोकी सेंचुरी**

पृथ्वी शॉ को इंग्लैंड में 2023 वन-डे कप प्रतियोगिता के दौरान घुटने के लिगामेंट में चोट लग गई थी। इसके बाद इस स्टार ओपनर को राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैब के लिए भेजा गया था। शॉ मौजूदा सीजन के लिए मुंबई की शुरुआती टीम का हिस्सा नहीं थे, लेकिन उन्हें बंगाल के खिलाफ पिछले मुकाबले से पहले स्क्वॉड में जोड़ा गया।

पहले मुकाबले में तो शॉ बड़ी पारी नहीं खेल पाए, वह महज 35 के स्कोर पर आउट हो गए, मगर दूसरे मुकाबले में उन्होंने शतक ठोक अपने कमबैक का ऐलान कर दिया है। रायपुर में जारी इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई की शुरुआत शानदार रही और शॉ ने जरा भी समय बर्बाद नहीं किया। उनकी आतिशी बल्लेबाजी के दम पर मुंबई ने 20 ओवर के अंदर बिना कोई विकेट खोए 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया। शॉ के सलामी जोड़ीदार भूपेन लालवानी उनका बखूबी साथ दे रहे हैं। पहले दिन के पहले सेशन में मुंबई ने बिना विकेट खोए 32 ओवर में 140 रन जोड़ लिए हैं।

## भारत की जीत पर बिफरे बांग्लादेशी फैंस ने मचाया हंगामा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेशी प्रशंसकों में रैफरी के अपरंपरागत तरीके से परिणाम तय करने को लेकर नाराजगी थी, जिसके बाद मैदान पर तांडव देखने को मिला। मैच के कमिश्नर ने एक घंटे से अधिक समय के बाद भारतीय टीम के साथ परामर्श के बाद अपना निर्णय बदल दिया। सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप के तहत गुरुवार को खेला गया भारत और बांग्लादेश के बीच मुकाबला विवाद के साथ खत्म हुआ। इस मैच के विजेता का फैसला सिक्का उछालकर दिया गया जिसके बाद बांग्लादेशी फैंस ने मैदान पर बोतलें और पत्थर फेंके। इस अफरातफरी के बीच मैच का नतीजा बदल दिया गया। दरअसल, भारत को टॉस के बाद विजेता घोषित गया था जिससे बांग्लादेशी फैंस नाराज हो गए। मैदान पर मौजूद प्रशंसकों ने भारतीय महिला खिलाड़ियों पर पत्थरबाजी शुरु कर दी जिसके बाद अधिकारियों ने भारतीय खिलाड़ियों को मैदान छोड़ने के लिए कहा।

## तीसरे टेस्ट से पहले भारत को बड़ा झटका? कोहली-जडेजा के बाद अय्यर पर सीरीज से बाहर होने का खतरा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच से पहले टीम इंडिया को एक बहुत बड़ा झटका लगता हुआ नजर आ रहा है। दरअसल, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा के चोटिल होने का नुकसान झेल रही भारतीय टीम को श्रेयस अय्यर के रूप में एक और झटका लग सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, श्रेयस अय्यर सीरीज के आखिरी तीन टेस्ट मैचों से बाहर हो सकते हैं। कहा जा रहा है कि श्रेयस ने प्रैक्टिस के दौरान पीठ में अकड़न और ग्रोइन इंजरी की शिकायत की है जिसके बाद ना सिर्फ तीसरे टेस्ट में बल्कि पूरी सीरीज से उनके बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है।



जानकारी के मुताबिक, विशाखापत्तनम में दूसरा टेस्ट खत्म होने के बाद टीम के सभी खिलाड़ियों की प्लेइंग किट राजकोट पहुंचा दी गई, लेकिन श्रेयस अय्यर की किट राजकोट नहीं पहुंची। बताया जा रहा है कि उनकी किट को मुंबई में उनके घर भेज दिया गया है। अय्यर की इंजरी के चलते ही अगले तीन टेस्ट के लिए टीम की घोषणा टल रही थी.

## आइस पैलेस में पट्टिका लगाकर नीरज को किया सम्मानित, पर्यटकों को चोपड़ा ने दिया अपना भाला



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा को स्विट्जरलैंड के जंगफ्राउजोक में मशहूर 'आइस पैलेस' में पट्टिका लगाकर सम्मानित किया गया। इस आइस पैलेस में कई और स्टार खिलाड़ियों की पट्टिकाएं भी लगी हुई हैं।

स्विट्जरलैंड पर्यटन ने उन्हें सम्मानित किया और चोपड़ा ने इस स्मारक पट्टिका का अनावरण किया। चोपड़ा की शानदार उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए स्विट्जरलैंड पर्यटन ने कहा कि जंगफ्राउजोक ने स्मारक पट्टिका का अनावरण करने के लिए इस एथलीट का स्वागत किया है। जंगफ्राउजोक को 'यूरोप का शिखर' कहा जाता है।

**फेडरर और मैकलरॉय के क्लब में नीरज**

चोपड़ा ने पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए अपना एक भाला भी दिया और इसे पट्टिका के साथ ही रखा गया है। इस तरह वह स्विट्जरलैंड के महान टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर और गोल्फर रोरी मैकलरॉय जैसे स्टार खिलाड़ियों के साथ शामिल हो गए जिनकी भी 'आइस पैलेस' में ऐसी स्मारक पट्टिकाएं हैं। चोपड़ा ने अपने भाला फेंकने के कौशल का प्रदर्शन करके 'आइस पैलेस' में मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने इससे पहले स्विट्जरलैंड में ओलंपिक संग्रहालय को एक भाला उपहार में दिया था। चोपड़ा बोले, इस सम्मान के बारे में सपने में भी नहीं सोचा था

नीरज चोपड़ा ने पट्टिका के अनावरण पर आभार व्यक्त करते हुए कहा, 'इस देश में मुझे जो प्यार और सराहना मिली है, उससे मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैंने सपने में भी इस शानदार 'आइस पैलेस' में पट्टिका लगाए जाने के बारे में नहीं सोचा था, फिर भी मैं यहां हूं। मैं बहुत खुश हूं, जैसे मैं यूरोप के शिखर पर खड़ा हूं।'

## इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने क्लासेन को बताया टी20 का बॉस, भारतीय फैंस ने सूर्या की दिलाई याद

**नई दिल्ली , एजेंसी।** एसए-20 लीग में गुरुवार को क्वालिफायर 2 में डरबन सुपर जायंट्स के लिए खेलते हुए साउथ अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने जोबर्ग सुपर किंग्स के खिलाफ तूफानी अर्धशतक लगाया।

क्लासेन ने 246.67 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 30 गेंद में 74 रन की विस्फोटक पारी खेली। उनकी इस पारी में 3 चौके और 7 छक्के शामिल थे। उनकी इस पारी के बाद इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने क्लासेन को टी20 क्रिकेट का बॉस बताया है।

### क्या कहा पीटरसन ने?

केविन पीटरसन ने क्लासेन की पारी को देखने के बाद एक ट्वीट किया। उन्होंने ट्वीट में कहा, टी20 क्रिकेट में क्लासेन से बेहतर बल्लेबाज दुनिया में कोई नहीं है। क्लासेन बॉस हैं। केविन पीटरसन के इस ट्वीट पर भारतीय फैंस ने सूर्यकुमार यादव की फोटो पोस्ट करना शुरू कर दिया है। फैंस का कहना है कि क्लासेन से बेहतर टी20 बल्लेबाज



सूर्यकुमार यादव हैं। टी20 इंटरनेशनल में क्लासेन का औसत 22.56 का है और सूर्या का औसत 45.55 का है।

### क्लासेन ने खेली तूफानी पारी

हेनरिक क्लासेन ने साउथ अफ्रीका 20 लीग में गुरुवार को दूसरे क्वालीफायर मुकाबले में 74 रन की तूफानी पारी खेली थी। दाएं हाथ के इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने 246.67 के स्ट्राइक रेट के साथ 30 गेंदों पर 74 रन ठोक दिए थे। उन्होंने इस पारी में उन्होंने 7 छक्के और 3 चौके लगाए थे। उन्होंने मुल्डर के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिए 101 रन की साझेदारी की थी।

### कैसा रहा मैच का नतीजा

बात करें मैच की तो डरबन सुपर जायंट्स ने जोबर्ग सुपर किंग्स को 69 रन से हराकर फाइनल में जगह बना ली।

जोबर्ग सुपर किंग्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करने आई डरबन सुपर जायंट्स ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 211 रन स्कोरबोर्ड पर लगा दिए। जवाब में जोबर्ग सुपर किंग्स 17.4 ओवर में 142 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

## रूस की 16 साल की कोर्नीवा ने मुंबई ओपन के दूसरे दौर में श्रीवल्ली को हराया

**नई दिल्ली , एजेंसी।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी श्रीवल्ली भादिमिपति यहां एलएंडटी मुंबई ओपन के दूसरे दौर के मुकाबले में रूस की 16 वर्षीय अलीना कोर्नीवा से हार गईं। कोर्नीवा ने क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (सीसीआई) परिसर में श्रीवल्ली को दो घंटे 25 मिनट तक चले मुकाबले में 5-7, 6-4, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मुंबई ओपन की शीर्ष पांच वरीयता प्राप्त खिलाड़ी प्रतियोगिता से बाहर हो गई हैं, जिससे छठी वरीयता प्राप्त दारजा सेमेनिस्टाजा टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हैं। लातविया की दारजा ने फ्रांस की अमांडाइन हेसे को 2-6, 6-4, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। चौथी वरीयता प्राप्त अरीना रोडियोनोवा और पांचवीं वरीयता प्राप्त लौरा पिगोसी बुधवार को एकल स्पर्धा से बाहर हो गईं। युगल मुकाबलों में सहजा यमलापल्ली और वैष्णवी अदकर की भारतीय जोड़ी दूसरी वरीयता प्राप्त सबरीना सांतामारिया और डेलिला जाकुपोविच से 3-6, 6-7 से हार गई।



## टी20 विश्व कप के कारण आईपीएल का प्रदर्शन अहम, मूडी बोले- अच्छी फॉर्म का खिलाड़ियों को मिलेगा फायदा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अनुभवी कोच टॉम मूडी ने बृहस्पतिवार को यहां कहा कि खिलाड़ियों का आईपीएल और आईएलटी-20 जैसी प्रतिस्पर्धी लीग में प्रदर्शन इस बार काफी मायने रखेगा क्योंकि इसका टी-20 विश्वकप से पहले टीम चयन पर असर पड़ेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का इस चरण का टी-20 विश्वकप जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा।

मूडी ने 'आईएलटी-20' की डेजर्ट वाइपर्स टीम द्वारा कराई गई वर्चुअल बातचीत के दौरान कहा, 'मार्च और मई के बीच खेली जाने वाली आईपीएल के साथ अन्य टी-20 लीग जैसे आईएलटी-20 किसी भी खिलाड़ी के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि कोई भी घरेलू टीम इन टूर्नामेंट में इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखेगी क्योंकि इन लीग में काफी बेहतरीन क्रिकेट खेला जाता है। अगर आप रन जुटा रहे हैं, विकेट झटक रहे हैं और निरंतरता दिखा रहे हैं तो इससे आप अच्छी स्थिति में पहुंच जाते हैं क्योंकि इससे चयन के लिए कठिन फैसले लेने में मदद मिलती है।

## आयोजन समिति ने पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों के लिए पदकों का अनावरण किया

**पेरिस, एजेंसी।** पैरालंपिक और पेरिस 2024 ओलंपिक आयोजन समिति ने गुरुवार को ओलंपिक 2024 के लिए पदकों का अनावरण किया, जो 26 जुलाई से 11 अगस्त तक पेरिस 2024 आयोजन समिति मुख्यालय, सेंट-डेनिस में होने वाला है। पैरालिंपिक 28 अगस्त से 8 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा।

सोने, चांदी और कांस्य पदक के भीतर पेरिस का एक छोटा सा टुकड़ा दिखाया गया है। प्रतिष्ठित एफिल टॉवर का एक टुकड़ा, जो फ्रांस की स्थायी भावना और ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों द्वारा सन्निहित सार्वभौमिक मूल्यों के एक मार्मिक प्रमाण के रूप में कार्य करता है। पेरिस 2024 के



पदक न केवल अपनी सुंदरता में बल्कि परंपरा और अनोखे मिश्रण में भी अलग हैं। जैसा कि पेरिस 2024 आयोजन समिति के अध्यक्ष टोनी एस्टांगुएट ने बताया यह निर्णय इन मेडलों को अद्वितीय और विलक्षण बनाने की इच्छा से लिया गया था÷ ÷इन कीमती धातुओं- सोना, चांदी और कांस्य को एक साथ लाने के प्रयास में बहुत बड़ा काम किया गया था। साल के सबसे बड़े खेल आयोजन के लिए कुल 5084 पदक बनाए गए हैं। इन पदकों को जौहरी चौमेट ने डिजाइन किया है।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान

**कैनबरा, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 29 फरवरी से शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए 14 खिलाड़ियों की टीम का चयन किया है, जिसमें माइकल नेसर को भी शामिल किया गया है। मौजूदा आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप विजेता पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के खिलाफ हालिया घरेलू श्रृंखला वाली टीम के साथ न्यूजीलैंड दौरे पर जाएगा, जिसमें एकमात्र बदलाव नेसर के रूप में है। नेसर को लांस मॉरिस की जगह मौका मिला है जो वेस्टइंडीज के




खिलाफ वनडे सीरीज में चोटिल हो गए थे। साथ ही एक वजह यह भी है कि चयनकर्ता वेलिंगटन और क्राइस्टचर्च में सीम-अनुकूल पिचों की उम्मीद कर रहे हैं। चयनकर्ताओं के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा÷ ÷माइकल नेसर की टीम में वापसी हुई है। यह देखना बहुत अच्छा है कि माइकल नेसर को लंबे समय से उनके लगातार प्रदर्शन और हमारी परिस्थितियों के बाद टीम में एक और मौका मिला है। तेज गेंदबाज पैट कमिंस एक बार फिर श्रृंखला के दौरान टीम का नेतृत्व करेंगे। इस टीम के साथ वो एक मजबूत गेंदबाजी लाइन-अप का नेतृत्व करेंगे जिसमें जोश हेज़लवुड, मिचेल स्टार्क और नाथन लियोन शामिल हैं, जबकि अनुभवी उस्मान ख्वाजा की उप-कप्तान स्टीव स्मिथ के साथ सलामी बल्लेबाज के रूप में अपनी नई भूमिका जारी रखने की उम्मीद है।

ऑस्ट्रेलिया वर्तमान में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप स्टैंडिंग में दूसरे स्थान पर है। इस महीने की शुरुआत में घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका को 285 रन से हराने के बाद न्यूजीलैंड शीर्ष पर है। पहला टेस्ट वेलिंगटन में 29 फरवरी और दूसरा मैच 8 मार्च को क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा।

**ऑस्ट्रेलिया की टीम:**

पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिचेल मार्श, माइकल नेसर, मैथ्यू रैनशॉ, स्टीव स्मिथ (उपकप्तान) और मिचेल स्टार्क।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



## एक नजर

### अज्ञात चोरों ने एक घर से हजारों संपति की चुराई

**गोह (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** गोह के उपहारा थाना क्षेत्र के तेयाप गांव में अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हजारों की संपती पर हाथ साफ कर दिया। मामले में तेयाप बिगहा निवासी स्व. युगेशवर प्रसाद वर्मा के पुत्र छोटू कुमार वर्मा ने बताया कि मैं रोज की तरह अपना तेयाप मोड पर स्थित इलेक्ट्रॉनिक दुकान बंद कर घर चला चला गया था। अपने दोस्त संतोष कुमार के साथ घर मे सोए हुए थे। सुबह जब जागा तो घर मे बिखरा समान देखकर चौंक गया। जब रूम में गया तो सारा सामान इधर उधर देखकर होश उड़ गया। घर में रखा चावल लगभग पांच क्विंटल, धान लगभग 18 मन, बर्तन सहित अन्य सामान गायब था। पीड़ित ने बताया कि चोरी की सूचना पुलिस को दी गई है।

### गोह से अगवा युवती गया से बरामद

**गोह (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** गोह पुलिस ने कई माह पूर्व युवती के अपहरण के मामले में कार्रवाई करते हुए अगवा युवती को गया से बरामद किया है। बरामद करने के बाद युवती को बयान देने के लिए न्यायालय में भेजा गया है।थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि कई माह पूर्व स्थानीय थाना क्षेत्र की एक युवती गया में रहकर पढ़ाई करती थी। इस दौरान गया के एक युवक ने उसके अपहरण करने का प्लान बनाया। जब युवती अपने घर आई तो गोह बाजार से उसे अपहरण कर लिया। मामले में युवती के पिता के बयान पर कांड संख्या 372/23 दर्ज किया गया था। प्राथमिकी में गया के चाकंद निवासी निरंजन कुमार को आरोपी बनाया गया था। इसी मामले में कार्रवाई करते हुए गुप्त सूचना पर अपहृत युवती को गया से बरामद कर बयान को लेकर न्यायालय में भेजा गया है।

### पटना में 16-17 फरवरी को आटो सहित सभी वाहन रहेंगे बंद

**पटना (नि. सं.)।** आल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन बिहार ने राजकुमार झा के नेतृत्व में हिट एंड रन कानून के विरोध में 16 एवं 17 फरवरी को होने वाले चक्का जाम आंदोलन को सफल बनाने के लिए पटना जंक्शन टाटा पार्क आटो स्टैंड से जन जागृति रथ की शुरुआत की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आटो चालक मौजूद थे। जन जागृति रथ में राजकुमार झा, जिला आटो रिक्शा चालक संघ के अध्यक्ष पप्पु यादव, सीटू के उपाध्यक्ष कामरेड अरुण मिश्रा, देवेंद्र तिवारी, बिजली प्रसाद शामिल थे। जन जागृति रथ गुरुवार को पटना से हाजीपुर, महुआ, समस्तीपुर होते हुए बेगूसराय पहुंचेगा। राज कुमार झा ने केंद्र सरकार से मांग किया कि हिट एंड रन कानून को वापस लें। पूरे देश में इसका विरोध हो रहा है। दो दिवसीय हड़ताल से मैट्रिक परीक्षा पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। 15 फरवरी से बिहार में मैट्रिक की परीक्षा है। ऐसे में वाहनों के हड़ताल से बच्चे प्रभावित हो सकते हैं।

### बदला मौसम का मिज़ाज, दिन में धूप और रात में कनकनी

**पटना (नि. सं.)।** बिहार में मौसम का मिजाज बदल गया है। 10 फरवरी के बाद सर्द हवा से बिहार के लोगों को निजात मिलने की सम्भावना है। अगले 48 घंटों में राज्य के न्यूनतम तापमान यानि कि रात्रि के तापमान में कोई विशेष परिवर्तन की नहीं होने की संभावना है लेकिन इसके बाद 3 दिनों में 2-3 °C की वृद्धि का पूर्वानुमान है। अगर दिन के तापमान की बात करें तो अगले 5 दिनों में 2-3 °C की वृद्धि का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग के अनुसार 11 तारीख से मौसम में बड़ा बदलाव होगा और तापमान में वृद्धि दर्ज किया जायेगा।

#### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की हुई समीक्षा बैठक, डीएम ने दिए कई निर्देश

# डीएम ने अवैध क्लिनिकों एवं अल्ट्रासाउंड सेंटरों को चिंहित कर कार्रवाई करने का दिया निर्देश

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा समाहरणालय के सभा कक्ष में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की गई। इस बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा जिला स्तरीय पदाधिकारीयों सहित, जिले के सभी उपाधीक्षक, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, अस्पताल प्रबंधक, स्वास्थ्य प्रबंधक, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक एवं डेवलपमेंट पार्टनर प्रतिनिधियों को विभिन्न समीक्षित बिंदुओं पर निर्देश दिए गए। उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला कार्यक्रम प्रबंधक मो. अनवर आलम द्वारा बताया गया कि जिला पदाधिकारी द्वारा इस विषय पर जोर दिया गया कि सभी स्वास्थ्य संस्थानों की सेवाओं को सुदृढ़ किया जाए तथा निर्धारित समय के अनुसार खुलवाया जाए। इस क्रम में किसी भी स्तर पर होने वाली लापरवाही के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। लिंगानुपात की समीक्षा के क्रम में अवैध क्लिनिकों एवं अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटरों को चिंहित कर विधिसम्मत कार्रवाई करने का निर्देश जिला पदाधिकारी द्वारा दिया गया। इस क्रम में सदर अस्पताल एवं अनुमंडलीय अस्पताल में सिजेरियन सेक्शन की संख्या में कमी को लेकर अप्रसन्नता व्यक्त की गई तथा निर्देश दिया गया कि हर जरूरतमंद को ऑपरेशन की सुविधा मिलनी चाहिए। सदर अस्पताल सहित सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केदो के लिए यह निर्देश दिया गया कि इंज्यूरी एवं पोस्टमार्टम का रिपोर्ट यथाशीघ्र तैयार कराया जाए तथा हर संभव अद्यतन रखा जाए। स्वास्थ्य सेवाओं के कंप्यूटरीकरण की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री डिजिटल हेल्थ योजना का इंप्लीमेंटेशन प्रभावी तरीके से कराने का निर्देश दिया गया। इस क्रम में यदि किसी चिकित्सक को कंप्यूटर संबंधित काम में दिक्कत हो रही हो तो उन्हें हैंड होल्ड सपोर्ट करवाने का निर्देश दिया गया। ओपीडी कार्यों में रुचि नहीं देने वाले चिकित्सकों का वेतन स्थगित रखने का निर्देश दिया। प्रसव पूर्व जांच एवं प्रसव की उपलब्धि में संख्या कम होने को लेकर नबीनगर एवं दाउदनगर के प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरकों का मानदेय स्थगित रखने का निर्देश दिया गया। टीकाकरण सत्रों को निर्धारित कार्य योजना के अनुसार संचालित करने तथा सत्र के दौरान प्रसव पूर्व जांच की व्यवस्था सुदृढ़ करने का निर्देश दिया गया। मिशन बुनियाद के तहत हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के सुदृढ़ीकरण हेतु कार्य योजना की समीक्षा के क्रम में निर्देश दिया गया कि अपर मुख्य सचिव बिहार सरकार स्वास्थ्य विभाग के द्वारा दिए गए निर्देशों का बिंदु बार अनुपालन कराया जाए।

इस बैठक में सिविल सर्जन डॉ रवि भूषण श्रीवास्तव, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. किशोर कुमार, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ मिथिलेश प्रसाद सिंह, जिला लेखा प्रबंधक मोहम्मद अफरोज हैदर, जिला एपिडेमोलॉजिस्ट उपेंद्र कुमार चौबे, डीसीएम आनंद प्रकाश, आरबीएसके कोऑर्डिनेटर नीलम रानी, डीपीसी नागेंद्र कुमार केसरी, जिला एमई पदाधिकारी अविनाश कुमार सहित जिला स्वास्थ्य समिति, औरंगाबाद के तमाम अधिकारी एवं डेवलपमेंट पार्टनर के प्रतिनिधि, सभी उपाधीक्षक, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, अस्पताल प्रबंधक, स्वास्थ्य प्रबंधक, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक एवं अन्यान्य उपस्थित रहे।

# 400 से ज्यादा सीट जीतकर एनडीए तीसरी बार फिर केंद्र में बनाएगी सरकार : चंद्रभूषण सिंह

- लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की जिला इकाई की बैठक पार्टी के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष चंद्रभूषण सिंह उर्फ सोनू सिंह के आवास पर हुई संपन्न

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** शहर के डीएम आवास के सामने स्थित लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की जिला इकाई की एक बैठक आज शुक्रवार को पार्टी के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष चंद्रभूषण सिंह उर्फ सोनू सिंह के आवास पर संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। पार्टी की नीतियों एवं सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाने एवं संगठन के विस्तार में अहम भूमिका निभाकर और उसे हर स्तर पर मजबूती प्रदान करने के कारण जिलाध्यक्ष बनाए जाने के बाद श्री सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अब समय बहुत कम है और हमें अपनी ऊर्जा दुगुने उत्साह से लगाना है। ताकि लोकसभा की दो एवं विधानसभा की छह सीट एनडीए की झोली में डालें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व का डंका पूरे विश्व में बज रहा है और यही कारण है कि हम इस बार लोकसभा की 400 एवं विधानसभा की 200 से अधिक सीटों पर कब्जा जमाकर केंद्र और राज्य में एनडीए की सरकार बनायेंगे।

श्री सिंह ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशन में पार्टी नई सोच के साथ साथ बिहार फर्स्ट और बिहारी फर्स्ट विजन डॉक्यूमेंट के साथ हर वर्ग ले लोगों में अपनी पकड़ बना चुकी है। उन्होंने कहा अब पार्टी के सभी कार्यकर्ता पंचायत स्तर पर जन समस्याओं को दूर करने में लगी हुई है और यह देखने का काम कर रही है कि लोगों के कार्य कहां और किस वजह से रुके हुए है।उसका निराकरण करने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार पर पार्टी की नीति स्पष्ट है और वह जीरो टॉलरेंस के आधार पर काम कर रही है। यदि किसी का काम भ्रष्ट आचरण वाले पदाधिकारियों की वजह से लंबित है तो उसके लिए सड़क पर संघर्ष कर पूरा कराने का काम किया जाएगा। श्री सिंह ने कहा कि पार्टी ने जिस सोच के तहत उन्हें जिलाध्यक्ष की जिम्मेवारी दी है उसे पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ करने में पीछे नहीं हटेंगे। बधाई देने वाले में, अभिषेक सिंह, निखिल सिंह एवं कई लोजपा नेता शामिल थे।

## छात्राओं ने तीन किशोरों पर लगाया मारपीट का आरोप

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह थाना मुख्यालय में दो छात्राओं के साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश मे आया है। मामले में छात्राओं ने थाना मे लिखित शिकायत देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले के अनुसंधान ममें जुट गई है। थाना मे दिए आवेदन मे पीड़ित छात्राओ ने कहा है कि हमलोग कोचिंग से पढ़ाई कर अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान तीन लड़के आए और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। जब कुछ लोग वहां आए तो तीनों आरोपी किशोर भाग गए। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि पीड़ित छात्राओ के बयान पर कांड संख्या 27/24 दर्ज किया गया है। मामले में तीन नाबालिग युवकों को आरोपी बनाया गया है। मामले का अनुसंधान जारी है।

# भाजपा ने शुरु किया चले गांव की ओर अभियान

निज संवाददाता



**ओबरा(औरंगाबाद)।** भाजपा की ओबरा मंडल इकाई ने शुक्रवार को ओबरा मठ बुथ संख्या-321 पर गांव चले अभियान के तहत आम लोगों के साथ बैठक की। बैठक में केंद्र की मोदी सरकार की दर्जनों योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बूथ अध्यक्ष संजय गुप्ता ने की। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष सह सासाराम लोकसभा प्रभारी संजय मेहता ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश विकास कर रहा है। गरीब और मध्यम वर्गीय लोगों को गरीबी रेखा से निकालने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम के बाद राम आजाद मुहल्ला में चाय पर चर्चा करते हुए जीविका समूह की माता-बहनों के साथ बैठक कर जीविका बहनों को केंद्र सरकार के बजट के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। कहा कि नारी सशक्तिकरण की दिशा में जीविका दीदियों के लिए बजट अत्यंत उपयोगी एवं लाभकारी सिद्ध होगा। कार्यक्रम में ओबरा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार उर्फ पप्पू अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक जितेंद्र शर्मा, युगल किशोर पांडेय, अजय नाग, संजय मालाकार, शिवनारायण प्रसाद, मोतीलाल, बिंदेश्वर प्रसाद गुप्ता, जितेंद्र कुशवाहा, रामाधार मेहता, अनिल प्रसाद साहू, अमित प्रसाद साहू, सुनील कुमार स्वर्णकार, अशोक शर्मा, सुबोध मिस्त्री, जीविका समूह की महिलाएं एवं लाभूक उपस्थित रहे। भाजपा चली गांव की ओर।

शुक्रवार को ओबरा प्रखंड अंतर्गत ओबरा मंडल के ओबरा गांव में मठ पर बुथ संख्या 321 में भाजपा द्वारा गांव चले अभियान के तहत केंद्र कि मोदी सर उच्चकार की दर्जनों योजनाओं की जानकारी देते हुए लड़कों के साथ जनसंपर्क स्थापित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बुद्ध अध्यक्ष संजय गुप्ता ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सह सासाराम लोकसभा प्रभारी श्री संजय मेहता ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश विकास कर रहा है और खास करके गरीब और मध्यम वर्गीय लोगों को गरीबी रेखा से निकलने का प्रयास किया जा रहा है।इस कार्यक्रम के उपरांत राम आजाद मोहल्ला में चाय पर चर्चा करते हुए जिविका समूह की माता बहनों के साथ बैठकर जिविका दीदी के लिए बीते दिनों केंद्र सरकार द्वारा जो ऐतिहासिक बजट आया है उसे संदर्भ में जीविका बहनों को विस्तार पूर्वक बताया गया श्री मेहता ने जीविका दीदीओ को संबोधित करते हुए कहा कि नारी सशक्तिकरण की दिशा में जिविका दीदीओ का बजट अत्यंत उपयोगी एवं लाभकारी सिद्ध होगा इस कार्यक्रम में ओबरा मंडल के अध्यक्ष मनोज पप्पू अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक जितेंद्र शर्मा, युगल किशोर पांडे,अजय नाग, संजय मालाकार, शिवनारायण प्रसाद, मोतीलाल, बनेश्वर प्रसाद गुप्ता, जितेंद्र कुशवाहा, रामाधार मेहता, अनिल प्रसाद साहू, अमित प्रसाद साहू, सुनील कुमार स्वर्णकार, अशोक शर्मा, सुबोध मिस्त्री एवं जीविका समूह की महिलाएं मौजूद रही।

## शादी डांस के दौरान हत्या मामले में कोर्ट ने सुनाई आरोपी को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय में एडीजे-10 रत्नेश्वर सिंह की अदालत ने शुक्रवार को ओबरा थाना कांड संख्या-97/19 में सज़ा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए मामले के एकमात्र काराधीन बंदी अभियुक्त रामपुर निवासी अभिषेक कुमार उर्फ अभिषेक गिरि को भादंवि की धारा-302/34 में दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास और 25 हजार के जुर्माना की सजा सुनाई। जुर्माना नही देने पर कोर्ट ने छः माह के अतिरिक्त कारावास की सजा मुकर्रर की है। एपीपी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि अभियुक्त को आर्म्स एक्ट में भी सजा सुनाई गई है। आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-बी) ए में तीन साल की सजा और पांच हजार जुर्माना लगाया है।जुर्माना न देने पर तीन माह अतिरिक्त कारावास होगी। धारा 26 में तीन साल की सजा और पांच हजार जुर्माना, जूर्माना न देने पर तीन माह अतिरिक्त कारावास होगी। आर्म्स एक्ट की धारा 27 में तीन साल की सजा और पांच हजार जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना न देने पर तीन माह अतिरिक्त कारावास होगी। सभी सजाएं साथ साथ चलेंगी। अभियुक्त को 06 फरवरी को दोषी ठहराया गया था। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि सूचक रामपुर निवासी चितरंजन दुबे ने 17 अप्रैल 2019 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। कहा था कि गांव में बारात आई थी। रात 10 बजे कुछ ग्रामीणों के साथ मेरा पुत्र बबलु दुबें भी नाच रहा था। नाचते समय अभियुक्त के साथ बबलु दुबें का विवाद हो गया तो अभियुक्त ने देशी कट्टा से गोली मारकर बबलु दुबें को बुरी तरह से जख्मी कर दिया। सदर अस्पताल से जमुहार अस्पताल गए। बेहतर इलाज के लिए बनारस जाते समय रास्ते में बबलु दुबें की मृत्यु हो गई थी।

## सलैया मिडिल स्कूल में बच्चों को मिले बैग, पाकर खिले चेहरे

निज संवाददाता



**मदनपुर(औरंगाबाद)।** मदनपुर प्रखंड के सलैया स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में शुक्रवार को बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में वर्ग 1 से 3 के बच्चों के बीच एफएलएन स्कूल बैग किट का वितरण किया गया। स्कूल कीट पाकर बच्चें बेहद खुश हुए। स्कूल किट में बैग, वाटर बॉटल, कॉपी, पेन, स्लेट, कलर बॉक्स, पेंसिल बॉक्स, पेंटिंग बुक आदि शामिल है। स्कूल में किट वितरण करते हुए मदनपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमुद रंजन ने बच्चो को इस कीट का सही प्रयोग करने, प्रतिदिन विद्यालय स्कूल किट के साथ आने तथा मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कहा कि अब सरकारी विद्यालयों में काफी कुछ किया जाने लगा है। सभी विद्यालयों में शिक्षक आ गए हैं। बच्चों की उपस्थिति भी बढ़ रही है। अब सरकारी विद्यालय किसी भी तरह से निजी विद्यालय से कम नहीं रह गए है। इस मौके पर सलैया पंचायत के मुखिया मनोज चौधरी ने भी बच्चों के बीच कीट का वितरण करते हुए कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा बहुत अच्छा प्रयास किया जा रहा है। बच्चे पूरी तरह से लाभान्वित हो रहे हैं। सभी बच्चे ससमय विद्यालय आएं। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक राजकुमार प्रसाद गुप्ता ने बताया की बिहार शिक्षा परियोजना द्वारा क्लास 1 से 3 के बच्चों के लिए एफएलएन स्कूल किट दिया जा रहा है। अभी मात्र 70 प्रतिशत बच्चों को ही किट दिया गया है। जल्द ही शेष बच्चों को भी किट उपलब्ध करा दिया जाएगा। इसके लिए अधियाचना भेजी गई है। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक ठाकुर अमरेश प्रसाद, शशिकांत कुमार, प्रतिभा कुमारी, रीता कुमारी, रेखा कुमारी एवं कृति कुमारी आदि मौजूद रहे।

## अशोक राजपथ पर रोक के बावजूद चलाए जा रहे 42 ई- रिक्शा जब्त

**पटना(नि.सं.)।** एनआईटी मोड़ से कारगिल चौक तक अशोक राज पथ पर अवैध ई रिक्शा के परिचालन को लेकर यातायात पुलिस ने गुरुवार को विशेष अभियान चलाया। इस दौरान इस मार्ग पर चलाए जा रहे 42 ई रिक्शा जब्त किए गए। ई-रिक्शा चालकों पर जुर्माना भी लगाया गया। अशोक राज पथ पर डबल डेकर पुल के साथ ही भूमिगत मेट्रो का निर्माण कार्य हो रहा है। सड़क पर जाम ना लगे इसे लेकर इस मार्ग पर ई रिक्शा और आटो चलाने पर प्रतिबंध है। बावजूद इसके एनआईटी मोड़ से कारगिल चौक तक अशोक राज पथ पर भारी संख्या में ई रिक्शा का परिचालन किया जा रहा है। इसके मद्देनजर डीएसपी ट्रैफिक-2 अनिल कुमार के नेतृत्व में गुरुवार को अभियान चलाया गया।

## फाइनेंस कर्मी से मार-पीटकर 1.25 लाख रुपये लूटे अपराधी

- कार से ओवरटेक कर घटना को दिया अंजाम, थाना में कराई प्राथमिकी

निज संवाददाता



**औरंगाबाद।** बिहार के औरंगाबाद में कासमा थाना क्षेत्र के अरथुआ इंजीनियरिंग कॉलेज मोड़ के पास गुरुवार शाम कार सवार बदमाशों ने भारत फाइनेंस कंपनी कार्यालय मदनपुर के एसएम भीम कुमार सिंह से एक लाख 25 हजार रुपये नगदी लूट लिया। बदमाशों ने कर्मी से उसका मोबाइल और बाइक का चाभी छीन लिया। टंडवा थाना क्षेत्र के मनसा बिगहा गांव निवासी फाइनेंस कर्मी कासमा थाना क्षेत्र के धनावां गांव से समूह की बैठक कर राशि को संग्रह कर बाइक से गांव लौट रहे थे। शाम करीब सात बजे जैसे ही इंजीनियरिंग कॉलेज मोड़ के पास पहुंचे कि कार पर सवार बदमाशों ने ओवरटेक कर रोकवाया। बाइक रोकते कार से उतरे तीन की संख्या में रहे बदमाशों ने मारपीट करने लगे। पास रहे रुपये रखा बैग के साथ मोबाइल और बाइक का चाभी छीनकर फरार हो गए। फाइनेंस कर्मी ने घटना की प्राथमिकी थाना में कराया है। पुलिस मामले की प्राथमिकी कर तहकीकात कर रही है। बता दें कि जिले में जीटी रोड से लेकर ग्रामीण सड़कों पर लूटपाट करने वाले बदमाशों का गिरोह सक्रिय हो गया है। पुलिस के द्वारा लूटपाट की घटना में शामिल बदमाशों को पकड़े नहीं जाने के कारण ऐसी घटनाएं हो रही हैं। अपराध नियंत्रण को लेकर सड़कों पर पुलिस की गश्ती केवल दिखावे के लिए होती है।

**क्या बोले ग्रामीण?**

ग्रामीणों के अनुसार अपराध नियंत्रण में रात्रि के समय पुलिस सड़क पर कहीं दिखती नहीं है। दिन में केवल बालू और शराब के पीछे दौड़ती रहती है।

## पुलिस ने गुमशुदा बच्चों को मां को सौंपा



निज संवाददाता

**हसपुरा(औरंगाबाद)।** पटना जिले से गुमशुदा होकर हसपुरा थाना क्षेत्र में आ गए दो बच्चों को पुलिस ने मां को सौंप दिया। मामले में हसपुरा थाना ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बच्चे को बरामद कर सकुशल उनके परिजनों को सुपुर्द किया।

## पत्नी का उत्पीड़न करने वाले पति को कोर्ट ने सुनाया एक साल कैद

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय में एडीजे-3 ब्रजेश कुमार सिंह की अदालत ने शुक्रवार को ओबरा थाना कांड संख्या-171/22 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए अभियुक्त को सज़ा सुनाई। एपीपी वरीय अधिवक्ता महेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि अभियुक्त कझवा निवासी बंटी सिंह को भादंवि धारा-323 में एक साल की सजा सुनाई गई है। चूंकि अभियुक्त घटना के समय से एक साल से अधिक जेल में बंद रह गया था। इसलिए उसे सज़ा सुनाए जाने के बाद जेल में बिताई गई अवधि के आधार पर रिहाई का लाभ दिया गया। कोर्ट ने अभियुक्त से आगे घटना की पुनरावृत्ति नहीं करने का आश्वासन लिया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि बतौर सूचक अभियुक्त की पत्नी रीता देवी ने 27 अप्रैल 2022 को दर्ज कराई प्राथमिकी में कहा था कि 23 अप्रैल को रात 10 बजे उसे पति बंटी सिंह ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट किया। चाकू तथा पहसूल से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। हल्ला सुन ग्रामीणों के जुटने पर धमकी देकर भाग गया। नैहर से पिता और भाई ने आकर सदर अस्पताल में इलाज कराया था। इससे पूर्व भी पति ने नशे में हमला किया था।

## प्रथम पुण्यतिथि पर याद की गईं समाजसेविका अरूण लता सिन्हा



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** प्रख्यात शिक्षाविद् एवं पूर्व प्राचार्य स्मृतिशेष लाला शम्भू नाथ की धर्मपत्नी एवं समाजसेविका अरुण लता सिन्हा की प्रथम पुण्यतिथि पर बारून स्थित उनके आवास पर श्रद्धांजली अर्पित की गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में शिक्षाविद्, राजनीतिज्ञ, समाजसेवियों एवं स्थानीय लोगों ने अरुण लता सिन्हा के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और श्रद्धापूर्वक उन्हें याद किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले में सोनवर्षा वाणी के संपादक श्रीराम अम्बष्ठ, नवबिहार टाइम्स के संपादक डॉ. कमल किशोर, ई. ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव, भारती श्रीवास्तव, सलोनी अम्बष्ट, संजना किशोर, भारती श्रीवास्तव, डॉ. वैभव, डॉ. आयुषी, डॉ. श्रुतिका, डॉ. स्वदीप, सहायक आयुक्त राज्यकर ई. मोनिका, डॉ. मुग्धा, डॉ. साक्षी, संस्कृति, कौस्तुभ, यशी, पूर्व प्रधानाध्यापक दामोदर दास गुप्ता, बद्रीनारायण सिंह, मणि पांडेय, व्यापार मंडल के अध्यक्ष मिथिलेश दीपक, जेपी सेनानी अजय कुमार श्रीवास्तव, अजय कुमार वर्मा सहित कई अन्य लोगों ने स्मृतिशेष अरूण लता सिन्हा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की चर्चा की और कहा कि वे हमेशा जरूरतमंदों की सेवा, मदद के लिए तत्पर रहती थीं।

## 11 फरवरी से वॉलीबॉल टूर्नामेंट का होगा आयोजन

**नवीनगर(औरंगाबाद) (नि.सं.)।** नवीनगर थाना क्षेत्र के नाउर गांव के महात्मा गांधी स्टेडियम परिसर में शहीद संजय दुबे मेमोरियल वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन 11 फरवरी से किया जाएगा। टूर्नामेंट के व्यवस्थापक रवि दुबे ने बताया कि टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए 501 रुपए एंट्री फीस है। इसमें 8 टीमें भाग लेंगी। विजेता टीम को सुनहरा ट्रॉफी के साथ 3100 रूपये से 5100 रुपए के साथ आकर्षक उपहार भी मिलेगा। रनर अप को ट्रॉफी के साथ 1100 रूपये से 2100 रुपए नगद पुरस्कार दिया जाएगा। मैन ऑफ द सीरीज को भी आकर्षक उपहार से सम्मानित किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने में डॉ. सत्येंद्र पांडेय, सुदामा दुबे, ओम प्रकाश सिंह, बैजनाथ पांडेय, कपिल देव पांडेय, विजय शर्मा, बम भोला पांडेय एवं हिमांशु पांडेय समेत कई अन्य लोग जुटे हुए हैं।

# बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् ने जागरूकता कार्यशाला का किया आयोजन

निज संवाददाता




**पटना।** बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा ऊर्जा, पर्यावरण और जल परिषद तथा डब्ल्यूआरआई भारत के संयुक्त तत्वावधान में यूनाईटेड नेशन्स फेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाईमेंट चेंज के अन्तर्गत प्रतिवर्ष होने वाले पक्षों के सम्मेलन के संबंध में शुक्रवार को एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् के अध्यक्ष डॉ. डीके शुक्ला ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 'कॉप सम्मेलन' के जरिये हम जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने की दिशा में आगे बढ़ते हैं। गत कॉप-28 में भी इसी प्रकार से जलवायु परिवर्तन से होने वाले स्वास्थ्य पर प्रभावों को शामिल किया गया है। मानव स्वास्थ्य पर जलवायु परिवर्तन का पड़ने वाला प्रभाव भी एक चिंता का विषय है, जिसपर ध्यान देने की आवश्यकता है। धरती के बढ़ते हुए तापमान को रोकने के लिए ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करना अतिआवश्यक है, जिसका प्रयास सभी क्षेत्रों में किया जा रहा है।

कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों का स्वागत एवं विषय वस्तु से अवगत कराते हुए पर्षद् के वरीय वैज्ञानिक, डॉ. नवीन कुमार ने बताया कि वर्ष 1992 में रिओ सम्मेलन के दौरान यूनाईटेड नेशन्स फ्रेमवर्क कन्वेनशन ऑन क्लाईमेंट चेंज की शुरूआत हुई एवं वर्ष 1994 से इसे लागू किया गया। इस कन्वेनशन के अंतर्गत सभी प्रतिभागी देशों ने यह तय किया कि बढ़ते वैश्विक तापमान एवं जलवायु परिवत्तन को रोकने हेतु पूरे विश्व को साथ मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। सभी के द्वारा मानव जनित कारणों से ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी लाने की आवश्यकता है और इसके लिए एकजुट होकर प्रयास किया जाय। इसी उद्देश्य से प्रतिवर्ष सभी देशों, जो इस सम्मेलन में शामिल है, का एक पार्टियों का सम्मेलन-सीओपी का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। अभी इस कन्वेंशन में सभी प्रमुख देशों समेत 198 देश शामिल हैं। उन्होंने ने कहा कि इस वैश्विक प्रयास में सभी नागरिकों का सहयोग अपेक्षित है। काउन्सिल ऑन इनर्जी, इन्वायरमेंट एण्ड वाटर के विशेषज्ञ डॉ वैभव चर्तुवेदी ने बताया कि यदि वैश्विक तापमान को 2 डिग्री सेंल्सियस से अधिक नहीं बढ़ने देना है तो पूरे विश्व के पास समेकित रूप से मात्र 1000 गीगा टन कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जित किये जाने की सीमा सीमित है। पेरिस समझौते में लिये गये निर्णयानुसार पूरे विश्व ने वैश्विक तापमान को जहां तक संभव हो, 1.5 डिग्री सेंटीग्रेड से 2 डिग्री सेंटीग्रेड से अधिक वृद्धि नहीं होने का प्रयास रखने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि 1850 की तुलना में औद्योगिकरण एवं अन्य मानव जनित कारणों से उत्सर्जित ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन के कारण वैश्विक तापमान में 1.1 सेंटीग्रेड की वृद्धि देखी जा चुकी है। अतः आवश्यकता है कि सभी क्षेत्रों में ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को कम से कम किया जाय। उन्होंने अबतक सम्पन्न हुए सभी 28 कॉप सम्मेलन की प्रमुख उपलब्धियाँ भी साझा की।

डब्ल्यूआरआई भारत की कार्यकारी निदेशिका उल्का केलकर ने गत वर्ष दुबई शहर में सम्पन्न कॉप के 28वें सम्मेलन में भाग लेने के दौरान वहां हो रहे विकास एवं सम्पन्नता को देखते हुए अपने अनुभव साझा किया कि मानव जाति किसी भी परिस्थिति को अपना अनुकूल ढ़ालने की क्षमता रखता है। जलवायु परिवत्तन का सबसे ज्यादा प्रभाव आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को प्रभावित करता है जबकि आर्थिक रूप से सम्पन्न लोग परिस्थितियों को अपने अनुरूप ढ़ाल सकने में सक्षम होते हैं। बिहार राज्य ने जलवायु परिवत्तन के प्रभावों से निपटने के लिये न्यून कार्बन पद्वति विकसित करने हेतु अध्ययन की शुरूआत कर इस दिशा में एक अच्छी पहल की है। राज्य में जलवायु अनुकूल जीवन शैली को प्रोत्साहित कर, सहनयोग्य विकास, लोक परिवहन, नवीकरणीय उर्जा तथा विभिन्न प्रकार के अपशिष्टों के पुर्नचक्रण को बढ़ावा देकर लक्ष्य प्राप्ति की ओर अग्रसर हुआ जा सकता है। पर्षद् के वैज्ञानिक सलाहकार एसएन जायसवाल ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि बिहार राज्य जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के प्रति संवेदनशील है, राज्य में जलवायु अनुकूल कृषि को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम अपेक्षित है।